पारा आपडेट
मैक्सिमम 22.00 | मिनीमम 8.00
सूर्यास्त (आज) ▸ 17.04
सूर्योदय (कल) ▸ 06.20

बोकारो से प्रकाशित

सेंसेक्स 81,289.96 ● निफ्टी 24,548.70 ● डॉलर 84.89 ₹ ●सोना 78,280 ₹● चांदी 1,04,000 ₹

पेज 06 विपक्षी दल मतदाताओं से हार जाते... पेज 08 बांग्लादेश में अशांति, कोलकाता...

हिन्दी दैनिक

# झारखंड दर्शन

हर खबर पर नजर

मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष त्रयोदशी संवत 2082

पेज 12



RNI No. : JHAHIN/2018/76658 | बोकारो, शुक्रवार 13 दिसंबर 2024 ● पृष्ठ : 12 मूल्य : 2/- रुपया ● वर्ष : 07 अंक : 160 | Email : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### बीजापुर से 20 किलो के तीन आईईडी बरामद, किया निष्क्रिय

**बीजापुर।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत सीआरपीएफ, डीआरजी बीजापुर और बीडीएस की संयुक्त टीम ने थाना तर्रेम और गंगालूर क्षेत्र से नक्सलियों द्वारा लगाये गये 20 किलो के तीन आईईडी को जवानों ने बरामद किया है। आईईडी प्रेशर स्विच सिस्टम से लगाया गया था, जिसे बीडीएस बीजापुर की टीम एवं सीआरपीएफ170वीं बटालियन की बीडीएस टीम के द्वारा मौके पर सुरक्षित रूप से नष्ट कर नक्सलियों के नापाक मंसूबे को विफल कर दिया है। बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव ने बताया कि गंगालुर थाना में डीआरजी बीजापुर व बीडीएस बीजपुर की संसुक्त टीम बुधवार को सर्चिंग अभियान पर निकली थी। अभियान के दौरान टीम ने मुनगा जाने वाले पगडंडी रास्ते से 10 किलो का आईईडी बरामद किया, जिसे बीडीएस बीजापुर की टीम ने मौके पर ही सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय कर दिया। वहीं तर्रेम थाना क्षेत्र के कोंडापल्ली छुटवाई मार्ग से 5 -5 किलो के दो आईईडी बरामद किये, जिसे 170वीं बटालियन की बीडीएस टीम ने निष्क्रिय कर दिया।

### सुकमा में एनआईए की दो जगह छापेमारी, कार्रवाई जारी

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में एनआईए ने गुरुवार को दो जगह पर छापेमारी कर रही है। तड़के 5 बजे दो ठिकानों पर टीम ने दबिश दी है। आज तड़के एनआईए की टीम जिला मुख्यालय स्थित मंतोष मंडल और एक अन्य महिला के घर दबिश दी। एनआईए की टीम सुबह से दोनों के घर में छानबीन कर रही है। मंतोष मंडल पर नक्सलियों के सहयोगी और शहरी नेटवर्क का आरोप लगा था। उसे 25 सितंबर के दिन स्थानीय पुलिस ने भेज्जी इलाके से नक्सल मामले में गिरफ्तार किया था। उसके बाद एनआईए की टीम लगातार उससे पूछताछ कर रही थी।

### आतंकी फंडिंग मामले में जम्मू-कश्मीर में कई स्थानों पर एनआईए की छापेमारी

**अनंतनाग।** आतंकी फंडिंग मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर में कई जगहों पर छापेमारी की। छापेमारी की कार्यवाही फिलहाल जारी है। अधिकारियों ने बताया कि एनआईए ने जम्मू-कश्मीर में बारामुला, रियासी, बडगाम और अनंतनाग जिलों सहित कई दूसरी जगहों पर भी छापेमारी की। उन्होंने बताया कि आतंकी फंडिंग मामले में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर सहित 4 राज्यों के 19 जगहों पर छापेमारी की जा रही है। छापेमारी फिलहाल जारी है और कार्यवाही पूरी होने पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

### सांसद इंजीनियर रशीद की अंतरिम जमानत याचिका पर 13 को सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने गुरुवार को टेरर फंडिंग मामले में सांसद इंजीनियर रशीद की अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई टाल दी। प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज विमल यादव के उपलब्ध नहीं होने की वजह से सुनवाई नहीं हो पाई। अब जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 13 दिसंबर को होगी। रशीद ने पटियाला हाउस कोर्ट में याचिका दायर कर संसद के शीतकालीन सत्र में शामिल होने के लिए अंतरिम जमानत देने की मांग की है। सांसद रशीद ने वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए कोर्ट में पेश होकर कहा था कि संसद के पिछले सत्र में मुझे हिस्सा नहीं लेने दिया गया, इसलिए उसे संसद सत्र में हिस्सा लेने के लिए अंतरिम जमानत दी जाए।

# सुप्रीम कोर्ट अब मंदिर-मस्जिद से जुड़ा नया मामला स्वीकार नहीं करेगा

## ● प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट पर सीजेआई ने केंद्र से 4 हफ्तों में मांगा जवाब

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट पर सुनवाई होने तक कोई भी कोर्ट मंदिर-मस्जिद से जुड़ा नया मामला स्वीकार नहीं करेगा। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने गुरुवार को केंद्र सरकार से 4 हफ्तों में जवाब मांगा है। कोर्ट ने कहा कि केंद्र का जवाब आने तक हम इस मामले पर सुनवाई नहीं कर सकते हैं। कोर्ट ने सरकार से कहा कि आप जवाब दायर कीजिए और सभी पक्षकारों को उसकी कॉपी उपलब्ध कराइए। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में अब कोई नई याचिका स्वीकार नहीं की जाएगी।



दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में राजनीतिक दल सीपीआईएम, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग, एनसीपी शरद पवार गुट के विधायक जीतेंद्र आव्हाड, आरजेडी के सांसद मनोज कुमार झा, सांसद थोल तिरुमावलन के अलावा वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद प्रबंधन कमेटी और मथुरा के शाही ईदगाह मस्जिद प्रबंधन कमेटी ने हस्तक्षेप याचिका दायर कर प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट का समर्थन किया है।

इससे पहले 9 सितंबर, 2022 को कोर्ट ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया था। कोर्ट ने जमीयत उलेमा ए हिंद की कानून के समर्थन में दाखिल याचिका पर भी नोटिस जारी किया था। प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट को चुनौती देते हुए काशी नरेश विभूति नारायण सिंह की बेटी कुमारी कृष्ण प्रिया, वकील करुणेश कुमार शुक्ला, रिटायर्ड कर्नल अनिल कबोत्रा, मथुरा के धर्मगुरु देवकीनंदन ठाकुर, वकील रुद्र विक्रम सिंह और वाराणसी के स्वामी जितेंद्रानंद ने याचिकाएं दायर की हैं।

### 15 अगस्त, 1947 की मनमानी कटऑफ तारीख तय कर अवैध निर्माण को वैधता दी गई

प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट को चुनौती देने वाली याचिकाओं में कहा गया है कि यह कानून विदेशी आक्रमणकारियों द्वारा अवैध तरीके से पौराणिक पूजा, तीर्थस्थलों पर कब्जा करने को कानूनी दर्जा देता है। याचिका में कहा गया है कि हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध को अपने धार्मिक स्थलों पर पूजा करने से रोकता है। याचिका में कहा गया है कि 15 अगस्त, 1947 की मनमानी कटऑफ तारीख तय कर अवैध निर्माण को वैधता दी गई। याचिका में कहा गया है कि प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट की धारा 2, 3 और 4 असंवैधानिक है। ये धाराएं संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 21, 25, 26 और 29 का उल्लंघन करती हैं। ये धाराएं धर्मनिरपेक्षता पर चोट पहुंचाती हैं, जो संविधान के प्रस्तावना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। याचिका में कहा गया है कि सरकार को किसी समुदाय से लगाव या द्वेष नहीं रखना चाहिए, लेकिन उसने हिंदू, जैन, बौद्ध, सिख को अपना हक मांगने से रोकने का कानून बनाया है।

राज्यपाल के अभिभाषण पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा-

# वर्ष 2019 के बाद से ही राज्य में दिखा परिवर्तन

संवाददाता

**रांची।** छठी झारखंड विधानसभा के प्रथम सत्र के अंतिम दिन गुरुवार को राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि इससे पूर्व जितने भी अभिभाषण हुए, उनमें यह सबसे छोटा और अधिक दूरदर्शिता के साथ दिखाया गया है। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य आंदोलन की उपज है। खून से सींचा गया राज्य है। यहां के लोग स्वाभिमानी हैं। जो ठान लेते हैं, वो तब तक नहीं रुकते, जब तक मंजिल न मिल जाए।

#### सीपी सिंह पर साधा निशाना

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2019 के बाद से परिवर्तन दिखा है। चाहे आधारभूत संरचना हो, पर्यटन हो या रोजगार सृजन हो। झारखंड देश का पहला राज्य है जहां श्रमिकों के लिए बेहतर कानून बनाया गया है। उन्होंने भाजपा विधायक सीपी सिंह पर निशाना साधते हुए कहा कि वे बुर्जुग हो गए हैं। शहर को नया आयाम देने का काम किया गया है। रांची का चहुंमुखी विकास हुआ है। हर दिन एक नया अध्याय इस राज्य में जुड़ेगा। ये सरकार प्रोजेक्ट भवन से नहीं बल्कि गांव से चलने वाली सरकार है। गांव की अर्थव्यवस्था नहीं बढ़ेगी तो राज्य के सर्वांगीण विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। पूर्व में भी काम किया है आगे भी काम करेंगे।



### 2019 तक दलदल में धकेलने का हुआ प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के बड़े-बड़े उद्योग, बोकारो, एचईसी, सिंदरी खाद कारखाना लगे। यह उस समय की बात है, जब देश को टाटा-बिड़ला के नाम से जाना जाता था। इसके बावजूद लोग भूमिहीन, बेरोजगार और विस्थापित होने लगे। हमें गर्व है, उन महापुरूषों पर जिन्होंने अपना लक्ष्य साधे रखा। लंबी लड़ाई लड़ी। 2000 में नया राज्य बना। यह सही है कि अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने नए राज्य पर मुहर लगाई लेकिन अलग राज्य की लड़ाई में दस महीने नहीं, वर्षों बरस लग गए। इस पीड़ा को हम लोगों से अधिक कोई नहीं समझ सकता। 2019 तक इस राज्य को दलदल में धकेलने का ऐसा प्रयास किया गया कि दोबारा उबर नहीं सके। 2019 में गठबंधन की सरकार बनी। इसके बाद भी सत्ता से बेदखल करने के कई हथकंडे अपनाए गए। आज दोबारा सरकार को इस मुकाम में पहुंचाने में जनता की भूमिका है।

मुख्यमंत्री के आदेश के बाद कैमरून में फंसे श्रमिकों के मामले में कार्रवाई शुरू

# श्रमिकों को कैमरून भेजने वाले नियोजकों पर प्राथमिकी दर्ज

वरीय संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश के बाद कैमरून (मध्य अफ्रीका) में फंसे झारखंड के श्रमिकों के वेतन भुगतान की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने कैमरून में फंसे झारखंड के 47 प्रवासी श्रमिकों के वेतन भुगतान नहीं किए जाने के संदर्भ में प्राप्त शिकायत पर श्रमायुक्त को निर्देश दिया कि नियोजकों, नियोक्ताओं और मिडिलमैन के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद गुरुवार को श्रमायुक्त ने नियोजकों, नियोक्ताओं और मिडिलमैन के विरुद्ध हजारीबाग, बोकारो और गिरिडीह में प्राथमिकी दर्ज करा दी है। प्राथमिकी में इस बात का भी जिक्र किया गया है कि नियोजकों, नियोक्ताओं और मिडिलमैन के जरिये उक्त श्रमिकों को अन्तरराज्यीय प्रवासी श्रमिक (नियोजन का विनियमन और सेवा शर्त) अधिनियम, 1979 के तहत बिना प्रवासी मजदूर के रूप में निबंधन कराये और बगैर लाइसेंस प्राप्त किए, धोखे से और जालसाजी कर मध्य अफ्रीका स्थित कैमरून भेजा गया है जो गैरकानूनी है।



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को विगत दिनों जानकारी प्राप्त हुई कि झारखंड के कुछ श्रमिक एम/एस ट्रांसरेल लाइटिंग लिमिटेड कैमरून, सेंट्रल अफ्रीका में कार्यरत हैं। इन सभी श्रमिकों का तीन माह का वेतन लंबित है और वे भारत वापसी की मांग कर रहे हैं। मामले की जानकारी के बाद मुख्यमंत्री ने राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया।

### वेतन भुगतान की प्रक्रिया शुरू

मुख्यमंत्री के आदेश के बाद श्रमायुक्त के दिशा निर्देश में राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने श्रमिकों और संबंधित कंपनी से संपर्क किया। कंपनी ने बताया कि श्रमिकों को 100 डॉलर प्रति माह का भुगतान किया गया है और बाकी बकाया राशि उनके भारतीय खातों में ट्रांसफर की जाएगी। श्रमिकों ने इस भुगतान की पुष्टि की है। श्रमायुक्त के निर्देश पर राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने कंपनी को अनुबंध की प्रति, वेतन भुगतान की जानकारी और अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करने का निर्देश एवं श्रम विभाग ने पीओई रांची और अन्य संबंधित विभागों को पत्र भेजा है और आवश्यक कार्रवाई का अनुरोध किया है। कंपनी से कंट्रोल रूम ने पुनः संपर्क किया है। उन्होंने मामले के शीघ्र निपटारे का आश्वासन दिया है, जिसके अनुसार उप-कॉन्ट्रेक्टर से बातचीत कर श्रमिकों के बकाया वेतन भुगतान का समाधान किया जाएगा। बकाया राशि उनके भारतीय खातों में ट्रांसफर की जाएगी।

### सुरक्षित वापसी के हो रहे प्रयास

भारत सरकार ने सूचित किया है कि एम/एस ट्रांसरेल कंपनी श्रमिकों के साथ बातचीत कर रही है और इन फंसे हुए श्रमिकों की सुरक्षित वापसी, उनके लंबित भुगतान और दस्तावेजों का समाधान करेगी। कंट्रोल रूम टीम लगातार ईमेल और फोन के माध्यम से अधिकारियों और श्रमिकों से संपर्क कर सुरक्षित वापसी के प्रयासों में लगी है। यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि ठेकेदार वेतन भुगतान करने में असफल होंगे तो उनके साथ समझौता रद्द किया जायेगा।

# प्रदीप यादव बने कांग्रेस विधायक दल के नेता

संवाददाता

**रांची।** झारखंड कांग्रेस के विधायक दल का नेता कौन होगा, इस पर सस्पेंस खत्म हो गया है। पार्टी आलाकमान ने पोड़ैयाहाट से विधायक प्रदीप यादव के नाम पर मुहर लगा दी है। इसके अलावा राजेश कच्छप को विधायक दल का उपनेता बनाया गया है। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने विधानसभा स्पीकर रबींद्रनाथ महतो से मुलाकात कर बंद लिफाफ में इन दोनों के नाम सौंप दिया है। दूसरी तरफ झामुमो ने भी विधायक मथुरा प्रसाद महतो को बड़ी जिम्मेदारी दी है।




### मथुरा प्रसाद महतो को झामुमो ने मुख्य सचेतक बनाया

कांग्रेस के साथ-साथ झामुमो ने भी मुख्य सचेतक के नाम पर मुहर लगा दी है। टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो को पार्टी का मुख्य सचेतक बनाया गया है। गौरतलब है कि मथुरा प्रसाद के नाम की चर्चा कैबिनेट मंत्री के लिए भी चल रहा था। लेकिन पार्टी ने गोमिया से विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो को मंत्री बना दिया। वह हेमंत सरकार में पेयजल मंत्री बनाये गये हैं। इसके साथ-साथ उनके पास मध निषेध विभाग का भी प्रभार है।

छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों को मिली बड़ी कामयाबी

# सात नक्सलियों को मार गिराया, शव बरामद

## ● मुठभेड़ स्थल से कई ऑटोमैटिक हथियार और नक्सली सामान भी बरामद किया गया

एजेंसी

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा और नारायणपुर जिले के दक्षिण अबूझमाड़ इलाके में गुरुवार को सुरक्षाबलों ने 7 नक्सलियों को मार गिराया। सभी नक्सलियों के शव भी बरामद कर लिए गए हैं। बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया है कि यह एक संयुक्त ऑपरेशन है, जिसमें सभी बलों ने मिलकर नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई की है। इस दौरान उनके पास से कई ऑटोमैटिक हथियार और नक्सली सामान भी बरामद किया गया है। अभी भी मुठभेड़ जारी है। बस्तर में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के दौरे से पहले यह कार्रवाई की गई है।

दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय और नारायणपुर एसपी प्रभात कुमार ने जानकारी दी है कि अबूझमाड़ के दक्षिणी क्षेत्र में पूर्वी बस्तर डिवीजन और इंद्रावती एरिया कमेटी के 50 से 60 नक्सलियों (माओवादियों) की मौजूदगी की सूचना मिली थी। इसके बाद 10 दिसंबर को नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बस्तर और कोंडागांव जिले की डीआरजी टीम के साथ एसटीएफ और सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी को दक्षिण अबूझमाड़ क्षेत्र में रवाना किया गया था। आज गुरुवार सुबह 3 बजे से 4 जिलों का संयुक्त नक्सल ऑपरेशन शुरू हुआ, यह अभी चल रहा है। अब तक सात वदीर्धारी नक्सलियों के शव बरामद हो चुके हैं। इनके पास से कई ऑटोमैटिक हथियार और नक्सली सामान बरामद किया गया है। मुठभेड़ और सर्च अभियान अभी भी जारी है। अभी भी नक्सलियों और सुरक्षाबलों के बीच रुक-रुक कर मुठभेड़ चल रही है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने ट्वीट में कहा, 'बहादुर जवानों के अदम्य साहस और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार नक्सलवाद के खात्मे के लिए प्रतिबद्ध है।'

**द्विपक्षीय वार्ता** › द्विपक्षीय सुरक्षा चुनौतियों के क्षेत्रों में रणनीतिक रक्षा सहयोग बढ़ाने पर हुई चर्चा

# भारत-ग्रीस सैन्य संबंध करेंगे मजबूत, सूचनाएं करेंगे साझा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत और ग्रीस सैन्य संबंधों को मजबूत करने के लिए आपसी सूचनाओं को एक-दूसरे से साझा करने पर सहमत हुए हैं। ग्रीस की दो दिवसीय यात्रा पर गए भारतीय रक्षा खुफिया एजेंसी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल डीएस राणा ने ग्रीस के हेलेनिक नेशनल डिफेंस जनरल स्टाफ के प्रमुख जनरल दिमित्रियोस चौपिस से मुलाकात की। दोनों अधिकारियों के बीच आपसी हितों और द्विपक्षीय सुरक्षा चुनौतियों के क्षेत्रों में रणनीतिक रक्षा सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई।

भारत और ग्रीस के सैन्य खुफिया विभाग ने सहयोग बढ़ाने और खुफिया जानकारी साझा करने पर चर्चा के लिए उच्चस्तरीय बैठक की। राणा ने अपने समकक्ष हेलेनिक नेशनल डिफेंस जनरल स्टाफ के अन्य निदेशकों के साथ भी बातचीत की और ग्रीस के साथ मजबूत सैन्य संबंधों को बढ़ावा देते हुए सूचना साझा करने और साझा राष्ट्रीय हितों पर विचार-विमर्श किया। ग्रीस की यात्रा पर गए लेफ्टिनेंट जनरल डीएस राणा ने 10-11 दिसंबर को वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व के साथ बातचीत की, जिसमें रक्षा उप प्रमुख वाइस एडमिरल क्रिस्टोस सासियाकोस और हेलेनिक नेशनल डिफेंस जनरल स्टाफ के निदेशक भी शामिल हुए।



इसके अलावा लेफ्टिनेंट जनरल राणा ने अंतरराष्ट्रीय संबंध संस्थान की ओर से आयोजित एक थिंक-टैंक बातचीत में महत्वपूर्ण रक्षा और रणनीतिक मुद्दों पर विशेषज्ञों के साथ बातचीत की। उन्होंने भारत के रक्षा संबंधों पर चर्चा करने के लिए ग्रीस में भारत के राजदूत रुद्रेंद्र टंडन के साथ भी बातचीत की। इस यात्रा में साझा सुरक्षा चुनौतियों का समाधान करने और आपसी समझ को मजबूत करने के उद्देश्य से केंद्रित चचाएं हुईं। उनकी यह यात्रा ग्रीस के साथ गहरे रक्षा संबंधों को बढ़ावा देने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए समकालीन सुरक्षा चिंताओं को दूर करने में रणनीतिक साझेदारी के महत्व के लिहाज से महत्वपूर्ण रही। इससे पहले सितंबर में नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने सलामिस नौसेना बेस पर ग्रीस के हेलेनिक नेशनल डिफेंस जनरल स्टाफ के प्रमुख जनरल दिमित्रियोस चौपिस के साथ बैठक की थी। इसमें रणनीतिक और परिचालन संबंधों को मजबूत करने, द्विपक्षीय सैन्य सहयोग बढ़ाने और उभरती समुद्री चुनौतियों से निपटने पर चर्चा हुई थी। दोनों अधिकारियों ने विशिष्ट प्रौद्योगिकियों और उन्नत पाठ्यक्रमों में क्रॉस-ट्रेनिंग के अवसरों पर वार्ता की थी। ग्रीस यात्रा के दौरान एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने वाइस एडमिरल पॉलीक्रोनिस कोलोरिस से बातचीत में परिचालन संबंधी चर्चा की।

# झारखंड विधानसभा में 11,697 करोड़ का अनुपूरक बजट पारित

संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा सत्र के चौथे एवं अंतिम दिन गुरुवार को वर्ष 2024-25 के लिए 11697.45 करोड़ रुपये का द्वितीय अनुपूरक बजट ध्वनिमत से पारित हो गया। मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी सहित उनके सहयोगी दलों के विधायकों ने सरकार के उत्तर से नाराज होकर सदन का बहिर्गमन किया। इस बीच अनुपूरक बजट के साथ ही तत्संबंधी विनियोग विधेयक को भी सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी प्रदान कर दी। भाजपा के सत्येंद्र नाथ तिवारी के कटौती प्रस्ताव को नामंजूर कर दिया गया।

राज्य के वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सदन में अनुपूरक बजट पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए द्वितीय अनुपूरक बजट की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने साफ किया कि किसी विभाग की राशि को सरेंडर नहीं किया गया है जबकि चुनावी वर्ष में जिन विभागों की ओर से राशि खर्च करने में असमर्थता जताई गई, उसका उपयोग मंईयां सम्मान योजना और मुफ्त बिजली बिल के लिए इस्मेताल किया गया। अनुपूरक बजट पारित होने के बाद विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्रनाथ महतो ने अपने समापन भाषण में कहा कि इस सत्र में नवनिर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण हुआ। इसके अलावा राज्यपाल का अभिभाषण और अनुपूरक बजट पर वाद-विवाद के बाद इसे मंजूरी दी गई।

## संक्षिप्त खबरें

### हाई कोर्ट ने निशिकांत दुबे को दी बड़ी राहत

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट से गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे को बड़ी राहत मिली है। पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान झामुमो का झंडा हटाकर भाजपा का झंडा लगाने से जुड़ी प्राथमिकी को हाई कोर्ट ने निरस्त करने का आदेश दिया है। इस संबंध में बुढ़इ थाना में मामला दर्ज है। इसे रद्द करने के लिए सांसद निशिकांत दुबे ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इस मामले की सुनवाई गुरुवार को हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में हुई। निशिकांत दुबे की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव, पार्थ जालान और शिवानी जालूका ने बहस की।

### पूर्व डीसी छवि रंजन की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** सेना के कब्जे वाली जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री से जुड़े मामले के आरोपित रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को पीएमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार की अदालत ने जमानत देने से इनकार कर दिया है। इससे पूर्व नौ दिसंबर को सभी पक्षों की ओर से सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। गुरुवार को कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए जमानत याचिका खारिज कर दी। इस मामले में ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने बहस की। ईडी ने इस संबंध में कांड संख्या 01/2023 दर्ज की है। इस मामले की अब तक की जांच में अमित अग्रवाल, दिलीप घोष ,रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, बड़ागाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, कथित रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम की गिरफ्तारी हो चुकी है। सभी आरोपित फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

### केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ विशेष अलंकरण समारोह में सम्मिलित हुए



**रांची।** राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली में भारत सरकार के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ विशेष अलंकरण समारोह में सम्मिलित हुए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नेपाल के सेनाध्यक्ष जनरल अशोक राज सिगडेल को भारतीय सेना के जनरल की मानद रैंक प्रदान की। यह रैंक उन्हें सराहनीय सैन्य कौशल और भारत के साथ नेपाल के दीर्घकालिक और मैत्रीपूर्ण सम्बंधों को और आगे बढ़ाने में उनके अतुलनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया।

### जिला, प्रखंड स्तर पर होगा मेगा लीगल इम्पावरमेंट कैंप का आयोजन 22 को

**रांची।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से रांची में जिला एवं प्रखंड स्तर पर मेगा लीगल इम्पावरमेंट कैंप का आयोजन किया जायेगा। यह कैंप 22 दिसंगर को जिला के सभी प्रखण्डों में शिविर आयोजित किये जायेंगे, साथ ही ओरमांझी प्रखण्ड में जिलास्तरीय कैंप का आयोजन किया जायेगा। शिविर के सफल आयोजन को लेकर उपायुक्त, मंजूनाथ भजंत्री द्वारा जिला के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये हैं। उपायुक्त द्वारा योग्य महिला, बच्चे, अनुसूचित जाति, जनजाति वृद्धों, विधवा, किसानों, आपराधिक गतिविधियों एवं अन्य मानव निर्मित या प्राकृतिक आपदाओं आदि से पीड़ित लोगों की पहचान कर शिविर में अपने-अपने स्टॉल लगाते हुए प्राप्त आवेदनों का निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा गया है।

### पांकी विधायक बैठे धरना पर



**रांची।** पांकी विधायक शशि भूषण मेहता बालू की कमी के कारण पीएम आवास और अबुआ आवास का निर्माण कार्य ठप होने के मुद्दे को लेकर गुरुवार को सदन के बाहर धरने पर बैठ गये। विधायक का कहना है कि सरकार इसे गंभीरता से लेते हुए बालू मुफ्त उपलब्ध कराये, जिससे कि पीएम आवास अबुआ आवास का निर्माण हो सके।.सदन शुरू होने से पहले बाहर में विपक्षी विधायकों ने कहा कि वे बालू का मुद्दा सदन के अंदर उठायेंगे।

### 6 दिवसीय आवासीय प्राकृतिक चिकित्सा शिविर 7 से

**रांची।** पवित्रम सेवा परिवार के तत्वाधान में आगामी 7 से 12 जनवरी तक 6 दिवसीय आवासीय प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन कोयलांचल धनबाद के शंभू धर्मशाला एवं अग्रेसन भवन मे किया जा रहा है। इस शिविर में देश के विभिन्न स्थानों से कई प्रमुख चिकित्सा विशेषज्ञ शामिल होंगे तथा चिकित्सा टीम में महिला एवं पुरुष दोनों चिकित्सक रहेंगे। शिविर का मुख्य मार्गदर्शन पुण्य तीर्थ आंवल खेड़ा, मथुरा गायत्री परिवार का रहेगा। इस 6 दिवसीय आवासीय उपचार शिविर का उद्देश्य आहार, जीवन शैली को ठीक करते हुए प्राकृतिक चिकित्सा शैलियों के माध्यम से शरीर को पूर्ण रूप से स्वस्थ करना है शिविर मे खाने पीने, तथा ठहरने की सभी समुचित व्यवस्था रहेगी, खाना पूर्ण रूप से शुद्ध, सात्विक बनाने की व्यवस्था की जा रही है। पवित्रम सेवा परिवार के प्रांतीय मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि इस शिविर मे प्राकृतिक आहार एवं उपचार के माध्यम से सभी साध्य एवं असाध्य रोगों का उपचार किया जाएगा शिविर मे भाग लेने हेतु रजिस्ट्रेशन की प्रकिया शुरू हो गयी है। इस शिविर में चिकित्सा हेतु कुल 80 महिला एवं पुरुषों का रजिस्ट्रेशन किया जाएगा।

### झारखंड के विकास का रोड मैप हो रहा तैयार

**रांची।** हेमंत सरकार झारखंड के चहुंमुखी विकास का रोड मैप तैयार कर रही है। जल्द ही इसकी समीक्षा की जायेगी। इसको लेकर मुख्य सचिव कार्यालय ने सभी विभागों से पूरा ब्यौरा मांगा है। मुख्य सचिव कार्यालय की ओर से कहा गया है कि सभी विभागों के योजना बजट के विरूद्ध निर्गत की गयी स्वीकृत्यादेश, आवंटन आदेश व खर्च की स्थिति का ब्यौरा उपलब्ध कराया जाये। साथ ही आगामी वित्तीय वर्ष के लिए विभागों द्वारा तैयार किये जा रहे योजनाओं की भी रिर्पोट मांगी गयी है। कोशिश की जा रही है कि 31 मार्च के पहले बजट की राशि खर्च की जाये। मुख्य सचिव जल्द ही इसकी समीक्षा करेंगी।

### अनुपूरक बजट में चुनावी वादों का जिक्र नहीं : पूर्णिमा

**रांची।** भाजपा विधायक पूर्णिमा दास साहू ने कहा कि चुनाव के दौरान जो लोगों से वादे किए गए थे, इसका अनुपूरक बजट में जिक्र नहीं दिखा। 450 रुपये में गैस सिलेंडर देने का जिक्र बजट में नहीं दिखा। सदन के बाहर पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्णिमा दास साहू ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह करते हुए कहा कि जल्द सभी योजनाओं को धरातल पर रखें। उन्होंने कहा कि सभी महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना देने की बात कही गई थी, लेकिन सरकार बनते ही चुनावी वादों से मुकर जाते हैं।

# झारखंड को समर्पित है अबुआ सरकार: कल्पना



संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा सत्र के अंतिम दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के समर्थन में बोलते हुए झामुमो विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि यह अपनों की सरकार है। अबुआ सरकार झारखंड को समर्पित है। अभिभाषण में इच्छाशक्ति है, जो खुशहाली देने वाली है।

उन्होंने कहा कि एक-एक शब्द को धरातल पर उतारेंगे। जनादेश महागठबंधन को मिला है। क्रांतिकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिलेगा। केंद्र की योजनाओं में राज्य के गरीब-गुरबों की चिंता नहीं है। किसानों का ऋण माफ किया गया है। झारखंड में झामुमो की अपनी पहचान रही है। ये राज्य झामुमो की उपज है। यह जनादेश आदिवासी-मूलवासियों ने दिया। विधानसभा सत्र के अंतिम दिन वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने जिला खनिज फाउंडेशन के वित्तीय वर्ष 2020-21 और 2021-22 का वार्षिक प्रतिवेदन सदन में रखा। भाजपा विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि प्रदेश में क्राइम काफी तेजी से बढ़ रहा है। झारखंड की बेटी, बहु और व्यापारी कैसे सुरक्षित रहे इस पर कोई नहीं बोल रहा है। भाजपा विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कहा कि पलामू में 45 से 50 रुपये बोरा बालू मिल रहा है। बालू की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। आजसू विधायक निर्मल महतो ने मांडू को अनुमंडल बनाने और ढ़ाढ़ी प्रखंड को रामगढ़ में शामिल करने की मांग की।

### हेमलाल मुर्मू की जबान फिसली, नीरा यादव मांफी मांगने की मांग पर अड़ी



राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के समर्थन में बोलते हुए झामुमो विधायक हेमलाल मुर्मू की जबान फिसल गई।उनके मुहं से कुछ आपत्तिजनक शब्द निकले, जिस पर भाजपा विधायक डॉ नीरा यादव ने कड़ी आपत्ति जताई। नीरा यादव ने कहा कि सदन में 12 महिला सदस्य हैं। सभी स्वाभिमान के साथ जीना चाहते हैं। इसे बर्दास्त नहीं किया जाएगा। हेमलाल मुर्मू इस पर माफी मांगे। स्पीकर ने कहा कि कभी-कभी बोलते समय स्लीप ऑफ टंग हो जाता है। बाबूलाल ने कहा कि कोई भी सदस्य अपशब्द का प्रयोग न करें, इसका ख्याल रखना पड़ेगा।

## जयराम महतो ने हेमंत सरकार पर साधा निशाना, कहा- 18-25 वर्ष की लड़कियों को आलसी बना रही सरकार



संवाददाता

**रांची।** जेएलकेएम के डुमरी विधायक जयराम महतो ने अनुपूरक बजट पर चर्चा के दौरान प्रदेश की हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पूर्व में जो बजट की राशि निर्धारित की जाती है, वह खर्च नहीं हो पाती है। ऐसे में फिर अनुपूरक बजट का क्या मतलब है। जयराम महतो ने कहा कि पक्ष-विपक्ष ने बजट पर दिशाहीन मुद्दों पर चर्चा की।

मैं ऐसी उम्मीद नहीं कर रहा था। डुमरी विधायक ने कहा कि सरकार 18 से 25 साल की उम्र की लड़कियों को 2500 रुपये प्रति माह देकर उन्हें आलसी बना रही है। यही राशि अगर सरकार उन्हें स्कॉलरशिप के रूप में देगी, तो उनका वास्तव में भला होगा। वे उन पैसों का इस्तेमाल सही रास्ते में करेंगी। इसके साथ ही जयराम ने कहा कि सदन में जितने भी माननीय हैं, उनके बच्चे कहां पढ़ते हैं इस बात की जांच होनी चाहिए। साथ ही इन्हें अपने टीए, डीए भत्ता और बस, ट्रेन एंव अन्य मिलने वाली सुविधाओं का भी त्याग करना चाहिए। इस दौरान जयराम महतो ने जेपीएएसी-सीजीएल मुद्दे पर भी बात की। उन्होंने कहा कि सीजीएल मुद्दे पर सांच को आंच कैसा। सीजीएल में जांच करवाने में क्या जाता है। छात्र गड़बड़ी का प्रमाण दे रहे हैं। बावजूद इसके आयोग इसे गंभीरता से क्यों नहीं ले रहा है।

## राज्यपाल का अभिभाषण कई मायनों में महत्वपूर्ण: स्टीफन



संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के अंतिम दिन गुरुवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के समर्थन में झामुमो विधायक स्टीफन मरांडी ने कहा कि राज्यपाल का अभिभाषण कई मायनों में महत्वपूर्ण है जो यहां की योजनाओं को प्रतिबिंबित करता है।

उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार को प्रचंड बहुमत मिला है। जिम्मेदारी बढ़ी है। झारखंड की अस्मिता की रक्षा का दायित्व भी है। राज्य के सर्वांगिण विकास की बात अभिभाषण में है। स्थानीय भाषा को स्वीकृत और शिक्षकों की नियुक्ति की बात कही गई है। महिला सशक्तिकरण पर फोकस किया गया है। मंईयां सम्मान योजना से आर्थिक मदद मिल रही है। अंबेडकर लाइब्रेरी की बात कही गई है। स्थानीय नीति बनाकर रोजगार देने की बात कही गई है। झारखंड ने खेल में पहचान बनाई है। स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की स्थापना की बात कही गई है। क्षेत्रीय भाषा को सुदृढ़ करने के साथ मदरसा बोर्ड बनाने की बनाने की बात कही गई है।

### सरकार ने मजबूत इच्छाशक्ति को प्रकट किया: प्रदीप



रांची। झारखंड विधानसभा सत्र के अंतिम दिन गुरुवार को कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने राज्यपाल के अभिभाषण पर कृतज्ञता जाहिर की। उन्होंने कहा अभिभाषण में सरकार की सोच और संकल्पों को प्रदर्शित किया गया है। सरकार के कमिटमेंट को दर्शाता है। सरकार ने यह कहने का प्रयास किया है कि हम गरीबों के लिए हैं। सरकार ने समझा है कि नर की सेवा ही नारायण की सेवा है। सबको साथ लेकर चलने का संकल्प है। सरकार सबका साथ सबका विकास करना चाहती है। प्रदीप यादव ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि वे घटकर 24 पर चले गए। हमारे संकल्पों पर जनता ने मुहर लगायी है। जुमलों पर जनता ने विश्वास नहीं दिखाया। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि दंगा-फसाद कराने का प्रयास किया गया। घुसपैठ को देखने की जिम्मेदारी केन्द्रीय गृह मंत्री की है। ये घुसपैठ के नाम पर दंगा कराना चाहते हैं। प्रदीप यादव ने जाति जणगणना की वकालत की।

## होटल रेडिएंट, होटल कोनार्क और एवन गेस्ट हाउस की हुई मापी



संवाददाता

**रांची।** रांची नगर निगम के प्रशासक संदीप सिंह के निर्देश पर निगम सहायक प्रशासक की ओर से गुरुवार को स्टेशन रोड स्थित विभीन्न भवनों, प्रतिष्ठानों के होल्डिंग टैक्स, ट्रेड लाइसेंस की जाच की गई। इसमें स्टेशन रोड स्थित होटल रेडिएंट, होटल कोनार्क और एवन गेस्ट हाउस की होल्डिंग टैक्स के लिए मापी की गई। इसके बाद सहायक नगर निगम प्रशासक ने होटल संचालको को जल्द से जल्द टैक्स जमा करने को कहा गया। साथ ही बताया गया कि निर्देश की अवहेलना करने पर झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 की धाराओं के तहत होटल सील किया जाएगा। तीनों होटलो को निगम की ओर से पूर्व में नोटिस जारी कर मापी के लिए कहा गया था। कई बार कर संग्रहकर्ता ने होटल संचालकों से संपर्क किया था। लेकिन इस पर होटल संचालको ने कोई रुची नहीं दिखाई। इसके बाद निगम की ओर से कार्रवाई की गई।

### उड़ीसा से आयरन ओर लेकर रांची आ रहा लॉरी कांची पुल के पास पलटा

## कर्रा थाने की पुलिस ने घायल ड्राईवर को पहुंचाया अस्पताल, हालत नाजुक



वरीय संवाददाता

**रांची ।** उड़ीसा से आयरन ओर लेकर रांची की तरफ आ रहा 18 चक्का लॉरी बीआर 27जीए 6790 कर्रा थाना क्षेत्र के कुलहुट्टु जंगल कांची नदी पुल के पास गरुवार की अहले सुबह 4 बजे अनियंत्रित हो कर पलट गया जिसमें चालक को गंभीर चोट आयी जिससे वह वहीं बेहोश हो गया। हादसे की आवाज सुन कर पास के घरों के ग्रामीण बाहर आये और चालक को बेहोशी की हालत में देख लोधमा टीओपी की पुलिस को खबर दी। उसके बाद कर्रा थाना प्रभारी मनीष कुमार और टीओपी की पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर बेहोश पड़े ड्राईवर को कर्रा अस्पताल ले गयी,वहां से उसे बेहतर ईलाज के लिए रिम्स भेज भेज दिया गया। वहीं घटना की जानकारी गाड़ी मालिक को भी दी गयी।

मालूम हो कि धुर्वा से कर्रा तक सड़क चौड़ी करण का काम चल रहा है,जिससे कहीं कहीं सड़क पतली हो गयी है। घटना स्थल के पास डाउन और मोड़ भी है इस लिए वहां पर अक्सर अंजान ड्राईवरों का बैलेंस खराब हो जाता है और तेज रफ्तार बड़ी गाड़ियां पलट जाती हैं। गुरुवार को हुए हादसे का यह ट्रक ड्राईवर को भी मोड़ और पतली सड़क की जानकारी नहीं होने की वजह से उसका संतुलन बिगड़ गया और ट्रक पुल से पहले लगे लोहे के गार्डवाल को रगड़ते और तोड़ते हुए पलट गया। जिससे उसमें लदा आयरन ओर सड़क में बिखर गया। बाद में पुलिस उक्त ट्रक को क्रेन से उठवा कर वहां से हटवा कर रोड क्लीयर करवा दिया।

## डायन हत्या अफीम सेंद्रा को लेकर खूंटी एसपी ने की ग्रामीणों संग बैठक

### कानूनी प्रावधान तथा कानूनी कर्रवाई के बारे ग्रामीणों को जानकारी दी



वरीय संवाददाता

**रांची ।** खूंटी जिले के पुलिस कप्तान अमन कुमार के नेतृत्व में गुरुवार को रानियां थाना के ग्राम केनबांकी और चाईबासा जिला के सीमा के ताम्बा गांव में मंजू सुरीन मुखिया खटखुरा , सोमा मुंडा ग्राम प्रधान केनबांकी, वार्ड मेंबर तथा सुषमा डहंगा, मुखिया, ताम्बा पंचायत तथा दोनों गांव के अन्य ग्राम प्रधान एवं ग्रामीणों के साथ बैठक किया गया।

बैठक में एसपी के द्वारा देश के कानूनी प्रावधान तथा कानूनी करवाई के बारे ग्रामीणों को जानकारी दी गई और और बताया गया कि पश्चिमी सिंहभूम जिला के नक्सल/उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा अपराधियों एवं उग्रवादियों के विरुद्ध चलाये जा रहे सेंद्रा अभियान के तहत उग्रवादियों को पकड़ कर हत्या करने जैसे घटना में शामिल नही होने तथा उग्रवादी/अपराधी/नक्सली कि जानकारी होने या पकड़े जाने पर थाना या वरीय पुलिस पदाधिकारी को सूचित करने के साथ ही साथ अफीम- पोस्ता, गांजा इत्यादि मादक पदार्थो कि खेती नही करने, उससे होने वाले नुकसान एवं कानूनी करवाई के बारे, डायन प्रथा जैसे अंधविश्वास, बाल मजदूरी/बाल व्यापार, यातायात नियमों का पालन करने, वाहन चलाते समय हेलमेट पहने, पुलिस से मदद पाने हेतु डायल-112 साइबर ठगी का शिकार होने पर 1930 पर फोन कर शिकायत दर्ज कराने कि जानकारी देते हुये जागरूकता अभियान चलाया गया। बैठक में पुलिस एवं जनता बीच आपसी विश्वास को मजबूत करने के लिये आमजन से सुझाव लिया गया तथा उनकी समस्या से अवगत होते हुये समाधान का प्रयास किया गया।उक्त बैठक में खिरिस्टोफर केरकेटा,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी तोरपा, अशोक कुमार सिंह, पुलिस निरीक्षक तोरपा अंचल एवं विकास कुमार जायसवाल, थाना प्रभारी रानियाँ उपस्थित रहे।

# अंकगणित में भाजपा पीछे रही : मरांडी

वरीय संवाददाता

**रांची।** विधानसभा के विशेष सत्र के अंतिम दिन सदन में भाजपा विधायक बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा अंकगणित में पीछे रही पर वोट में आगे रही। भाजपा के 37.37 फीसदी वोट मिले, जबकि कांग्रेस को 15.56 फीसदी ही वोट मिले। सत्ता पक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि वे जिन मुख्यमंत्रियों का नाम ले रहे हैं, उनका खौफ आज भी सत्ता पक्ष में दिखाई दे रहा है। उन्होंने चाईबासा के गुदरी का जिक्र करते हुए कहा कि आज लोग वहां जाने से कतरा रहे हैं। सेंदरा कर लोगों को मारा जा रहा है। कानून को जनता हाथ में ले रही है, पुलिस कोई काम की नहीं है।

### झारखंड में एनआरसी करा दें तो पता चल जाएगा कि कौन कहां से आया है



बाबूलाल ने कहा कि डेमोग्राफी का बदलना चिंता की बात है। संताल परगना सबसे ज्यादा प्रभावित है। झारखंड में एनआरसी करा दें तो पता चल जाएगा कि कौन कहां से आया है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण में बहाली की चर्चा की गई है, लेकिन सीजीएल रिजल्ट का विरोध हो रहा है। इसकी सीबीआई से जांच कराएं, दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। झारखंड की बुनियाद को बर्बाद किया जा रहा है। धान खरीद और मंईयां योजना की चर्चा हो रही है। लेकिन रांची डीसी ने सभी बीडीओ को पत्र जारी कर कहा है कि अयोग्य की पहचान कर पैसा वसूली की जाए। इससे पूरे राज्य की महिलाएं संशकित हैं। सरकार बालू की नीलामी नहीं कर पा रही है। उन्होंने कहा कि बालू घाटों की नीलामी नहीं होने तक गृह निर्माण के लिए बालू फ्री किया जाए. बालू घाट लूटा जा रहा है। अबुआ आवास और प्रधानमंत्री आवास के लिए बालू नहीं मिल रहा है।

## बालू की कमी से राज्य में निर्माण कार्य पूरी तरह से ठप: बाबूलाल मरांडी

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने बालू की कमी को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर गुरुवार को पोस्ट कर कहा है कि झारखंड में बालू की कमी ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। 444 बालू घाटों में से केवल 51 को स्वीकृति है और उनमें से भी केवल 24 से निकासी हो रही है। इस कारण राज्य में निर्माण कार्य पूरी तरह ठप हो गए हैं।उन्होंने लिखा कि बालू की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई हैं। महज 10 दिनों में एक ट्रॉली बालू की कीमत में 12,000 रुपये तक का इजाफा हुआ है। पलामू सहित झारखंड के अन्य जिलों में बालू 25 से 40 रुपये प्रति बोरी बिक रही है। इस कमी ने न सिर्फ अपार्टमेंट निर्माण, बल्कि प्रधानमंत्री आवास योजना जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स पर भी असर डाला है। उन्होंने आगे लिखा कि अगर यह संकट जल्द हल नहीं हुआ, तो राज्य में विकास कार्य बुरी तरह प्रभावित हो सकते हैं।

## झारखंड में अगले तीन दिन शीतलहर का अलर्ट



संवाददाता

**रांची।** झारखंड का पारा दिन-प्रतिदिन गिरता ही जा रहा है। इससे ठंड में लगातार बढ़ोतरी हो गयी है। अगले तीन दिनों तक राज्य में शीतलहर की स्थिति रह सकती है। मौसम विभाग ने इसको लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार 13, 14 और 15 दिसंबर को शीतलहरी का प्रकोप रहने की संभावना है। राज्य के 10 जिलों में शीतलहरी का प्रकोप रहेगा। इसका असर राज्य के धनबाद, बोकारो, रामगढ़, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, लातेहार, चतरा, पलामू और गढ़वा में देखने को मिलेगा। वहीं उत्तरी पछुआ हवा चलने से और अधिक कनकनी बढ़ेगी।पिछले 24 घंटे के दौरान 4.5 डिग्री सेल्सियस तापमान में गिरावट आई है। रांची, जमशेदपुर, डालटनगंज, बोकारो और चाईबासा में न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है। सबसे न्यूनतम तापमान गढ़वा में 5.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

रांची मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने गुरुवार को बताया कि अगले पांच दिनों में अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री की गिरावट आएगी। इस वजह से लोगों को ठंड का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि झारखंड में अगले पांच दिनों तक सुबह में कोहरा रहेगा लेकिन बाद में मौसम साफ हो जायेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वदेशी जागरण मंच द्वारा बाबू गेनू सैद का बलिदान दिवस स्वदेशी दिवस के रूप में मनाया गया



**बोकारो।** स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में गुरुवार को बाबू गेनू सैद का बलिदान दिवस स्वदेशी दिवस के रूप में मनाया गया। इस कार्यक्रम में मंच के जिला संयोजक प्रमोद सिन्हा ने अपनी अध्यक्षता में कहा कि बाबू गेनू सैद भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अनसुने और गुमनाम नायक थे, जिन्होंने स्वदेशी आंदोलन में अपनी शहादत दी। उन्होंने बताया कि बाबू गेनू सैद वह पहले स्वतंत्रता सेनानी थे जिन्होंने विदेशी कपड़ों के खिलाफ संघर्ष करते हुए अपनी जान दी और भारतीय बाजार में विदेशी वस्त्रों के प्रवेश को रोकने की कोशिश की। उनके बलिदान ने स्वदेशी आंदोलन को नई दिशा दी और इसने भारतीय जनता को स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय संयोजक अमरेन्द्र सिंह ने बाबू गेनू की जीवनी पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि महात्मा गांधी, लाला लाजपत राय और सरदार पटेल जैसे महान स्वतंत्रता सेनानियों का योगदान अपार था, लेकिन इस संग्राम में कई गुमनाम नायक भी थे जिन्होंने बिना किसी प्रसिद्धि की चाहत के अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने बताया कि बाबू गेनू का जन्म 1 जनवरी 1908 को पुणे के महांनगुले गांव में एक गरीब परिवार में हुआ था और उन्होंने जीवन की शुरूआत मिल मजदूरी से की।

### बोकारो: फुटपाथ दुकानदारों में सेल की बुलडोजर कार्रवाई के खिलाफ भारी आक्रोश



**बोकारो।** सिटी सेंटर सेक्टर-4 में सेल, नगर प्रशासन विभाग बोकारो द्वारा की गई बुलडोजर कार्रवाई के खिलाफ फुटपाथ दुकानदारों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। दुकानदारों के एक संगठन झुग्गी-झोपड़ीवासी सह- फुटपाथ दुकानदार महासंघ ने बैठक आयोजित कर अपनी आगे की रणनीति तय की। महासंघ ने इस कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए इसे न केवल अन्यायपूर्ण बल्कि पथ विक्रेता अधिनियम 2014 और सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का उल्लंघन भी बताया। महासंघ के संरक्षक कुमार राकेश ने कहा कि इस प्रकार की मनमानी को किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा और उन्होंने इसकी शिकायत सर्वोच्च न्यायालय में अवमानना का मामला दर्ज कराए जाने की बात कही। महासंघ के अध्यक्ष गोविंद जायसवाल ने कहा कि अब दुकानदार कानूनी लड़ाई लड़ेंगे और प्रबंधन को कठोर जवाब देंगे।

### 67 वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह मनाया गया जारंगडीह खुली खदान में



**कथारा/ बोकारो।** सीसीएल कथारा क्षेत्र के जारंगडीह खुली खदान परिसर में गुरुवार को 67 वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सीसीएल के कर्मियों और पदाधिकारियों ने सुरक्षा के साथ कोयला उत्पादन करने का शपथ लिया। समारोह की शुरूआत फीता काटकर की गई, जिसके बाद सुरक्षा ध्वज फहराया गया। इसके बाद सभी उपस्थित लोगों ने सुरक्षा के साथ कोयला उत्पादन करने की शपथ ली। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत हुई और सीसीएल कॉरपोरेट गीत के साथ आयोजन आगे बढ़ा। कार्यक्रम में जारंगडीह परियोजना के खान प्रबंधक ने परियोजना की संक्षिप्त जानकारी साझा की। जारंगडीह परियोजना के पदाधिकारी बिनोद कुमार, खान प्रबंधक सुनिल यादव और सेफ्टी पदाधिकारी संतोष कुमार ने निरीक्षण दल का स्वागत किया और पुष्प गुच्छ भेंट किया। खान निरीक्षण दल के पदाधिकारियों ने खान सुरक्षा के प्रति कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस अवसर पर जारंगडीह परियोजना के विभिन्न कार्यक्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले श्रमिकों को प्रबंधन की ओर से सम्मानित किया गया।

### तेनुघाट व्यवहार न्यायालय में अधिवक्ताओं के साथ बैठक, चेक बाउंस मामलों के निष्पादन पर चर्चा

**तेनुघाट/ बोकारो।** राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता और चेक बाउंस के मामलों के निष्पादन को लेकर गुरुवार को तेनुघाट व्यवहार न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं के साथ एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता व्यवहार न्यायालय तेनुघाट के एसीजेएम मनोज कुमार प्रजापति ने की। बैठक में एसीजेएम प्रजापति ने चेक बाउंस मामलों में समझौता कराकर निष्पादन की प्रक्रिया पर विचार किया और बताया कि पुराने मामलों के निष्पादन के लिए स्पेशल मध्यस्थता के माध्यम से भी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने संबंधित थाना को नोटिस और वारंट की त्वरित कार्रवाई करने का आदेश दिया और अधिवक्ताओं से लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन के लिए सहयोग की अपील की। प्रजापति ने अपने स्टाफ को निर्देशित किया कि चेक बाउंस के मामलों में निर्गत वारंट का तामिला तुरंत संबंधित थाना से प्राप्त किया जाए, ताकि मामलों का निष्पादन सुनिश्चित हो सके। इस बैठक में सुभाष कटरियार, जीवन सागर, संजय कश्यप, पवन कुमार सहित दर्जनों अधिवक्ता उपस्थित थे।

# बोकारो थर्मल में पाइप लाइन की मरम्मत और पानी की आपूर्ति

संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो थर्मल में हाल ही में एक महत्वपूर्ण पाइप लाइन में आई खराबी के कारण क्षेत्र की पानी की आपूर्ति प्रभावित हो गई थी। यह पाइप लाइन एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) के कार्य से जुड़ी हुई थी और इसमें कई स्थानों पर टूट-फूट हो गई थी। इससे क्षेत्र के निवासी पानी की कमी का सामना कर रहे थे। सिविल विभाग ने इस गंभीर समस्या का समाधान निकालने के लिए तत्परता दिखाई और मरम्मत कार्य शुरू किया।

सिविल विभाग के प्रबंधक राहुल उरांव ने एसटीपी के कार्य करने वाली कंपनी भारत जी पटेल से पोकलेन मशीन की मांग की और खुदाई का काम शुरू करवाया। खुदाई के दौरान लगभग बीस फीट गहरी खुदाई में तीन स्थानों पर पाइप की टूट-फूट का पता चला। इसके बाद, पाइप की मरम्मत का कार्य शुरू किया गया, लेकिन इसमें कुछ समय लगने की संभावना जताई गई है। इसके कारण पानी की आपूर्ति में देरी हो सकती है। सिविल विभाग ने आश्वासन दिया है कि मरम्मत कार्य पूरा होते ही पानी की आपूर्ति सुचारु रूप से बहाल कर दी जाएगी।

यह घटना शनिवार को हुई थी जब बिरसा मुंडा सब्जी मार्केट से सिविल ऑफिस स्थित पानी टंकी तक जाने वाली पाइप लाइन फट गई थी, जिसके कारण लगातार पानी की बबार्दी हो रही थी। पानी का बहाव इतना अधिक था कि सब्जी मार्केट के पास नालियों में पानी बहने लगा था, जिससे क्षेत्र में पानी की समस्या और बढ़ गई थी। सिविल विभाग ने तुरंत कार्यवाही की और समस्या को हल करने के लिए उचित कदम उठाए।

### बिजली सप्लाई की स्थिति में सुधार, सब्जी मार्केट में बिजली बहाल

**बोकारो थर्मल के बिरसा मुंडा सब्जी मार्केट में पिछले पांच दिनों से बिजली की आपूर्ति बाधित थी, जिसके कारण दुकानदारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। समाचार प्रकाशित होने के बाद, डीवीसी के बिजली विभाग ने इस समस्या को गंभीरता से लिया और सब्जी मार्केट को बिजली की आपूर्ति बहाल करने के लिए कार्रवाई की। विभाग ने सब्जी मार्केट के कटे हुए केबल को जोड़ने का कार्य शुरू किया। कॉलोनी सबस्टेशन के कर्मचारियों ने युद्धस्तर पर काम किया और अंततः बिजली आपूर्ति को बहाल किया। इससे दुकानदारों को राहत मिली, और उन्हें अपनी दुकानों के संचालन में कोई रुकावट नहीं आई। सब्जी मार्केट में बिजली सप्लाई बहाल होने से क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली, और बिजली की समस्या का समाधान हो गया।**

## बोकारो स्टील प्लांट में सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम



संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग द्वारा एक दो दिवसीय सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संयंत्र के विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए था, जिनमें सुरक्षा मानकों और प्रक्रियाओं पर विशेष ध्यान दिया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं) श्री एस सरतपे और महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) श्रीमती डी आर टोप्पो की उपस्थिति में हुआ। इस उद्घाटन सत्र में श्री सरतपे ने संयंत्र में सुरक्षा के महत्व को रेखांकित किया और सभी उपस्थित अधिकारियों को सुरक्षा शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि सुरक्षा संयंत्र के संचालन का अहम हिस्सा है और प्रत्येक कर्मचारी को अपनी सुरक्षा के प्रति जिम्मेदार होना चाहिए। महाप्रबंधक श्रीमती टोप्पो ने सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए संयंत्र के सभी कर्मचारियों और अधिकारियों से सुरक्षा उपायों का पालन करने की अपील की। कार्यक्रम में ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के वरिष्ठ ऑपरेटिव राकेश कुमार, कौशलेन्द्र प्रताप सिंह और इंस्ट्रक्टर अर्जुन प्रसाद बाउरी का सक्रिय योगदान रहा। इन विशेषज्ञों ने सुरक्षा प्रक्रियाओं के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की, जैसे कि आग से बचाव के उपाय, सुरक्षा उपकरणों का सही उपयोग, और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए किए जाने वाले उपाय।

## केन्द्रीय विद्यालय-3 बोकारो में तंबाकू के दुष्परिणाम पर सेमिनार का आयोजन

संवाददाता



**बोकारो।** केन्द्रीय विद्यालय-3 बोकारो में गुरुवार को तंबाकू के दुष्परिणाम पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्राचार्य कृष्ण कुमार ने की। इस अवसर पर जिला परामर्शी मो. असलम ने बच्चों को तंबाकू के दुष्परिणाम और तंबाकू में पाये जाने वाले जहरीले तत्वों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि तंबाकू में पाया जाने वाला नशीला पदार्थ निकोटिन बच्चों में चिंता, नींद न आना, चिड़चिड़ापन और अवसाद जैसी गंभीर समस्याओं को उत्पन्न कर सकता है। जिला परामर्शी ने बच्चों को यह भी बताया कि यदि कोई व्यक्ति तंबाकू की लत से मुक्त होना चाहता है और प्रयास करने के बावजूद उसे यह लत छोड़ने में समस्या हो रही है, तो उसे तंबाकू नशा मुक्ति केंद्र सदर अस्पताल के 13 नं ओपीडी में भेजा जा सकता है, जहां उन्हें तंबाकू छोड़ने के लिए मदद दी जाएगी। प्राचार्य कृष्ण कुमार ने बच्चों से अपील की कि वे तंबाकू से दूर रहें, क्योंकि यह मानव शरीर के लिए बेहद हानिकारक है। उन्होंने इसे एक लाइन में परिभाषित करते हुए कहा कि तंबाकू का मतलब बीमारियों का भंडार है।

## नए सफर की शुरूआत कार्यक्रमः सेवानिवृत्ति की तैयारी पर कार्यशाला

संवाददाता




**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट में दिसम्बर 2024 में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के लिए नए सफर की शुरूआत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बोकारो स्टील प्लांट के मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मुख्य प्रेक्षागृह में आयोजित हुआ, जिसमें कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति से जुड़ी औपचारिकताओं और जीवन में आने वाले संभावित परिवर्तनों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इस अवसर पर विभाग द्वारा एक सशक्त जानकारी सत्र का आयोजन किया गया, जहां सेवानिवृत्ति के बाद के जीवन को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने के लिए विशेषज्ञों ने मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम के आरंभ में वरीय प्रबंधक श्रीमती कल्पना ने सभी उपस्थित कर्मचारियों का स्वागत किया और कार्यक्रम के उद्देश्य और महत्त्व को स्पष्ट करते हुए बताया कि यह आयोजन सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के लिए एक तरह से जीवन के इस नए चरण में उनकी मदद करने के उद्देश्य से किया गया है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद होने वाली बदलावों को अच्छे से समझना और सही दिशा में कदम बढ़ाना आवश्यक है। इस कार्यक्रम में डॉ. जया लक्ष्मी, मेडिकल ऑफिसर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं और योग विशेषज्ञ कृष्ण बंधु मिश्रा ने कर्मचारियों को योग के माध्यम से स्वास्थ्य प्रबंधन के महत्व के बारे में बताया।

उन्होंने शारीरिक और मानसिक सेहत को बनाए रखने के उपायों पर चर्चा की। इसके बाद, सुश्री दीपशिखा, उप प्रबंधक (वित्त एवं लेखा), ने वित्तीय प्रबंधन पर एक विस्तृत सत्र आयोजित किया। उन्होंने सेवानिवृत्ति के बाद वित्तीय योजना बनाने और पेंशन योजना की जानकारी दी, ताकि कर्मचारी अपनी सेवानिवृत्ति के बाद अपने वित्तीय जीवन को अच्छी तरह से प्रबंधित कर सकें। नगर प्रशासन विभाग के दिवाकर शरण ने आवास प्रतिधारण नीति के बारे में जानकारी दी और बताया कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए आवास नीति में क्या बदलाव हो सकते हैं। इसके अलावा, कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड के जुल्फिकार आलम ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए धन निवेश के सर्वोत्तम तरीके और बैंकिंग सुविधाओं के बारे में चर्चा की। अंत में, श्रीमती कल्पना ने सभी विशेषज्ञों का धन्यवाद करते हुए कार्यक्रम का समापन किया और कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से कर्मचारियों को अपने सेवानिवृत्त जीवन के लिए बेहतर तैयारी करने में मदद मिलती है।

## क्लैट-यूजी 2025 में डीपीएस बोकारो की आद्या समेत छह विद्यार्थियों ने मारी बाजी

संवाददाता



**बोकारो।** देश के विधि विश्वविद्यालयों में दाखिले के लिए राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों के संघ (एनएलयू कंसोर्टियम) की ओर से आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (क्लैट) 2025 में डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों ने अच्छी सफलता पाई है। 12वीं की होनहार छात्रा आद्या मिश्रा समेत छह छात्र-छात्राओं ने क्लैट के अंडर ग्रैजुएट (यूजी) प्रोग्राम में नामांकन को लेकर हुई परीक्षा में बाजी मारी। आद्या ने आल इंडिया रैंक (एआईआर) 390 पाकर पूरे विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया है। उसे कुल 90.50 अंक प्राप्त हुए हैं। दूसरे स्थान पर छात्र प्रांजल रहा, जिसे अखिल भारतीय स्तर पर 978 वीं रैंक मिली है। इसके अलावा, विद्यालय की छात्रा अतुल्य त्रिश्री ने एआईआर 2551, अरफा ने ओबीसी रैंक 1509 (एआईआर 7700), त्रिशा ने ओबीसी रैंक 1987 (एआईआर 12709) तथा आयुष कुमार ने भी एआईआर 4350 के साथ सफलता अर्जित की है। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### जरूरतमंदों को सच्चा न्याय दिलाना है सपना : आद्या

क्लैट-यूजी 2025 में एआईआर 390 पाने वाली डीपीएस बोकारो की मेधावी छात्रा आद्या मिश्रा की दिली ख्वाहिश आगे चलकर न्यायाधीश (जज) बनने की है। उसने 10वीं के बाद अपने परिजनों की प्रेरणा से विधि-क्षेत्र में आने की ठानी और अब क्लैट में सफलता के साथ इस दिशा में अपने कदम आगे बढ़ा दिए हैं। गुरुवार को एक बातचीत में आद्या ने कहा कि देश में आज अनगिनत लोग सही समय पर सही न्याय मिलने से वंचित रह जाते हैं। ऐसे लोगों को सच्चा न्याय दिलाना उसका सपना रहा है। उसने कहा कि ईमानदारी के साथ अगर न्याय मिले, तो देश में वास्तव में एक बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। व्यवसायी अभिषेक मिश्रा एवं लेखिका श्वेता की सुपुत्री आद्या पढ़ाई के साथ-साथ सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भी काफी बढ़-चढ़कर भाग लेती रही है।

## बांग्लादेशी हिन्दुओं पर अत्याचार के विरोध में हिन्दू उत्थान मंच की आक्रोश रैली

संवाददाता



**बेरमो/ बोकारो।** बेरमो में बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ हिन्दू उत्थान मंच द्वारा एक आक्रोश रैली का आयोजन किया गया। यह रैली बोकारो जिले के फुसरो में फुसरो के पुराना बीडीओ ऑफिस से शुरू होकर बेरमो प्रखण्ड कार्यालय तक निकली, जहां यह नुक्कड़ सभा में बदल गई। रैली के दौरान हिन्दुओं और चिन्मय दास पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाई गई। रैली के आयोजकों ने केंद्र सरकार से ठोस कदम उठाने और बांग्लादेश सरकार से हिन्दुओं पर अत्याचार रोकने की मांग की। रैली में वक्ताओं ने कहा कि बांग्लादेश में हिन्दू अल्पसंख्यकों पर लगातार अत्याचार हो रहे हैं। हाल ही में सत्ता परिवर्तन के बाद स्थिति और बिगड़ गई है। हिन्दू साधुओं की गिरफ्तारी और उनके खिलाफ हिंसा की घटनाएं बढ़ गई हैं। बांग्लादेश में हिन्दुओं के खिलाफ हो रहे नरसंहार और अत्याचार की निंदा की गई। हिन्दू धर्मस्थलों, मंदिरों और हिन्दुओं के घरों को तोड़ा जा रहा है, और हिन्दू लड़कियों के साथ दुराचार की घटनाएं बढ़ रही हैं। आक्रोश रैली के बाद हिन्दू उत्थान मंच के पदाधिकारियों ने बेरमो प्रखंड कार्यालय जाकर बीडीओ के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। इस ज्ञापन में बांग्लादेश में हिन्दुओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार पर ठोस कार्रवाई करने की मांग की गई, ताकि हिन्दू समुदाय वहां सुरक्षित रह सके। रैली के दौरान लोगों ने 'हिन्दू एकता जिन्दाबाद', 'हिंदू घटा देश बटा', 'बांग्लादेशी हिन्दुओं पर अत्याचार बंद करो' जैसे नारे लगाए। रैली में प्रदीप भारती, अर्चना सिंह, शंकर भदानी, मंचू सिंह, विनय बरनवाल, पिंकू गुप्ता, वैभव चौरसिया, कैलाश ठाकुर, राम नरेश द्विवेदी, भरत वर्मा, रामू दिगार, जितेंद्र सिंह, विनोद चौरसिया, अमित सिंह, अजय गिरी, सहदेव साव, सजल गांगुली, विनय कुशवाहा, अनिल कुमार, सुशांत रायका, शंकर गोयल, पंकज कुमार मिश्रा, गोपी डे, मंजू बरनवाल सहित कई लोग शामिल थे।

**परीक्षा** बोकारो में 14 दिसंबर को 10 केंद्रों पर 3949 अभ्यर्थी देंगे सीटीईटी की परीक्षा

# शांतिपूर्ण व कदाचार-मुक्त आयोजन की है पुख्ता तैयारी :डॉ. गंगवार

संवाददाता



**बोकारो।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की ओर से आगामी 14 दिसंबर, शनिवार को केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी) का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए बोकारो जिले में कुल 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें विभिन्न जगहों से आने वाले कुल 3949 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। पेपर-1 एवं पेपर-2 के लिए यह परीक्षा दो पालियों में होगी। पेपर-1 दोपहर 02:30 बजे से शाम 05:00 बजे तक और पेपर-2 सुबह 09:30 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक होगा। यानी दोनों ही पेपर ढाई-ढाई घंटे के होंगे। गुरुवार को इस आशय की जानकारी देते हुए सीटीईटी के सिटी को-ऑर्डिनेटर एवं डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार ने बताया कि परीक्षा को लेकर तमाम तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। पूर्ण कदाचारमुक्त व सफल आयोजन की पुख्ता तैयारियां की गई हैं। शुक्रवार को परीक्षा से एक दिन पूर्व 13 दिसंबर को डीपीएस बोकारो में सीटीईटी के लिए अधिकृत बोर्ड के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सभी केंद्राधीक्षकों व पर्यवेक्षकों की बैठक होगी। इस बैठक में परीक्षा के सफल संचालन की अंतिम रूपरेखा तय की जाएगी। जिन 10 केंद्रों पर सीटीईटी की परीक्षा होनी है, उनमें पहली पाली में डीपीएस बोकारो सेक्टर-4 में 361, जबकि अन्य नौ केंद्रों - चिन्मय विद्यालय बोकारो, क्रिसेंट पब्लिक स्कूल, सेक्टर-6, डीएवी पब्लिक स्कूल, सेक्टर-4, डीएवी पब्लिक स्कूल, सेक्टर-6, जीजीपीएस सेक्टर-5, जीजीपीएस चास, होली क्रॉस स्कूल, रेलवे कॉलोनी बालीडीह, एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल तथा श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल, प्रत्येक में 300 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। वहीं, दूसरी पाली में चिन्मय विद्यालय में 300, श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल में 227 और डीपीएस बोकारो सेक्टर- 4 में 361 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

डॉ. गंगवार ने बताया कि सीटीईटी एक राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा है, जो शिक्षण पेशे के लिए योग्य एवं कुशल उम्मीदवारों के चयन हेतु सीबीएसई की ओर से आयोजित की जाती है। इसमें पहला पेपर उन अभ्यर्थियों के लिए होता है, जो पहली से पांचवीं कक्षा तक पढ़ाने के लिए आवेदन करते हैं, वहीं दूसरा पेपर उनके लिए होता है, जो कक्षा 6 से आठवीं तक में अध्यापन के लिए अप्लाई करते हैं। दोनों ही पेपर 150-150 अंकों के होते हैं। पेपर- 1 में बाल विकास एवं शिक्षा-शास्त्र लैंग्वेज-1 व लैंग्वेज- 2 तथा गणित एवं पर्यावरण अध्ययन विषयों के प्रश्न पूछे जाएंगे। जबकि, पेपर- 2 में बाल विकास एवं शिक्षा-शास्त्र भाषा- 1 व भाषा- 2 एवं विज्ञान तथा सोशल स्टडीज/सोशल साइंस विषयों के प्रश्न पूछे जाएंगे। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर जांच के दौरान सख्ती से सभी गाइडलाइन के पालन का निर्देश दिया गया है। अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड के अलावा अपना कोई भी फोटोयुक्त पहचान-पत्र लेकर परीक्षा केंद्र पर आना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थी नीले अथवा काले रंग की कलम का इस्तेमाल परीक्षा लिखने के लिए कर सकते हैं।

## बोकारो में रबी फसल के बीज वितरण को लेकर आयोजित बैठक



संवाददाता

**बोकारो।** चंदनकियारी प्रखंड के एटीआईसी केंद्र में बीटीएम, एटीएम, कृषक मित्र और उद्यान मित्रों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी मो शाहिद और परियोजना निदेशक मोतीलाल रजक ने रबी फसल के बीज वितरण की योजना को शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया कि किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी दी जाएगी ताकि वे अधिकतम उत्पादन प्राप्त कर सकें। इस बैठक के बाद प्रखंड के बड़ाजोर पंचायत में एक किसान के खेत में स्थापित गेहूं के प्रत्यक्षण प्लॉट का निरीक्षण भी किया गया। इस दौरान किसानों को श्री विधि से खेती करने के लिए आवश्यक सुझाव और दिशा-निर्देश दिए गए।

## संक्षिप्त खबरें

### वन विभाग ने भगहर में दर्जनों महुवा शराब निर्माण की भट्टियों को ध्वस्त किया



**चौपारण।** प्रखंड मुख्यालय से 26 किलोमीटर दूर अति उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र भगहर में वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दर्जनों अवैध महुआ शराब बनाने के भट्ठियों को नष्ट किया। साथ हीं उनके उपकरणों को भी नष्ट किया। वन विभाग की टीम ने भगार पंचायत के कई गांव में शराब निर्माण की सूचना पर धावा बोला। भगहर पंचायत के ग्राम लोहरा, भंडार और परसातरी में वन विभाग की टीम ने कई शराब भट्ठियों को नष्ट किया और महुआ चुलाई शराब बनाने वाले उपकरण को भी घटनास्थल पर हीं विनिष्ट किया। इस संबंध में वन विभाग के प्रभारी वनपाल पंकज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि वन प्रमंडल पदाधिकारी हजारीबाग वन प्रमंडल के निदेर्शानुसार चौपारण और बरही की टीम ने लोहरा,भंडार और परसातरी में अवैध चुलाई शराब के विरुद्ध छापेमारी की। छापामारी के दौरान जंगल झाड़ी से करीब अवैध जावा महुआ तथा महुआ चुलाई शराब बनाने वाला उपकरण को घटनास्थल पर हीं नष्ट किया गया। वहीं घटना स्थल से हजारों लीटर अवैध चुलाई शराब को भी नष्ट किया गया है। अभियुक्तों की पहचान कर अभियुक्त के विरुद्ध वनवाद दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### बैंक में महिला का थैला काटकर 1200 रुपये की चोरी, ग्राहक हुए आक्रोशित



**हंटरगंज/चतरा।** थाना क्षेत्र स्थित बैंक ऑफ इंडिया शाखा हंटरगंज में गुरुवार को एक महिला के साथ चोरी की वारदात सामने आई। अज्ञात बदमाशों ने बैंक परिसर में महिला के थैले को ब्लेड से काटकर उसमें रखे 1200 रुपये चोरी कर लिए। घटना के बाद बैंक में उपस्थित अन्य ग्राहकों और महिला में आक्रोश फैल गया और वे भयभीत हो गए। भुक्तभोगी महिला, जो थाना क्षेत्र के खुटिकेवाल कला की निवासी जुली कुमारी हैं, अपने दो बच्चों के साथ बैंक आई थी। महिला ने बताया कि वह बच्चों का आधार कार्ड बनवाने के लिए बैंक परिसर में खड़ी थी, तभी किसी ने उनका थैला काटकर उसमें रखे पैसे निकाल लिए। महिला के पर्स में 1200 रुपये के अलावा उसके और उसके पति के आधार कार्ड भी थे। चोरों ने कार्ड तो निकाल लिए, लेकिन रुपये छोड़ दिए, जिनमें से कुछ कार्ड बैंक परिसर में गिर गए। अन्य ग्राहकों ने वह कार्ड महिला को लौटा दिए। महिला ने घटना के बाद हंटरगंज थाना में आवेदन दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस घटना ने बैंक परिसर में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं, और ग्राहकों ने बैंक अधिकारियों से सुरक्षा में सुधार की मांग की है।

### लावालौंग में नल जल योजना में भ्रष्टाचार का मामला



**लावालौंग/ चतरा।** लावालौंग प्रखंड क्षेत्र में नल जल योजना के तहत लगाए गए जल मीनार अधिकांश जगहों पर खराब हो चुके हैं। सरकार ने ग्रामीणों को पानी की समस्या से निजात दिलाने के लिए यह महत्वाकांक्षी योजना शुरू की थी, लेकिन संवेदकों की मनमानी और विभागीय लापरवाही के कारण जल मीनार शोभा की वस्तु बनकर रह गई है। ग्रामीणों के अनुसार कई जगह जल मीनार ठीक से स्थापित नहीं हुए, और कई जगहों पर पाइपलाइन और मोटर की समस्या बनी हुई है। 2022 में शुरू हुए कटिया और हेडुम पंचायतों के नल जल योजना के कार्यों में अब तक कोई सुधार नहीं हुआ। कई जगह जल मीनार खराब पड़े हैं, और मोटर लगाने में भी परेशानी है। ग्रामीणों ने इस मुद्दे पर जिला प्रशासन और स्थानीय प्रतिनिधियों से जल्द समाधान की मांग की है।

# बैंक ऑफ इंडिया के एफआई विभाग की मनमानी से कॉर्पोरेट बीसी से वसूली जारी

संवाददाता

**चतरा।** बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने और भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए सरकार दिन-रात काम कर रही है, लेकिन दूसरी ओर बैंक ऑफ इंडिया के हजारीबाग जोनल एफआई विभाग के अधिकारियों की मनमानी सामने आई है, जो इस विभाग में बैठे अधिकारियों की कार्यशैली और उनकी निजी स्वार्थ सिद्धि को उजागर करती है। विभाग में बैठे कुछ अधिकारी खुद को नियमों से ऊपर मानते हुए अवैध वसूली, रिश्वतखोरी और नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं।

हजारीबाग जोन के एफआई विभाग और कॉर्पोरेट कंपनियों से जुड़े बीसी कोड देने वाली



कंपनियों के बीच यह विवाद सामने आया है, जिसमें एफ आई विभाग के अधिकारी कॉर्पोरेट कंपनियों से मिलकर अवैध रूप से वसूली कर रहे हैं और रिश्वत लेने के आरोप लग रहे हैं। विभाग के अधिकारी, कॉर्पोरेट बीसी के कर्मचारियों से नियमों के विपरीत भुगतान प्राप्त करने के लिए उन्हें धमका रहे हैं।।इस मामले में कुछ महत्वपूर्ण सबूत भी सामने आए हैं, जिसमें कॉर्पोरेट कंपनी के एरिया इंचार्ज के अकाउंट से और पे-फोन पर लेन-देन का सबूत मीडिया को प्राप्त हुआ है। जब भी किसी बीसी ने इस भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने की कोशिश की, तो उन्हें विभाग द्वारा प्रताड़ित किया गया और उनकी पहचान तक छीन ली गई। इस प्रकरण के बाद, पीड़ित द्वारा एफ आई विभाग को लिखित शिकायत दी गई है, जिसमें इस मामले की गहन जांच की मांग की गई है। इसके बाद विभाग ने एक कमेटी का गठन किया है और आरोपियों के खिलाफ जांच शुरू की है। अब यह देखना बाकी है कि इस मामले में जांच के दौरान यह साबित होता है कि सच में अधिकारी रिश्वतखोरी में लिप्त थे या फिर उन्हें बचाने के लिए विभाग की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। यह मामला इस बात का स्पष्ट संकेत है कि सरकारी विभागों में बैठे कुछ अधिकारी अपनी पदवी का गलत उपयोग कर रहे हैं और भ्रष्टाचार की जड़ों को मजबूत कर रहे हैं। इस मामले में यदि उच्च अधिकारियों द्वारा सही कदम नहीं उठाया गया, तो इसका प्रतिकूल असर विभाग की छवि पर पड़ेगा और यह बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने के सरकार के मिशन के खिलाफ जाएगा।

# 50 किसानों के बीच मुफ्त बीज वितरण



संवाददाता

**लावालौंग/ चतरा।** कोलकोले पंचायत में कृषि विभाग द्वारा गुरुवार को 50 किसानों के बीच उन्नत किस्म का बीज वितरित किया गया। इस अवसर पर पंचायत मुखिया राजेश कुमार साहू भी उपस्थित थे। कृषि विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए बीजों के साथ नैनो यूरिया और विभिन्न प्रकार की दवाइयों का भी वितरण किया गया। किसानों ने कहा कि इस सीजन में सरसों के बीज और खाद की मुफ्त उपलब्धता उनके लिए एक बड़ी राहत है, क्योंकि कई बार उन्हें बीज और खाद के लिए ऋण तक लेना पड़ता था। मौके पर बीटीएम बीरेंद्र कुमार पर, कृषक मित्र गौरी यादव, और दर्जनों किसान उपस्थित थे।

## कोयले की ढुलाई को लेकर ट्रांसपोर्टिंग कंपनियों व वाहन मालिकों के बीच विवाद

संवाददाता

**टंडवा/ चतरा।** चतरा जिले के टंडवा प्रखंड स्थित आम्रपाली परियोजना में कोयले की ढुलाई को लेकर वाहन मालिकों और ट्रांसपोर्टिंग कंपनियों के बीच विवाद गहरा गया है। स्थानीय हायवा वाहन मालिकों और ट्रांसपोर्ट कंपनियों के बीच भाड़े की दर को लेकर लंबे समय से मतभेद चल रहे थे, जो अब खुले टकराव का रूप ले चुका है। इस मुद्दे को लेकर ओएसएल उड़ीसा स्टीवडोर्स और पीएनएम प्रनव नमन जैसी ट्रांसपोर्टिंग कंपनियों के प्रतिनिधियों और वाहन मालिकों के बीच गुरुवार को बैठक हुई, लेकिन यह बैठक बेनतीजा रही।

स्थानीय वाहन मालिकों का आरोप है कि ट्रांसपोर्टिंग कंपनियां उन्हें अनदेखा कर बाहरी वाहनों से कोयला ढुलाई कराने की कोशिश कर रही हैं, जिससे क्षेत्र के स्थानीय वाहनों को काम नहीं मिल रहा है।

इस प्रयास के कारण कुछ समय के लिए टकराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। वाहन मालिकों का कहना है कि कंपनियां ऊंचे रसूख का इस्तेमाल करके उन्हें शोषण का शिकार बना रही हैं और भाड़े की दरों में मनमानी कर रही हैं। कई वाहन मालिकों ने आरोप लगाया कि ट्रांसपोर्टिंग कंपनियों ने उन्हें करोड़ों रुपये का भुगतान नहीं किया है, और इस मामले की शिकायत वे पहले ही अधिकारियों से कर चुके हैं। इसके अलावा,11 महीने पहले पीएनएम कंपनी के प्रतिनिधि ने लिखित शर्तों पर हस्ताक्षर किए थे, लेकिन अब वे उन शर्तों से मुकर गए हैं। वाहन मालिकों का कहना है कि वे इस शोषण से तंग आ चुके हैं और यदि इस मुद्दे का समाधान शीघ्र नहीं हुआ, तो वे बड़ा आंदोलन करने का विचार कर रहे हैं।

स्थानीय प्रशासन और वरिष्ठ अधिकारियों से अपील की गई है कि इस मामले पर शीघ्र संज्ञान लिया जाए और स्थानीय वाहन मालिकों के हितों की रक्षा की जाए। इस विवाद के कारण क्षेत्र में असंतोष बढ़ता जा रहा है और यदि इसे समय रहते हल नहीं किया गया, तो यह एक बड़े आंदोलन का रूप ले सकता है।

## बैंकों द्वारा किसानों को मिलने वाली केसीसी और अन्य ऋण पर चर्चा

**गिद्धौर/ चतरा।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में गुरुवार को बैंकर्स समिति की बैठक हुई, जिसमें एलडीएम रविंद्र कुमार सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित थे। बैठक में बैंकों द्वारा किसानों को मिलने वाली केसीसी और अन्य ऋण योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे जन सुरक्षा अभियान को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। इसके तहत वंचित परिवारों को अधिक से अधिक बैंक लाभ दिलाने की जानकारी दी गई। जन सुरक्षा कैंपेन के दौरान उन गांवों में शिविर आयोजित किए जाएंगे, जहां लोग बैंक सुविधाओं से वंचित हैं। इस दौरान बैंक सुविधाओं के लाभ के बारे में भी बताया गया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव, अंचल अधिकारी अनंत शयनम विश्वकर्मा, बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक अभिनव कुमार, जेएसएलपीएस के सदस्य और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### जिला स्तरीय अनुमोदन समिति की बैठक संपन्न

## लाभुकों के आवेदनों को किया गया अनुमोदित




संवाददाता

**चतरा।** चतरा समाहरणालय के सभा कक्ष में बुधवार को मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत जिला स्तरीय अनुमोदन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डीसी रमेश घोलप ने की। बैठक में जिले के विभिन्न वर्गों के 109 लाभुकों के द्वारा प्राप्त आवेदनों को अनुमोदित किया गया और उन्हें मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना से लाभान्वित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग के लाभुकों के लिए विभिन्न ऋण योजनाओं की स्वीकृति दी गई।

इसमें सूक्ष्म ऋण योजना से 25 लाभुकों को ऋण मिलेगा, व्यवसाय ऋण योजना से 55 लाभुकों को लाभ मिलेगा, वहीं 28 लाभुकों को कॉमर्शियल वाहन ऋण और एक लाभुक को प्लांट एंड मशीनरी ऋण दिया जाएगा। इन लाभों के माध्यम से जिले में स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में डीडीसी अमरेंद्र कुमार सिन्हा, डीटीओ इंदर कुमार, डीडब्लूओ शिशिर पंडित, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक एवं महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र चतरा समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।।डीसी रमेश घोलप ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य लोगों को स्वरोजगार से जोड़ना और उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान करना है, ताकि वे अपने व्यवसाय को स्थापित कर सकें और अपने जीवन स्तर को सुधार सकें। उन्होंने अधिकारियों से इस योजना के तहत ऋण वितरण प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने की बात कही ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें।

# गिद्धौर प्रखंड में 15 विद्यालयों के 364 बच्चों के बीच साइकिल वितरण

संवाददाता

**गिद्धौर/चतरा।** गिद्धौर प्रखंड कार्यालय परिसर में गुरुवार को एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 364 आठवीं कक्षा के छात्रों के बीच साइकिलों का वितरण किया गया। यह वितरण वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत किया गया, जिसमें गिद्धौर प्रखंड के 15 विभिन्न विद्यालयों के छात्रों को साइकिल प्रदान की गई। साइकिल वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव, अंचल अधिकारी अनंत शयनम विश्वकर्मा और प्रखंड प्रभारी कल्याण पदाधिकारी चितरंजन शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर इन अधिकारियों ने छात्रों को प्रेरित करते हुए शिक्षा की दिशा में उनकी मेहनत को सलाम किया और कहा



कि इस तरह के प्रयासों से छात्रों को विद्यालय जाने में सुविधा होगी, जिससे उनकी पढ़ाई में भी सुधार होगा। इस योजना के तहत गिद्धौर प्रखंड के 15 विद्यालयों के 364 आठवीं कक्षा के छात्रों को साइकिल दी गई, जिसमें मध्य विद्यालय गिद्धौर, बरटा, कन्या मध्य विद्यालय, पहरा, बारियातु, गांगपुर, इंदरवा, पेक्सा, रुपिन, नयाखाप, पिंडारकोण सहित अन्य विद्यालय शामिल हैं। इस दौरान प्रधानाध्यापक सिद्धेश्वर पांडेय, बबीता कुमारी, स्नेहलता, अर्जुन टोप्पो, रामलखन राम, दीपक कुमार, यदुनंदन पांडेय, सत्यदेव उपाध्याय सहित कई अन्य शिक्षकगण उपस्थित थे। साइकिल वितरण कार्यक्रम के आयोजन से छात्रों और उनके अभिभावकों में खुशी की लहर है। बच्चों के लिए यह एक अच्छा अवसर है, जिससे वे स्कूल आने-जाने में आसानी महसूस करेंगे और उनकी पढ़ाई में कोई रुकावट नहीं आएगी।

# एकल अभियान के तहत प्रखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन

संवाददाता

**लावालौंग।** प्रखंड मुख्यालय स्थित फुटबॉल मैदान में बृहस्पतिवार को एकल अभियान के तहत प्रखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस खेल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में एकल अभियान के लावालौंग संच अध्यक्ष निर्मल विश्वकर्मा शामिल हुए। एकल अभियान के लावालौंग संच प्रशिक्षक रामभजन कुमार ने बताया कि लावालौंग प्रखंड अंतर्गत 30 एकल विद्यालय संचालित हैं, जिनमें से लगभग सभी विद्यालयों के बच्चे इस खेल प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर की दौड़, कबड्डी, लॉन्ग जंप, हाई जंप और कुश्ती जैसे खेल आयोजित किए गए। प्रतियोगिता के अंत में विजेता और उपविजेता बच्चों



को पुरस्कृत किया गया, साथ ही सभी बच्चों को उत्साहवर्धन के तौर पर एक-एक कलम दिया गया। इस दौरान एकल विद्यालय के आचार्य गोपाल कुमार भोगता, नरेश दास, विकास कुमार, राजेंद्र भारती, रुपमणी कुमारी, प्रियंका कुमारी, रुमा कुमारी, रेखा देवी, सुमन देवी, ममता देवी, गुड़िया देवी, रंजू कुमारी, राधा देवी, यशोदा कुमारी समेत कई लोग उपस्थित थे।

# रामेश्वर लाल खंडेलवाल विद्या मंदिर ने प्रीमियर अकैडमी प्रतापपुर को 133 रनों से हराया

संवाददाता

**चतरा।** चतरा सदर प्रखंड के चंद्रमणि ग्राउंड में गुरुवार को आयोजित इंटर स्कूल क्रिकेट लीग टूर्नामेंट का चौथा मैच रामेश्वर लाल खंडेलवाल विद्या मंदिर चतरा और प्रीमियर अकैडमी प्रतापपुर के बीच खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में आरएलकेवीएम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतापपुर को 133 रनों से पराजित किया। आरएलकेवीएम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। टीम ने 30 ओवर में 8 विकेट खोकर 245 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। इसमें सिन्हा आर्यन की शानदार पारी रही, जिन्होंने 66 गेंदों पर 93 रन बनाए। उनके साथ किशन कुमार ने 34 और अंकित



कुमार ने 22 रनों का योगदान दिया। प्रीमियर अकैडमी प्रतापपुर की ओर से अरूणित कुमार ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट लिए। इसके बाद जब प्रतापपुर की टीम बल्लेबाजी करने आई, तो वे केवल 15.1 ओवर में 112 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। प्रतापपुर के लिए पीयूष कुमार ने 18 रन बनाए, लेकिन उनकी कोशिश असफल रही। आरएलकेवीएम के कप्तान आर्यन सिंह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट लिए और मैच को अपने पक्ष में किया। इसके अलावा सिन्हा आर्यन ने 2 विकेट, जबकि उज्जवल सिंह, शिवम कुमार और अंकित कुमार ने एक-एक विकेट प्राप्त किया।

मैच के दौरान सिन्हा आर्यन ने बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन किया और उन्हें मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। एसोसिएशन के संयुक्त सचिव मुमताज आलम ने उन्हें मोमेंटो से सम्मानित किया। इस मैच में अंपायर की भूमिका में अमित राज और कुंदन रॉय थे, जबकि स्कोरर की भूमिका कुंदन शाही ने निभाई। यह टूनामेंट प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन और रॉयल्स क्रिकेट क्लब चतरा द्वारा आयोजित किया जा रहा है। टूनामेंट में कई अन्य स्कूलों की टीम भी भाग ले रही हैं और प्रतियोगिता की स्थिति रोमांचक बनी हुई है। इस मौके पर एसोसिएशन के बिपिन कुमार, राज सिंह, छोटी यादव समेत कई प्रमुख लोग उपस्थित थे।

### बीसीए सीनियर को पिपरवार सीनियर ने 7 विकेट से हराया




**गिद्धौर/ चतरा।** प्रखंड मुख्यालय के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में खेले जा रहे लीग मैच में गुरुवार को बीसीए सीनियर और पिपरवार सीनियर के बीच मैच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बीसीए सीनियर ने 15.4 ओवर में सभी विकेट खोकर मात्र 80 रन बनाए। पिपरवार सीनियर की गेंदबाजी में रोहित कुमार ने छह ओवर में 25 रन देकर पांच विकेट और अमन कुमार ने तीन विकेट झटके। जवाबी पारी में पिपरवार सीनियर ने 10 ओवर में तीन विकेट खोकर 81 रन बनाकर लक्ष्य हासिल किया। पिपरवार सीनियर की ओर से बल्लेबाजी करते हुए विकास कुमार ने 29 गेंदों में 42 रन और रौशन ने 22 रन बनाए। बेहतर प्रदर्शन के लिए रोहित कुमार को मैन ऑफ द मैच दिया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष सरोज सिन्हा, सदस्य मिथिलेश कुमार राय, जिला क्रिकेट लीग अध्यक्ष प्रेम कुमार राणा, चंदन कुमार, सुमित कुमार और अन्य उपस्थित थे।

### चतरा सांसद ने लावालौंग के 70 हजार लोगों को बिजली और सड़क से जोड़ने का मामला लोकसभा में उठाया

संवाददाता

**चतरा।** चतरा संसदीय क्षेत्र के लावालौंग प्रखंड की 70 हजार की आबादी आजादी के 77 वर्षों बाद भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। यहां के लोग बिजली और पक्की सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं से दूर हैं, जिससे उनका जीवन स्तर प्रभावित हो रहा है। इस गंभीर समस्या को लेकर चतरा के सांसद कालीचरण सिंह ने लोकसभा में आवाज उठाई। सांसद ने बताया कि लावालौंग प्रखंड में 50% आदिवासी, 30% अनुसूचित जाति और 20% ओबीसी आबादी रहती है। इतने बड़े हिस्से की जनसंख्या को अब तक बिजली और सड़क जैसी सुविधाओं से वंचित रखना चिंता का विषय है। उन्होंने लोकसभा में सड़क परिवहन मंत्री से बगरा मोड़ से पांकी तक 30 किलोमीटर पक्की सड़क बनाने की मांग की, जिससे लातेहार और चतरा जिलों के बीच बेहतर कनेक्टिविटी स्थापित हो सके। सांसद ने यह भी कहा कि इससे न केवल क्षेत्र के लोगों को सुविधा मिलेगी, बल्कि 70 हजार की आबादी को रोजगार और विकास के नए अवसर मिलेंगे। सांसद कालीचरण सिंह ने ऊर्जा मंत्री से भी अपील की कि लावालौंग के गांवों में बिजली पहुंचाने के लिए पोल पर तार लगवाए जाएं, ताकि यहां के बच्चों को शिक्षा में मदद मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि बिजली और सड़क की कनेक्टिविटी से क्षेत्र में विकास के नए रास्ते खुलेंगे और लोगों का जीवनस्तर बेहतर होगा।

# धनबाद में अवैध कोयला कारोबार के खिलाफ डीजीपी की विशेष टीम की छापेमारी

संवाददाता



**धनबाद।** धनबाद में अवैध कोयला कारोबार को लेकर एक बार फिर पुलिस की विशेष टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। झारखंड पुलिस के डीजीपी की विशेष टीम ने गुरुवार को रांची से धनबाद पहुंचकर कई स्थानों पर छापेमारी की।

यह छापेमारी धनबाद जिले के पंचेत, जामडीह, खैरकियारी और लुचीबाद जैसे प्रमुख क्षेत्रों में की गई, जहां अवैध कोयला कारोबार की गतिविधियां सक्रिय थीं। पुलिस टीम ने इस दौरान भारी मात्रा में अवैध कोयला बरामद किया और एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया गया। पुलिस के अनुसार, इन क्षेत्रों में कोयला चोरी और अवैध खनन के कारण यह कारोबार लगातार बढ़ता जा रहा था।

विशेष टीम ने इस संदर्भ में शिकायतों के आधार पर इन स्थानों पर जांच शुरू की थी, जिनमें से कई इलाकों में कोयला की तस्करी और अवैध कारोबार के संकेत मिले थे। यह कार्रवाई इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि धनबाद में पिछले कुछ समय से अवैध कोयला कारोबार फिर से बढ़ने लगा है। कोक और हार्डकोक प्लांटों में अवैध रूप से कोयला खपाने की घटनाएं सामने आ रही थीं, जहां कोयला सस्ते दामों पर पहुंचता है। यह कोयला मुख्य रूप से अवैध खनन के जरिए लाया जाता है और फिर इसे कोल डिपो या डिस्को पेपर के माध्यम से विभिन्न राज्यों की कोयला मंडियों में भेजा जाता है।

विभिन्न सिंडिकेटों के सदस्य इन अवैध कारोबार में शामिल होते हैं, जिससे स्थानीय सरकार और प्रशासन के लिए इसे नियंत्रित करना चुनौतीपूर्ण हो गया है।

इस छापेमारी से यह संकेत मिलता है कि पुलिस अब इन आपराधिक नेटवर्क को समाप्त करने के लिए सख्त कदम उठा रही है। विशेष टीम की यह कार्रवाई धनबाद में अवैध कोयला कारोबार को समाप्त करने और इस क्षेत्र में कानून-व्यवस्था कायम रखने के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। पुलिस विभाग अब इस पूरे मामले की और गहराई से जांच करने की योजना बना रहा है ताकि इस काले कारोबार पर पूरी तरह से रोक लगाई जा सके।

## राशन कार्ड का दुरुपयोग करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

# 20 दिसंबर तक सरेंडर करने का आदेश

संवाददाता

**पलामू/धनबाद।** प्रशासन ने आर्थिक रूप से संपन्न लोगों द्वारा राशन कार्ड के दुरुपयोग को रोकने के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। ऐसे लोगों को 20 दिसंबर तक राशन कार्ड सरेंडर करने का आदेश दिया गया है। यदि वे ऐसा नहीं करते हैं, तो उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन का कहना है कि कई संपन्न परिवार जो आर्थिक रूप से मजबूत हैं, वे जरूरतमंदों का हक छीनकर राशन कार्ड का



लाभ उठा रहे हैं। इस कारण योग्य और वंचित लोग योजनाओं से वंचित रह जाते हैं। इसके अलावा, सरकार को भी आर्थिक नुकसान होता है। यदि लाभार्थी राशन कार्ड सरेंडर नहीं करते हैं, तो उनके खिलाफ आपराधिक कार्यवाही की जाएगी। लिए गए राशन की वसूली बाजार दर और 12% वार्षिक ब्याज के साथ की जाएगी। वहीं, यदि लाभुक किसी सरकारी या स्वायत्त संस्थान में कार्यरत है, तो उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी होगी। प्रशासन ने अपील की है कि ऐसे लोग प्रपत्र-10 जी के माध्यम से अपने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के पास आवेदन जमा करें।

## संक्षिप्त खबरें

### इस्पात मंत्रालय की परामर्श समिति की बैठक में हरित इस्पात पर विचार-विमर्श



**धनबाद।** धनबाद लोकसभा क्षेत्र के सांसद ढुल्लू महतो ने इस्पात मंत्रालय की परामर्श समिति की बैठक में भाग लिया। बैठक में भारतीय इस्पात उद्योग को हरित इस्पात की ओर ले जाने की रणनीति और इसके पर्यावरणीय लाभों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय इस्पात मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने की। बैठक में चर्चा का केंद्र भारतीय इस्पात उद्योग को पर्यावरण-अनुकूल बनाना और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी लाने की दिशा में उठाए जा रहे कदम रहे। सांसद महतो ने अपने विचार रखते हुए कहा कि हरित इस्पात न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है, बल्कि यह भारतीय उद्योगों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने में भी सहायक होगा। उन्होंने कहा कि धनबाद जैसे औद्योगिक क्षेत्रों को हरित इस्पात के माध्यम से अनेक लाभ मिल सकते हैं। इससे न केवल रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन भी सुनिश्चित होगा। बैठक में हरित इस्पात प्रौद्योगिकी, पुनर्नवीनीकरण सामग्री के अधिकतम उपयोग और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के उपायों पर भी चर्चा हुई। इसके अतिरिक्त, हरित इस्पात के उत्पादन के लिए स्वच्छ ऊर्जा और आधुनिक तकनीकों को अपनाने पर विशेष जोर दिया गया। श्री महतो ने इस्पात उद्योग में रोजगार सृजन के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि धनबाद जैसे क्षेत्र, जो औद्योगिक और खनन गतिविधियों के लिए जाने जाते हैं, हरित इस्पात की पहल से दीर्घकालिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक होगी, बल्कि आर्थिक विकास को भी गति देगी। बैठक में उपस्थित विशेषज्ञों और अधिकारियों ने भी हरित इस्पात परियोजनाओं को लेकर अपने विचार साझा किए। सांसद श्री महतो ने कहा कि हरित इस्पात भारतीय इस्पात उद्योग के भविष्य को आकार देने का माध्यम बनेगा। धनबाद और झारखंड जैसे औद्योगिक क्षेत्रों के लिए यह पहल रोजगार, विकास और पर्यावरण संरक्षण के लिए अत्यंत लाभकारी होगा। यह बैठक सरकार की इस प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है कि कैसे देश के प्रमुख उद्योगों को पर्यावरण-अनुकूल बनाने और सतत विकास सुनिश्चित करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

### दीपिका पांडेय सिंह को ग्रामीण विकास मंत्री बनने पर बधाई

**धनबाद।** झारखंड पंचायत एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सह धनबाद जिला परिषद चेयरमैन शारदा सिंह और जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि शेखर सिंह ने दीपिका पांडेय सिंह को झारखंड सरकार में ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री बनने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। शारदा सिंह ने कहा कि दीपिका पांडेय सिंह का यह पदभार राज्य के ग्रामीण विकास में एक नया अध्याय जोड़ेगा। उनके नेतृत्व में झारखंड के पंचायत क्षेत्र में व्यापक बदलाव और प्रगति की उम्मीद है। शेखर सिंह ने कहा कि उनके अनुभव और दूरदर्शी सोच से झारखंड में विकास की नई संभावनाएं साकार होंगी। दोनों नेताओं ने मंत्री के प्रति अपने विश्वास को व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और सफलता की कामना की।

### शराब के नशे में मारपीट और रंगदारी मांगने वाला युवक गिरफ्तार

**लखीसराय/ धनबाद।** शहर के धर्मरायचक निवासी साधु मंडल के पुत्र राकेश को शराब के नशे में मारपीट और रंगदारी मांगने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। टाउन थानाध्यक्ष सुनील कुमार सहनी ने बताया कि मोहल्ले के संवेदक प्रवीण कुमार ने पुलिस को आवेदन देकर शिकायत की थी। शिकायत में कहा गया कि राकेश ने नशे की हालत में उनके साथ मारपीट की और पैसे की मांग की। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए प्राथमिकी दर्ज की और आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और पीड़ित के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### धनबाद निवासी जाली नोट कारोबारी दोषी करार, 18 दिसंबर को सुनाई जाएगी सजा

**लखीसराय/धनबाद।** व्यवहार न्यायालय के एडीजे प्रथम कोर्ट के न्यायाधीश शुभनंदन झा ने धनबाद निवासी अर्जुन बांसफोड़ा को जाली नोट कारोबार के मामले में दोषी करारदिया है। यह मामला 18 मार्च 2022 का है, जब झाझा रेलवे स्टेशन के पार्किंग क्षेत्र से किऊल आरपीएफ इंस्पेक्टर अरविंद कुमार सिंह ने उसे ?2.63 लाख के जाली नोट, विभिन्न बैंकों के एटीएम कार्ड और कई कंपनियों के सिम कार्ड के साथ गिरफ्तार किया था। इसके बाद 19 मार्च 2022 को रेलवे स्टेशन पर उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया। अभियोजन पक्ष के अपर लोक अभियोजक हरेराम शर्मा ने बताया कि कोर्ट में अभियुक्त के खिलाफ पर्याप्त सबूत पेश किए गए, जिससे उसे दोषी ठहराया गया। बचाव पक्ष से वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेश प्रसाद सिंह उर्फ शशि सिंह ने जोरदार दलीलें दीं, लेकिन वे आरोपी को बचाने में असफल रहे। कोर्ट ने अर्जुन बांसफोड़ा को दोषी करार देते हुए 18 दिसंबर को सजा सुनाने का निर्णय लिया है।

# सांसद ढुलू महतो ने संसद में जनजातीय अधिकारों और क्षेत्रीय विकास के मुद्दे उठाए

संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के सांसद ढुल्लू महतो ने संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान जनहित और क्षेत्रीय विकास से संबंधित कई महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाते हुए सरकार का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों की पहुंच को बढ़ाने और आत्मनिर्भर भारत अभियान को और सशक्त बनाने के लिए उठाए जा रहे कदमों पर सवाल पूछे।

इस पर सरकार ने जानकारी दी कि अब तक 54.78 लाख से अधिक को 'उधम पोर्टल' पर पंजीकृत किया गया है। यह पंजीकरण आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत किया गया है, जिसका उद्देश्य छोटे और मध्यम उद्योगों को सशक्त बनाना है। इसके अलावा, सरकार ने टरटए सेक्टर को वित्तीय सहायता प्रदान करने और रोजगार सृजन में योगदान देने के लिए कई योजनाओं पर कार्य किया है।

श्री महतो ने संसद में जनजातीय समुदायों के अधिकार, उनकी शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति पर विशेष चर्चा की। उन्होंने वन अधिकार अधिनियम, 2006 के प्रभावी क्रियान्वयन की प्रगति और झारखंड में जनजातीय समुदायों के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी मांगी। सरकार ने बताया कि जनजातीय समुदायों के सशक्तिकरण के लिए



झारखंड समेत देशभर में 'अबुआ वीर दशोम अभियान' और 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कृष्ट अभियान' जैसी पहलें शुरू की गई हैं। इन अभियानों के अंतर्गत झारखंड और अन्य राज्यों में जनजातीय बच्चों के लिए 715 आवासीय विद्यालयों की स्थापना की गई है। इसके साथ हीं स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए 616 मोबाइल चिकित्सा इकाइयां चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य जनजातीय समुदायों के जीवन स्तर को सुधारना और उन्हें मुख्यधारा में लाना है।

सांसद महतो ने कहा कि धनबाद की जनता के अधिकार और विकास सुनिश्चित करना मेरी प्राथमिकता है। संसद में उठाए गए मेरे सवाल और सरकार से प्राप्त उत्तर न केवल धनबाद, बल्कि पूरे झारखंड के विकास को नई दिशा देंगे।

## ग्रामीणों के विरोध के बाद सड़क काटी गई, परियोजना के विस्तारीकरण की राह साफ

संवाददाता

**धनबाद।** कतरास स्थित न्यू आकाशकिनारी कोलियरी के विस्तारीकरण के दौरान सड़क काटने को लेकर ग्रामीणों और प्रबंधन के बीच तनावपूर्ण माहौल पैदा हो गया। कोलियरी मैनेजर अमित कुमार और उनकी टीम जब सड़क काटने पहुंची, तो बस्ती के लोग विरोध करने लगे। इस बीच प्रबंधन और ग्रामीणों के बीच तीखी बहस हुई और सात घंटे तक आउटसोर्सिंग का काम ठप रहा। ग्रामीणों का आरोप था कि प्रबंधन ने बिना उचित जानकारी के सड़क काटने का प्रयास किया, जिससे उनका दैनिक जीवन प्रभावित होगा। मामले की सूचना पर धनबाद ट्रैफिक डीएसपी अरविंद कुमार, कतरास थानाध्यक्ष असीत कुमार सिंह और सीआईएसएफ की टीम मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों के बीच बातचीत कराई। प्रबंधन ने ग्रामीणों को दूसरे छोर पर वैकल्पिक रास्ता देने का आश्वासन दिया, जिसके बाद ग्रामीण मान गए और सड़क काटने की अनुमति दी गई।

## 'पोषण भी, पढ़ाई भी' विषय पर प्रशिक्षण दूसरे दिन जारी



संवाददाता

**गिरिडीह/ धनबाद।** गिरिडीह जिले में आंगनबाड़ी सेविकाओं के लिए ₹पोषण भी, पढ़ाई भी₹ विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थानीय होटल श्याम सरोवर में आयोजित किया जा रहा है, जहां बेंगाबाद, गाण्डेय, गिरिडीह सदर, गिरिडीह शहरी, पीरटाड़ और डुमरी परियोजनाओं के अंतर्गत कुल 200 आंगनबाड़ी सेविकाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी सेविकाओं को बच्चों के पोषण और शिक्षा के प्रति संवेदनशील बनाना है, ताकि वे बच्चों के समग्र विकास में सक्रिय रूप से भाग ले सकें। प्रशिक्षण के दूसरे दिन श्रीमती सुशाना केरकेट्टा ने बच्चों के प्रारंभिक अवस्था से देखभाल करने और उन्हें शिक्षा देने के महत्व पर विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि बच्चों का विकास 6 वर्ष तक की आयु में महत्वपूर्ण होता है, और इस समय बच्चों को उचित पोषण और शिक्षा मिलनी चाहिए। जिला पोषण समन्वयक, श्रीमती मेरी टुड्डू ने भी इस विषय पर चर्चा की और बताया कि सरकार बच्चों के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रशिक्षण में आंगनबाड़ी सेविकाओं को बच्चों के चार अधिकार झ्र जीने का अधिकार, विकास का अधिकार, सुरक्षा का अधिकार, और सह-भागिता का अधिकार पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। साथ ही, पोषण ट्रैकर ऐप के माध्यम से लाभुकों की डाटा इंट्री और नए लाभुकों को जोड़ने की जानकारी भी दी गई।

# मध्य विद्यालय खरिकाबाद में शिक्षकों की कमी को लेकर ग्रामीणों ने की शिकायत

संवाददाता

**धनबाद।** मध्य विद्यालय खरिकाबाद में पठन-पाठन में आ रही समस्याओं को लेकर विद्यालय प्रबंधन समिति, ग्रामीणों, और ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड जिला इकाई धनबाद के प्रतिनिधिमंडल ने जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय में जिला शिक्षा अधिकारी निशु कुमारी और जिला शिक्षा अधीक्षक आयुष कुमार से मुलाकात की। ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय में कुल 225 से अधिक छात्र-छात्राएं पढ़ाई करते हैं, लेकिन शिक्षकों की संख्या केवल तीन है। इनमें से एक प्रभारी प्रधानाध्यापक और दो शिक्षक वर्ग संचालन कर रहे हैं। इस कारण छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जोर देकर कहा कि विद्यालय में शिक्षकों की कमी के कारण बच्चों



का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। बच्चों को विभिन्न विषयों की पढ़ाई में पर्याप्त मार्गदर्शन नहीं मिल पा रहा है, जिससे उनका शैक्षिक विकास बाधित हो रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक ने आश्वासन दिया कि तत्काल एक शिक्षक को विद्यालय में नियुक्त किया जाएगा। इसके साथ हीं फरवरी-मार्च 2024 तक जिले के सभी विद्यालयों में शिक्षकों की कमी को दूर करने का प्रयास किया जाएगा। इस बैठक में ज्ञान विज्ञान समिति के सचिव भोला नाथ राम, मधेश्वर नाथ भगत, और विद्यालय परिवार के कई सदस्य, जिनमें रूबी देवी, रिंकू देवी, राजकुमारी देवी, पूजा देवी, उमा देवी, ममता देवी, कविता देवी, और गुड़िया देवी ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# विलुप्तप्राय बिरहोर जनजाति के स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन

संवाददाता

**गिरिडीह/ धनबाद।** गिरिडीह जिले के बिरहोर जनजाति समुदाय के स्वास्थ्य हालात में सुधार लाने के उद्देश्य से एक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बगोदर और बनवासी विकास आश्रम के संयुक्त प्रयासों से आयोजित किया गया था। बिरहोर जनजाति एक विलुप्तप्राय आदिवासी समुदाय है, जो स्वास्थ्य जागरूकता की कमी और खराब स्वास्थ्य सेवाओं के कारण काफी समस्याओं का सामना कर रहा है। शिविर का मुख्य उद्देश्य बिरहोर समुदाय के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना और उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। इस शिविर में 45 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिनमें बच्चे




और महिलाएं शामिल थीं। विशेषज्ञ डॉक्टर रमापति और उनकी टीम ने ब्लड प्रेशर, शुगर लेवल, पोषण की स्थिति, बच्चों की स्वास्थ्य जांच, महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं का निदान किया। साथ ही, महिलाओं और बच्चों को उचित दवाइयां भी वितरित की गईं। शिविर में 7 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई, जिनमें से 3 में मधुमेह का मामला सामने आया और एक अन्य महिला को आंखों से संबंधित समस्या पाई गई। विशेषज्ञ डॉक्टरों ने इन महिलाओं को उचित स्वास्थ्य सलाह दी। शिविर में सामुदायिक कार्यकताओं कृष्णा हेम्ब्रम और रवि पासवान की भूमिका को सराहा गया। स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत किया और स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के लिए इस प्रकार के शिविरों की आवश्यकता बताई।

# मारवाड़ी समाज पर हमले को लेकर प्रशासन पर दबाव, त्वरित कार्रवाई की मांग

संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल के नेतृत्व में आठ सदस्यीय शिष्टमंडल ने चिरकुंडा थाना कांड संख्या 267/24 के तहत दर्ज मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग को लेकर धनबाद के उपायुक्त और वरीय पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की। बता दें कि यह घटना 29 नवंबर 2024 की है, जब चिरकुंडा के कुछ स्थानीय अपराधियों ने कीर्तन करके घर लौट रहे मारवाड़ी समाज के व्यापारियों पर थूक दिया। इस अपमानजनक घटना का विरोध करने पर अपराधियों ने हरवे - हथियार से उन पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में अभिषेक जिंदल और गौरव अग्रवाल को गंभीर चोटें आईं,



जिनका इलाज दुगार्पुर के मिशन अस्पताल में किया गया। साथ ही राहुल खरकिया और संदीप अग्रवाल भी इस घटना में घायल हुए।

इस संबंध में चिरकुंडा थाना में आरोपियों अंकित यादव, रोहित यादव, राजू, बोना और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। हालांकि, घटना के 13 दिन बाद भी किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। शिष्टमंडल ने बताया कि अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं, जिससे पीड़ित परिवार और समाज के लोग भयभीत हैं। इस डर का माहौल मारवाड़ी समाज के व्यापारियों और अन्य लोगों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता पैदा कर रहा है। मारवाड़ी सम्मेलन के शिष्टमंडल ने उपायुक्त और वरीय पुलिस अधीक्षक से मांग की कि आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाय। साथ हीं चिरकुंडा के तालडांगा इलाके में चल रही अवैध शराब की भट्टियों को भी तत्काल बंद किया जाय, जो अपराधियों के पनपने का मुख्य कारण है।

अधिकारियों ने शिष्टमंडल को आश्वासन दिया कि इस मामले में शीघ्रता से कार्रवाई की जाएगी और समाज की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। शिष्टमंडल में अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल के साथ प्रमंडलीय मंत्री जितेंद्र अग्रवाल, सम्मेलन के सचिव निरंजन अग्रवाल, प्रणय गढ़ूयान, राजू जिंदल, संदीप अग्रवाल, विकास गढ़ूयान, और आकाश गढ़ूयान शामिल थे।

## अबुआ आवास योजना की तीसरी किस्त में देरी, लाभुक परेशान




संवाददाता

**गिरिडीह/धनबाद।** बिरनी प्रखंड के कई लाभुकों को अबुआ आवास योजना के तहत तीसरी किस्त का पैसा अभी तक नहीं मिल पाया है, जिसके कारण उनके आवास निर्माण का कार्य ठप पड़ा है। ये लाभुक महीनों से तीसरी किस्त का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन अभी तक उनके खातों में राशि हस्तांतरित नहीं की गई है। इस देरी के कारण लोगों में निराशा और असंतोष बढ़ रहा है। अबुआ आवास योजना के तहत झारखंड सरकार द्वारा पहले और दूसरे किस्त की राशि लाभुकों के खातों में भेजी जा चुकी है, जिससे कुछ लाभुक तो खुश हैं, लेकिन जिनका दूसरा किस्त अभी तक नहीं आया है, वे काफी परेशान हैं। वे यह आशा कर रहे हैं कि राज्य सरकार और संबंधित विभाग जल्द ही उनकी बकाया किस्त जारी करेंगे, ताकि उनका आवास निर्माण कार्य शुरू हो सके और उनका आवास का सपना साकार हो सके। लोग अब सरकार से इस मुद्दे पर शीघ्र कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं, क्योंकि सरकार पहले ही सत्ता में आ चुकी है और लोगों ने पुनः अपनी आशाओं को सरकार पर केंद्रित किया है।

## सुभाषितम्

**सन्यास हृदय की एक दशा का नाम है, किसी ऊपरी नियम या वेशभूषा का नहीं। - श्रीमद् भगवदगीता**

## सभापति धनखड़ के लिए बड़ा झटका


विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि इंडिया गठबंधन के दलों के लिए यह बेहद ही कष्टकारी निर्णय रहा है, क्योंकि भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था में पहली बार किसी उच्च सदन के सभापति के खिलाफ यह प्रस्ताव लाया गया है लेकिन संसदीय लोकतंत्र के हित में यह अभूतपूर्व कदम उठाना पड़ा है। यह प्रस्ताव अभी राज्यसभा के सेक्रेटरी जनरल को सौंपा गया है, यह विपक्ष की दलील है, विपक्ष का आरोप है कि राज्य सभा के सभापति जगदीप धनखड़ पक्षपातपूर्ण तरीके से सदन की कार्यवाही का संचालन करते हैं, जबकि सभापति को निष्पक्ष होना चाहिए, चूंकि सदन किसी पार्टी नहीं बल्कि सदन में सभी दलों के लिए होता है, कांग्रेस ने कहा कि भारतीय लोकतांत्रिक राजनीति में सबसे पक्षपाती सभापति के रूप में धनखड़ को याद किया जाएगा।

संसद के मौजूदा सत्र की शुरूआत से ही सदन में भारत के जाने माने कारोबारी गौतम अदानी और अन्य कई मुद्दे को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच गतिरोध जारी है। इस सत्र की शुरूआत से ठीक पहले ही गौतम अदानी पर अमेरिका में धोखाधड़ी के आरोप तय किए जाने की खबर आई थी, और अमेरिका में अदानी के खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट भी जारी किया गया, इसके बाद कांग्रेस भाजपा एवं मोदी सरकार पर लगातार निशाना लगा रही है और सदन में चर्चा की मांग कर रही है, पिछले कुछ दिनों से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सदन के बाहर अदानी और सरकार को गिरने के लिए मास्क और टी शर्ट पहनकर आए जिसमें कारोबारी अडानी और मोदी की नजदीकी दिखाई गई, जैसा माना जा रहा था, जिस पर सरकार ने आपत्ति दर्ज की। कांग्रेस पार्टी पहले भी कई मुद्दों को लेकर अदानी के मसले पर जेपीसी की मांग करती रही है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि हम अडानी के मुद्दे पर सरकार को छोड़ने वाले नहीं है जब तक इसकी तह तक नहीं जाएंगे हम पीछे नहीं हटेंगे। अडानी के मुद्दे पर सरकार हमेशा ही बचती रही है। सरकार भी अपनी ज़िद पर अड़ी हुई है और वह इस पर चर्चा नहीं करना चाहती है।

किरण रिजिजू ने कहा - मैं एक बार फिर से स्पष्ट तौर पर कह रहा हूं कि एक बार जब संसद सुचारू तौर पर चल रही है तो कांग्रेस पार्टी ने किस वजह से ड्रामा शुरू किया? ऐसे मास्क और जैकेट पहनकर आने कि क्या जरूरत है जिसपर स्लोगन लिखे हुए हों...? रिजिजू ने कहा है, हम यहां देश की सेवा करने के लिए आए हैं, इस तरह का ड्रामा देखने के लिए नहीं आए हैं, जो नोटिस कांग्रेस पार्टी और उसके कुछ सहयोगियों ने दिया है, उसे निश्चित तौर पर नामंजूर किया जाना चाहिए और उसे नामंजूर किया जाएगा, जबकि जयराम रमेश ने समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत में आरोप लगाया है, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने खुद चेयरमैन साहब के सामने कहा कि जब तक आप लोकसभा में अदानी का मुद्दा उठाएंगे, हम राज्यसभा को चलाने नहीं देंगे और इसमें चेयरमैन साहब भी शामिल हैं, चेयरमैन साहब को इसमें अडिग रहना चाहिए। देखा जाए तो राज्यसभा में संख्या बल के लिहाज से अविश्वास प्रस्ताव का गिरना तय माना जा रहा है क्योंकि विपक्ष के पास जरूरी संख्या बल नहीं है और और वे इसे पास नहीं करा पाएंगे। यह बात प्रस्ताव पेश करने वाले विपक्षी दलों को भी अच्छी तरह मालूम है, लेकिन गौर करने वाली बात है देश के संसदीय इतिहास में पहली बार सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आना खुद सभापति जगदीप धनखड़ और सरकार के लिए शर्मिंदगी की बात है। उच्च सदन के सभापति का पद बहुत ही सम्माननीय पद होता है जिसकी इज्जत देश की प्रतिष्ठा के साथ जुड़ी हुई होती है।

सभापति किसी पार्टी विशेष का नहीं होता उसका नजरिया सभी पार्टियों के लिए बराबरी का होना चाहिए, निष्पक्ष होना चाहिए, पक्षपाती पूर्ण नहीं होना चाहिए। ऐसी उम्मीद की जाती है, और की जानी चाहिए' अब चूंकि उच्च सदन के सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है तो इस अविश्वास प्रस्ताव पर बहस होगी, जिसमें विपक्ष सभापति धनखड़ के जाने - अनजाने पहलूओं पर बात करेगा। यानी उनके पक्षपातपूर्ण बर्ताव के अलावा भी उनके बारे में वे सारी बातें कही जाएंगी, जो आम लोग नहीं जानते हैं या बहुत कम लोग जानते हैं। यह किसी भी सभापति के लिए बेहद निराशाजनक है, क्योंकि सभापति की इज्जत सभी दलों के लिए अनिवार्य होती है' पिछले कई सालों से देखा गया है की निम्न सदन एवं उच्च सदनों के सभापतियों का रवैया बेहद खराब रहा है। सदन के अंदर ही विपक्ष के नेताओं को क्या-क्या नहीं कहा जाता है लेकिन कई बार सभापति उन्हें ठोकते नहीं जो किसी भी तरह से सही नहीं कहा जा सकता। यह अविश्वास प्रस्ताव भविष्य में आने वाले किसी भी सभापति के लिए एक नजीर की तरह हो सकता, एक सबक हो सकता है कि उन्हें निष्पक्ष रहना है सत्ता के हाँ में हां नहीं मिलना है। अतः विपक्ष की भी सुनना है और उन्हें संरक्षण भी देना है यह नैतिक जिम्मेदारी होती है। हालांकि इतना सब होने के बाद भी धनखड़ जी रवैये में कोई गुणात्मक बदलाव नहीं होगा।

# विपक्षी दल मतदाताओं से हार जाते हैं, दोष ईवीएम को



पंकज जगन्नाथ जयसवाल

पहले, गांधी परिवार की कांग्रेस के लिए हर चुनाव में भारी बहुमत पाना सहज प्रक्रिया थी, लेकिन अब राहुल गांधी और अन्य वंशवादी दलों के लिए चुनाव जीतना एक दुःस्वप्न बन गया है। बढ़ती साक्षरता दर, राष्ट्रीय चिंताओं की बढ़ती समझ और कांग्रेस का असली चेहरा हमारे अद्भुत देश के लोगों को दिखाई दे रहा है। हालांकि, गांधी परिवार और वंशवादी राजनीतिक दल वास्तविकता को स्वीकार करने में हिचकिचाते हैं। वे मानते हैं कि राज्यों और राष्ट्र पर शासन करना उनका जन्मजात अधिकार है और जब 2014 के बाद से ऐसा नहीं हुआ है, तो वे तथ्यों पर विचार किए बिना तकनीकी रूप से बेहतर चुनावी प्रक्रियाओं और सरकारी संस्थानों को दोष देते हैं। महाराष्ट्र के मारकड़वाड़ी गांव में मतपत्र से मतदान को लेकर जो नाटक हुआ, वह डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर के संविधान का अपमान है। किसी भी राजनीतिक दल या व्यक्ति को स्वार्थी कारणों से संविधान का अनादर करने का अधिकार नहीं है।

**ईवीएम हैक क्यों नहीं किया जा सकता**

अगर ईवीएम हैकिंग संभव है, तो क्या सोनिया गांधी के नेतृत्व वाली शक्तिशाली कांग्रेस ने पीएम उम्मीदवार नरेन्द्र मोदी को 2014 के लोकसभा चुनाव में बहुमत से जीतने दिया होता? अगर ईवीएम हैकिंग संभव है तो भाजपा, जो 2024 के लोकसभा चुनाव में 400 या उससे अधिक सीटों का लक्ष्य लेकर चल रही थी, उसे केवल 240 सीटें ही क्यों मिलीं, जो 272 सीटों के साधारण बहुमत से भी कम है? अगर ईवीएम हैकिंग संभव है, तो भाजपा केरल, तमिलनाडु, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, पंजाब और जम्मू कश्मीर में इतने बड़े अंतर से क्यों हारी। ये भाजपा के जीतने के लिए महत्वपूर्ण राज्य हैं। तार्किक रूप से, अगर हम इन सभी तर्कों पर विचार करते हैं, तो इंडी गठबंधन की झूठी कहानी विफलता को स्वीकार करने में असमर्थ प्रतीत होती है।

**ईवीएम को अपनाना क्यों आवश्यक था**

1990 के दशक के दौरान चुनाव आयुक्त टीएन शेषन ने मतपत्र धोखाधड़ी से निपटने के महत्व को



पहचाना। उन्होंने संभावित उत्तर के रूप में ईवीएम के विकास पर जोर दिया। जबकि राजनीतिक दलों ने चिंता व्यक्त की थी, लेकिन ईवीएम से छेड़छाड़ का समर्थन करने के लिए कोई ठोस सबूत पेश नहीं किया गया है। हालांकि, समस्या बनी हुई है। ईवीएम की शुरूआत से पहले, भारतीय चुनावों में वोट डालने के लिए मतपत्रों का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता था। मतपत्रों का उपयोग समय लेने वाला था, बूथ कैप्चरिंग और मतपेटी में बदलावं जैसी गड़बड़ियों का खतरा था, गलत मार्किंग के कारण बड़ी संख्या में अवैध वोट होते थे, लंबी गिनती की कवायद, अधिक विवाद और देरी से परिणाम की घोषणा होती थी और यह एक पर्यावरण को हानि करने वाला और गैर-पर्यावरणीय तरीका था।

2017 में जब भारत के चुनाव आयोग ने सभी राजनीतिक दलों से ईवीएम मशीनों की हैकिंग या छेड़छाड़ साबित करने को कहा तो कोई भी राजनीतिक दल ऐसा नहीं कर पाया, जिससे यह साबित हो गया कि चुनाव हारने के बाद इंडी गठबंधन द्वारा लगाए गए आरोप महज मतदाताओं को धोखा देने और डॉ बाबासाहेब अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान में विश्वास की कमी पैदा करने का नाटक है। पहले, कागज मोड़ने और मतदाताओं द्वारा अपने स्टांप की जगह को थोड़ा बदलने के कारण कई वोट रद्द हो जाते थे। कई अनपढ़ व्यक्ति या कांपते हाथों ने अपने स्टांप को बॉक्स की सीमा पर या बाहर थोड़ा धकेल दिया, जिससे वोट अवैध हो जाते थे। विभिन्न स्थानों पर राजनीतिक गुंडों और असामाजिक तत्वों ने बॉक्सों की अदला-बदली की। गिनती एक मैनुअल प्रक्रिया का उपयोग करके हुई, जिससे गलत गिनती की संभावना बढ़ जाती थी।

**ईवीएम के महत्वपूर्ण और ध्यान देने योग्य लाभ -**

ईवीएम के साथ मतदान करना काफी सरल और मतदाता-अनुकूल है क्योंकि मतदाता को अपने पसंदीदा उम्मीदवार को वोट देने के लिए केवल बीयू पर बटन दबाने की आवश्यकता होती है। ईवीएम प्रणाली में कोई भी अवैध वोट नहीं होता है, हालांकि बैलेट पेपर प्रणाली के साथ, काफी संख्या में बैलेट पेपर अवैध हो जाते थे, और कुछ परिस्थितियों में, अवैध बैलेट पेपर की संख्या निर्वाचित उम्मीदवार के जीत के अंतर से अधिक हो जाती थी। यह ऑडिट करने योग्य, पारदर्शी, सटीक, सुरक्षित है, और मानवीय त्रुटि को कम करता है। यह कुछ घंटों में तेज परिणाम प्रदान करता है, जो कि भारत जैसे विशाल देशों में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जहाँ कई सौ हजार मतदाता हैं, जहाँ गिनती में कई दिन या हफ़्ते लगते थे ईवीएम मतदान से समय, ऊर्जा और धन की भी बचत होती है, लाखों पेड़ों की तो बात ही छोड़िए। पहले, करोड़ों बैलेट पेपर छापे जाते थे, जिसके लिए सैकड़ों टन कागज की जरूरत होती थी, और बैलेट पेपर का उत्पादन बहुत लंबे समय तक बड़ी संख्या में सरकारी प्रेस में किया जाता था, जिसके लिए प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में सैकड़ों चुनाव अधिकारी नियुक्त किए जाते थे। इसके अलावा, देश में मतदान के लिए आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक्स में प्रगति का अभिनव उपयोग भारतीय समाज की रचनात्मकता, आविष्कारशीलता और अग्रणी कौशल का पूर्ण समर्थन करता है, साथ ही अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश की छवि और प्रतिष्ठा को बेहतर बनाने में भी मदद करता है। जैसा कि स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है, मतपत्रों और ईवीएम दोनों के साथ 7 दशकों से अधिक समय तक चुनाव कराने में संचित तुलनात्मक अनुभव का भार, साथ ही ईवीएम का उपयोग करने के कई स्पष्ट लाभ, ईवीएम को वोट डालने का पसंदीदा तरीका बनाते हैं। मतपत्रों का उपयोग स्पष्ट रूप से एक पारंपरिक, पुरातन मतदान प्रक्रिया थी। मतपत्रों का उपयोग करने की पिछली प्रथा के साथ उपरोक्त मुद्दों को संबोधित करने के साथ-साथ तकनीकी सुधारों को बनाए रखने के लिए, ईसीआई ने 1977 में ईवीएम का विचार प्रस्तावित किया।

**ईवीएम पर विभिन्न न्यायालयों की प्रतिक्रिया**

कर्नाटक उच्च न्यायालय और मद्रास उच्च न्यायालय दोनों ने कहा कि चुनावों में ईवीएम का उपयोग करने से पारंपरिक बैलट पेपर/बैलेट बॉक्स चुनाव प्रणाली की तुलना में महत्वपूर्ण लाभ हैं। मद्रास उच्च न्यायालय ने ईवीएम से छेड़छाड़ के किसी भी आरोप को स्पष्ट रूप से नकार दिया। मद्रास उच्च न्यायालय ने निम्नलिखित टिप्पणियाँ कीं: वायरस अंदर जाने का कोई जोखिम भी नहीं है क्योंकि ईवीएम की तुलना व्यक्तिगत कंप्यूटर से नहीं की जा सकती है। जैसा कि पहले उल्लेख किया गया है, कंप्यूटर प्रोग्रामिंग का ईवीएम से कोई लेना-देना नहीं है। कंप्यूटर में अपने इंटरनेट कनेक्शन के कारण अंतर्निहित सीमाएँ होंगी और डिजाइन के अनुसार, यह प्रोग्राम संशोधन की अनुमति दे सकता है, लेकिन ईवीएम स्वायत्त इकाइयां हैं और ईवीएम में प्रोग्राम मौलिक रूप से अलग है।

**महाराष्ट्र परिणाम**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों के बारे में हाल ही में इंडी गठबंधन द्वारा लगाए गए आरोपों की कई स्थानों पर जांच की गई है, जैसा कि हारे हुए उम्मीदवार ने मांग की थी, और वीवीपीएटी पर्चियों और डाले गए वोटों का मिलान बिल्कुल सही पाया गया है। हालांकि, राहुल गांधी, शरद पवार और अन्य इंडी गठबंधन के नेता अभी भी हार को पूरी तरह से स्वीकार किए बिना इसे मुद्दा बना रहे हैं। हमारे देश के लोग ऐसे किसी भी प्रयास को स्वीकार नहीं करेंगे जो पूरी तरह से फर्जी हो और संविधान का उल्लंघन करता हो। यह समय है कि गांधी परिवार और अन्य राजवंशों को केवल वोट बैंक के बजाय लोगों के कल्याण के लिए वास्तव में चिंतन और प्रयास करना चाहिए। झूठे आख्यानों का उपयोग करने के बजाय ऊर्जा को निर्देशित करने का यह सबसे प्रभावी तरीका है। आइए हम मतदाताओं की बुद्धिमत्ता पर विश्वास करें और लालची जरूरतों के लिए काम करना बंद करें।

# कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का प्रतिबंध



प्रियंका सौरभ

सोशल मीडिया लोगों के बीच बातचीत के ऐसे माध्यम को संदर्भित करता है, जिसके जरिए वे वर्चुअल समुदायों और नेटवर्क में जानकारी और विचारों का निर्माण, साझा और/या आदान-प्रदान करते हैं। ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने ऐसे कानून पेश करने की घोषणा की है, जो 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग करने से रोकेगा। यह स्पष्ट है कि हमें बच्चों और युवाओं को ऑनलाइन बेहतर तरीके से सुरक्षित रखने की जरूरत है। ऑस्ट्रेलियाई मानवाधिकार आयोग का मानना है कि 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाना सही नहीं है। ऐसे प्रतिबंधात्मक विकल्प उपलब्ध हैं, जो बच्चों और युवाओं को ऑनलाइन नुकसान से बचाने के उद्देश्य को प्राप्त कर सकते हैं। सोशल मीडिया कंपनियों की जवाबदेही बढ़ाने और सभी के लिए ऑनलाइन सुरक्षा में सुधार का तरीका निकाला जा सकता है। सोशल मीडिया बच्चों और युवाओं को साइबरबुलिंग, हानिकारक सामग्री और ऑनलाइन शिकारियों सहित कई संभावित जोखिमों के संपर्क में लाता है। अध्ययनों से पता चलता है कि सोशल मीडिया का



अत्यधिक उपयोग स्वस्थ मस्तिष्क विकास, नींद और शैक्षणिक प्रदर्शन में बाधा डाल सकता है। प्रस्तावित कानून एक सुरक्षित विकासात्मक वातावरण का समर्थन करता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म उपयोगकर्ताओं से बड़ी मात्रा में व्यक्तिगत डेटा एकत्र करते हैं और बच्चे पूरी तरह से समझ नहीं पाते हैं कि उनका डेटा कैसे एकत्र किया जाता है, उपयोग किया जाता है या उसका मुद्रीकरण किया जाता है। युवा उपयोगकताओं के लिए पहुंच पर प्रतिबंध लगाने से गोपनीयता के उल्लंघन और बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों द्वारा व्यक्तिगत डेटा के शोषण को कम करने में मदद मिल सकती है।

पहुंच को प्रतिबंधित करने से माता-पिता और अभिभावकों को अपने बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों को बेहतर ढंग से निर्देशित करने और यह सुनिश्चित करने में मदद मिलती है कि वे पर्यवेक्षित तरीके से तकनीक से जुड़ें। हमें बच्चों और युवाओं को ऑनलाइन स्पेस को बेहतर तरीके से नेविगेट करने में मदद करने की भी आवश्यकता है, यह सुनिश्चित करके कि राष्ट्रीय पाठ्यक्रम में डिजिटल साक्षरता और ऑनलाइन सुरक्षा सिखाने पर विशेष ध्यान दिया जाए।

युवाओं को इस बारे में गंभीरता से सोचना सिखाया जाना चाहिए कि वे ऑनलाइन क्या देखते हैं और वे सोशल मीडिया से कैसे जुड़ते हैं। माता-पिता और शिक्षकों को उचित मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करने में मदद करने के लिए बेहतर उपकरणों और संसाधनों की भी आवश्यकता है। सोशल नेटवर्किंग साइट्स व्यक्तियों और संगठनों को पारंपरिक प्रचार या शैक्षणिक तरीकों से बेजोड़ गति से जानकारी साझा करने और आदान-प्रदान करने में सक्षम बनाती हैं। सोशल मीडिया ने लोगों के बीच जानकारी साझा करने के तरीके को बदल दिया है। नतीजतन, यह निर्णय लेने में नागरिक भागीदारी को प्रोत्साहित करके सुशासन को बढ़ावा देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

सोशल मीडिया के फायदों में से एक यह है कि यह सशक्तिकरण के लिए एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में उभरा है। सोशल मीडिया ने नागरिकों और उनकी चुनी हुई सरकार और राजनेताओं के बीच की खाई को कम किया है, जिससे लोकतंत्र में अधिक भागीदारी हुई है। गलत सूचना के प्रसार का मुद्दा सोशल मीडिया का सबसे बड़ा नुकसान बनकर उभरा है। सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग मस्तिष्क के उन हिस्सों को बदल सकता है जो भावनाओं और सीखने से सम्बंधित हैं। सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के तहत सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशा-निर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021. सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को शिकायत निवारण और अनुपालन तंत्र स्थापित करने के लिए कहा गया है, जिसमें एक शिकायत अधिकारी, मुख्य अनुपालन अधिकारी और एक नोडल संपर्क व्यक्ति की नियुक्ति शामिल है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इन प्लेटफॉर्म को उपयोगकताओं से प्राप्त शिकायतों और की गई कार्यवाही पर मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए भी कहा है। इंस्टेंट मैसेजिंग ऐप को संदेश के पहले स्रोत को ट्रैक करने के लिए प्रावधान करना होगा।

धारा 79 में कहा गया है कि किसी भी मध्यस्थ को उसके प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध या होस्ट की गई किसी भी तीसरे पक्ष की जानकारी, डेटा या संचार लिंक के लिए कानूनी रूप से या अन्यथा उत्तरदायी नहीं ठहराया जाएगा। यदि मध्यस्थ, सरकार या उसकी एजेंसियों द्वारा सूचित या अधिसूचित किए जाने के बावजूद, प्रश्नगत सामग्री तक पहुँच को तुरंत अक्षम नहीं करता है, तो सुरक्षा प्रदान नहीं की जाती है। एक व्यापक पारदर्शिता कानून की आवश्यकता है जो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म द्वारा प्रासंगिक खुलासे को अनिवार्य बनाता है। इसके अतिरिक्त, सामग्री मॉडरेशन और सम्बंधित कार्य जैसे मानक सेटिंग, तथ्य-जांच और डी-प्लेटफॉर्मिंग को शामिल किया जाना चाहिए। किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य के सम्बंध में माता-पिता को अपने बच्चों को डिजिटल उपकरणों तक पहुंच प्रदान करते समय बहुत सावधान रहना चाहिए तथा उनके साथ स्वस्थ उपयोग के बारे में चर्चा करनी चाहिए।

# राजनीति में अब नई इबारत लिखेंगी प्रियंका गांधी

**निर्मल रानी**

देश में पिछले दिनों जहाँ महाराष्ट्र व झारखण्ड में विधानसभा चुनाव संपन्न हुये वहीं विभिन्न राज्यों की कई सीटों पर विधानसभा व लोकसभा उपचुनाव भी कराये गये। इन्हीं में एक केरल की वायनाड संसदीय सीट भी थी जिस पर 2024 के आम चुनावों में राहुल गाँधी रायबरेली के साथ साथ वायनाड से भी विजयी हुये थे। बाद में राहुल को वायनाड सीट छोड़कर रायबरेली की सीट अपने पास रखनी पड़ी।

राहुल ने यहाँ 6,47,445 वोट प्राप्त करके 3,64,422 के अंतर से भारी जीत हासिल की थी। इसी सीट पर हुये उपचुनाव में कांग्रेस ने प्रियंका गांधी को पहली बार लोकसभा चुनाव में उतारा। प्रियंका को यहां राहुल गांधी से भी अधिक मत हासिल हुये और उन्होंने 4 लाख से अधिक वोटों के अंतर से ऐतिहासिक जीत हासिल की। जिस समय प्रियंका की शानदार जीत व संसदीय राजनीति में उनके सक्रिय व अधिकृत प्रवेश की पटकथा वायनाड की जनता लिख रही थी उस समय देश का गोदी मीडिया केवल महाराष्ट्र के चुनाव परिणामों को महिमामंडित करने में लगा था। गौर तलब है कि अपने व्यक्तित्व में अपनी दादी इंदिरा गांधी के दर्शन का एहसास कराने वाली प्रियंका गांधी को पहली बार इतने भारी मतों से उस केरल राज्य के लोगों ने चुना है जोकि देश का सबसे शिक्षित राज्य है। और भरतीय जनता पार्टी तमाम प्रयासों के बावजूद यहां अपनी दाल गला नहीं पाती। केरल के लोग भाजपा को वोट क्यों नहीं देते इसपर कांग्रेस या विपक्ष क्या कहता है उससे ज्यादा अहमियत इस बात की है कि स्वयं भाजपा इस बारे में क्या सोचती है। इस विषय पर जब मार्च 2021 में केरल भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व केरल भाजपा के अध्यक्ष रहे वरिष्ठ नेता राजागोपाल से पूछा गया कि बीजेपी केरल में अपनी राजनीतिक जमीन क्यों नहीं तैयार कर पाती। इस प्रश्न के उत्तर में राजगोपल ने कहा, केरल अलग तरह का प्रदेश है। दो-तीन प्रमुख कारण हैं।

एक तो यह कि केरल की साक्षरता दर 90 प्रतिशत है। यहां के लोग सोचते हैं, तार्किक हैं। ये शिक्षित लोगों की आदतें हैं। दूसरी बात यह कि केरल में 55 प्रतिशत हिंदू हैं और 45 प्रतिशत अल्पसंख्यक हैं। हर कैलकुलेशन में ये चीज आती है। ऐसे में केरल की तुलना किसी और राज्य से नहीं की जा सकती है। केरल भाजपा नेता राजागोपाल द्वारा पेश की गयी इसी थ्योरी को यदि उलट दिया जाये तो समझा जा सकता है कि भाजपा जिन राज्यों में अपना जनाधार बढ़ा रही है उसकी दरअसल वजह क्या है। बहरहाल केरल की शिक्षित जनता ने पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ने वाली गांधी-नेहरू परिवार की बेटी को वायनाड से रिकार्ड विजयश्री दिलवाकर अपना मंतव्य स्पष्ट कर दिया कि देश की शिक्षित व तर्कपूर्ण जनता को गांधी - नेहरू परिवार की इस बेटी से काफी उम्मीदें जुड़ी हुई हैं। निश्चित रूप से प्रियंका गांधी ने न केवल दादी इंदिरा गांधी व पिता राजीव गांधी के साथ लंबे समय तक प्रधानमंत्री निवास में रहकर राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय राजनीति के गुण सीखे हैं बल्कि पिता राजीव मां सोनिया व भाई राहुल गांधी के चुनावों में अहम भूमिका निभाकर चुनावी राजनीति में भी पूरी महारत हासिल की है।

राहुल गांधी ने यूंही नहीं कहा था कि यदि प्रियंका 2024 के लोकसभा चुनाव में वाराणसी से नरेंद्र मोदी के विरुद्ध चुनाव लड़तीं तो निश्चित रूप से वे मोदी को पराजित कर देतीं। क्योंकि 2019 में जिस वाराणसी में नरेंद्र मोदी ने 4 लाख 79 हजार वोटों के भारी अंतर से जीते दर्ज की थी वह अंतर इस बार घटकर 1 लाख 52 हजार रह गया है। यहां मोदी के विरुद्ध कांग्रेस के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने वाले अजय राय को 4 लाख 60 हजार वोट मिले थे। इस लिहाज से वाराणसी से मोदी के विरुद्ध प्रियंका की उम्मीदवारी देश की राजनीति की एक नई पटकथा लिख सकती थी। अपनी जीत के बाद पहली बार प्रियंका गांधी ने जिन शब्दों में मतदाताओं का आभार व्यक्त किया वह भी काबिल- ए - तारीफ थे। उन्होंने कहा कि ह्यआपने मुझ पर जो भरोसा जताया है, उसके लिए मैं आपकी बहुत आभारी हूं। मैं यह सुनिश्चित करूंगी कि समय के साथ, आपको वास्तव में यह महसूस हो कि यह जीत आपकी जीत है और जिस शख़्स को आपने अपना प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना है वह आपकी उम्मीदों और सपनों को समझता है और आपके लिए लड़ता है। मैं संसद में आपकी आवाज बनने के लिए उत्सुक हूं। निश्चित रूप से देश की जनता भी भारतीय संसद में प्रियंका गाँधी की आवाज उनका अंदाज तथा उनके द्वारा देशहित में उठाये जाने वाले मुद्दों को सुनने के लिये बेहद उत्सुक है। गत लगभग दो दशक से प्रियंका गाँधी ने कांग्रेस पार्टी के चुनाव प्रचार में अपनी जिस क्षमता व दक्षता का परिचय दिया है उससे कांग्रेस को भी लाभ हुआ है और कांग्रेस जनों में भी उत्साह का संचार हुआ है।

प्रियंका गांधी का संसदीय राजनीति में प्रवेश ऐसे समय में हुआ है जबकि सत्तरूढ़ भाजपा साम दाम दंड भेद सभी तरीके अपनाकर सत्ता में बने रहना चाहती है तथा अपने अघोषित अतिवादी एजेंडे पर चलकर अपने सपनों का बहुसंख्यवादी भारत बनाना चाह रही है। जबकि कांग्रेस गाँधी के सपनों के भारत के निर्माण की पक्षधर है। कांग्रेस संविधान व लोकतंत्र की रक्षा की बात करती है। जबकि भाजपा के कई नेता संविधान बदलने की बातें करते रहे हैं। उधर इण्डिया गठबंधन भी 2024 में अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद क्षेत्रीय नेताओं के स्वार्थवश मजबूत विपक्ष की भूमिका अदा नहीं कर पा रहा। ऐसे में ले देकर कांग्रेस पार्टी से ही देश को न केवल मजबूत विपक्ष देने की उम्मीदें बंधी हुई हैं बल्कि सत्य अहिंसा व धर्मनिरपेक्ष भारत के निर्माण की आस भी केवल कांग्रेस पार्टी से ही है।

राहुल गांधी निश्चित रूप से अपनी क्षमता से अधिक मेहनत कर सत्ता से मुकाबला करने से लेकर पार्टी को मजबूत बनाने तक के लिये काफी काम कर रहे हैं। परन्तु उनके विरुद्ध सत्तधारी तरह तरह की साजिशें रचकर उन्हें राजनैतिक परिदृश्य से ओझल करने तक की योजना बनाये बैठे हैं। जिस तरह पूर्व में प्रियंका गाँधी ने महिलाओं की सुरक्षा के हक में आवाजें बुलंद की हैं ,कानून व्यवस्था के मुद्दे उठाये है दलितों,किसानों व गरीबों के लिये आवाज उठाई है उसी वर्ग को प्रियंका गाँधी के लोकसभा पहुंचने से काफी उम्मीदें जुड़ी हुई हैं। माना जा सकता है कि प्रियंका समाज के शोषित व पीड़ित समाज की आवाज तो बनेंगी ही साथ ही राजनीति में अब एक नई इबारत भी लिखेंगी।

## आज का राशिफल

**मेष** : मित्तव्ययता रखें क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा।

**वृष** : निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। कामे में मदद मिल जाएगी।

**मिथुन** : कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**कर्क** : ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**सिंह** : विवादों व मुकदमे बाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**कन्या** : स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। भावनाओं में न बहें, सावधान रहें।

**तुला** : शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।

**वृश्चिक** : कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी।

**धनु** : मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**मकर** : स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा।

**कुंभ** : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे।

**मीन** : अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। मित्रों से सावधान रहें।

## संक्षिप्त खबरें

### विनोबा भावे विश्वविद्यालय के छात्रों ने नेट परीक्षा में सफलता प्राप्त की



**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग के स्नातकोत्तर अंग्रेजी विभाग के चार छात्रों ने यूजीसी द्वारा आयोजित नेट जून 2024 परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। यह परीक्षा अगस्त 2024 में आयोजित की गई थी और इसमें सिद्दीक सुम्बुल, शुभम मोइत्रा, ज्योति चौधरी और कुमारी प्रेरणा सिन्हा ने सफलता हासिल की। विभाग के अध्यक्ष डॉ० सैयद रिजवान अहमद ने छात्रों की उपलब्धियों पर खुशी व्यक्त की और उन्हें भविष्य में भी मार्गदर्शन देने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि हर वर्ष विभाग के छात्र यूजीसी नेट और जेआरएफ परीक्षा में सफलता प्राप्त करते हैं, और इस वर्ष भी विभाग ने इस परंपरा को कायम रखा है। उत्तीर्ण छात्रों ने भी विभाग के सभी फैकल्टीज का आभार व्यक्त किया और कहा कि उनके मार्गदर्शन से ही उन्हें यह सफलता मिली है। उल्लेखनीय है कि इस विभाग में करीब दो दर्जन छात्र पीएचडी कर रहे हैं, जो विभाग की अकादमिक सफलता की ओर इशारा करता है।

### खरीफ विपणन मौसम 2024-25 में 15 दिसंबर से धान अधिप्राप्ति कार्य शुरू होगा

**हजारीबाग।** झारखंड सरकार के खाद्य, सार्वजनिक वितरण और उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा जारी निदेशों के अनुसार, खरीफ विपणन मौसम 2024-25 में 15 दिसंबर 2024 से धान अधिप्राप्ति का कार्य शुरू होगा। उपायुक्त नैंसी सहाय ने जानकारी दी कि इस वर्ष किसानों से धान क्रय करने के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य ?2,300 प्रति क्विंटल और बोनस ?100 प्रति क्विंटल की दर पर भुगतान किया जाएगा। धान अधिप्राप्ति की सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं, जिसमें अधिप्राप्ति केन्द्रों का चयन, राईस मिलरों का चयन, आवश्यक उपकरणों की स्थापना और मानव बलों की प्रतिनियुक्ति शामिल है। इस दौरान उपायुक्त ने किसानों से अपील की कि वे अपना धान बिचौलियों के माध्यम से न बेचें और न ही खुले बाजार में न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम कीमत पर धान की बिक्री करें। उपायुक्त ने जिले के सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे किसानों के बीच जागरूकता अभियान चलाएं और उन्हें धान अधिप्राप्ति योजना के बारे में जानकारी प्रदान करें। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि किसान 15 दिसंबर से शुरू होने वाली अधिप्राप्ति योजना का लाभ उठाएं और उनका धान सही मूल्य पर खरीदा जाय।

### कांग्रेस की विधानसभा चुनाव की समीक्षा बैठक आयोजित



**हजारीबाग।** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण आश्रम में हजारीबाग विधानसभा के चुनाव परिणामों पर एक विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में बरही, मांडू और बड़कागांव विधानसभा क्षेत्रों के चुनाव परिणामों पर गहन चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग जिला चुनाव समीक्षा समिति के संयोजक और पूर्व मंत्री बंधु तिर्की उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला चुनाव समीक्षा समिति के सदस्य सुल्तान अहमद, रविंद्र झा और संविधान रक्षक अभियान के जिला संयोजक शांतनु मिश्रा ने भी बैठक में भाग लिया। इस बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं, जिला के पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्य, प्रखंड अध्यक्ष, प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, मंच मोर्चा के अध्यक्ष और पार्टी कार्यकताओं ने अपनी-अपनी राय रखी। बैठक के दौरान, बंधु तिर्की ने सभी बातों को गंभीरता से सुनते हुए कहा कि जिले के विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी की जो हार हुई है, वह इस समीक्षा बैठक में निकलकर आई है। उन्होंने बताया कि इन बिंदुओं को प्रदेश के उच्च पदाधिकारियों के सामने रखा जाएगा और यह देखा जाएगा कि कहां भूल या चूक हुई है, ताकि आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों में इस प्रकार की स्थिति की पुनरावृत्ति न हो। बंधु तिर्की ने यह भी स्पष्ट किया कि कांग्रेस हताश नहीं है। झारखंड में महागठबंधन की सरकार है और कांग्रेस सरकार द्वारा संचालित जनहित योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए कटिबद्ध है। इस बैठक में उपस्थित नेताओं में बरही विधानसभा के प्रत्याशी अरुण साहु, मांडू विधानसभा के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल, प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा, प्रदेश सचिव अवधेश कुमार सिंह और अन्य कांग्रेसी नेता भी शामिल थे। बैठक में हुई चर्चा के बाद यह निष्कर्ष निकला कि कांग्रेस पार्टी आगामी चुनावों में अपनी

### हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने बाबूलाल मरांडी से मुलाकात की

# क्षेत्र की समस्याओं पर की चर्चा

संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रदीप प्रसाद ने झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और धनवार विधायक बाबूलाल मरांडी से मुलाकात की। इस मुलाकात में दोनों नेताओं ने हजारीबाग क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर गहरी चर्चा की। प्रदीप प्रसाद ने क्षेत्र में बढ़ते अपराधों पर गंभीर चिंता व्यक्त की, खासकर पिछले डेढ़ महीने में हुई तीन हत्याओं का जिक्र करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन अभी तक इन घटनाओं का खुलासा नहीं कर पाया है। यह स्थिति कानून-व्यवस्था की विफलता को दशार्ती है और आम जनता में असुरक्षा की भावना पैदा कर रही है।



विधायक प्रदीप प्रसाद ने क्षेत्र की अन्य गंभीर समस्याओं का भी उल्लेख किया, जिनमें सड़क, बिजली, पानी की किल्लत, स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति और शिक्षा व्यवस्था की बदहाली शामिल हैं।

उन्होंने बाबूलाल मरांडी से इन मुद्दों के समाधान के लिए ठोस कदम उठाने का आग्रह किया। विधायक ने यह भी बताया कि क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों के तहत सब्जी मंडी का विकास, स्थानीय व्यापारियों और किसानों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना, निशुल्क महिला शौचालय की स्थापना और चापाकल की आपूर्ति जैसे कार्यों पर काम चल रहा है। इसके साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए स्वास्थ्य केंद्रों का आधुनिकीकरण और समय पर आपातकालीन सेवाएं उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदीप प्रसाद ने बाबूलाल मरांडी को आश्वस्त किया कि वे जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। बाबूलाल मरांडी ने प्रदीप प्रसाद के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें हर संभव सहयोग देने का वचन दिया।

### डीसी ने की डिस्ट्रिक्ट लेवल एक्सपोर्ट प्रमोशन कमेटी और पीएम विश्वकर्मा योजना की बैठक

संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले में उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट लेवल एक्सपोर्ट प्रमोशन कमेटी और पीएम विश्वकर्मा योजना की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में डिप्टी डीजीएफटी ने हजारीबाग जिले के प्रमुख उत्पादों की पहचान की, जिन्हें एक्सपोर्ट के लिए संभावित माना जा सकता है, जैसे एक्टिवेटेड बॉक्साइट, ब्रोंज के बर्तन, और जीआई प्रोडक्ट्स। डिप्टी डीजीएफटी ने यह भी बताया कि एक्सपोर्टर्स को विभागीय स्तर पर कई सुविधाएं प्रदान की जाती हैं और एमएसएमई, रांची द्वारा एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके अलावा, पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना के तहत जिले में कई शिल्पकारों ने आवेदन किया है। इस योजना



के तहत 15582 शिल्पकारों का सत्यापन प्रथम चरण में किया गया और वे द्वितीय चरण में भेजे गए हैं। अब तक 58 शिल्पकारों को पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत लोन स्वीकृति मिल चुकी है। इसके साथ ही, जिले में कुल 682 लोगों को इस योजना से संबंधित प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया है। उपायुक्त नैंसी सहाय ने बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे इन योजनाओं को और प्रभावी तरीके से लागू करें ताकि जिले के शिल्पकारों और एक्सपोर्टर्स को अधिकतम लाभ मिल सके और जिले के आर्थिक विकास में योगदान हो सके।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टीबी फोरम कमेटी की बैठक



संवाददाता

**हजारीबाग।** टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत, 12 दिसंबर को समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में जिला टीबी फोरम कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में 7 दिसंबर से 16 मार्च 2024 तक चलने वाले 100 दिवसीय जन जागरूकता और जांच अभियान के महत्व पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य हजारीबाग जिले में टीबी के मामलों को नियंत्रित करना और लोगों को इसके लक्षणों के बारे में जागरूक करना है। उपायुक्त ने बताया कि इस अभियान के तहत सभी ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त बनाने के लिए घर-घर व्यापक जांच अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान टीबी के लक्षण वाले व्यक्तियों को चिन्हित किया जाएगा और उनका निःशुल्क इलाज किया जाएगा। खासकर उन लोगों की पहचान की जाएगी, जिनमें पिछले पांच वर्षों में टीबी का इलाज हुआ है, या जो कुपोषित, वृद्ध, मधुमेह या एचआईवी के मरीज हैं। उपायुक्त ने अभियान की सफलता के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया और सभी नागरिकों से इसे सफल बनाने में स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर टीबी सर्वाइवर्स ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि समय पर इलाज से टीबी जैसी जानलेवा बीमारी को ठीक किया जा सकता है।

### फिट इंडिया वीक-2024

# विशेष व्याख्यान व खेल प्रतियोगिताएं आयोजित

संवाददाता

**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में फिट इंडिया वीक-2024 के दूसरे दिन ₹योग और फिटनेसः विशेष संदर्भ में फिट इंडिया₹ विषय पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो० डॉ० पवन कुमार पोद्दार ने की। कुलपति ने कहा कि योग और शारीरिक फिटनेस हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को संतुलित करने का सबसे सरल और प्रभावी माध्यम है। फिट इंडिया अभियान ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिससे देशभर में लोगों को फिटनेस और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्रों को शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त बनाने में मदद करते हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में साध्वी योगिता के. मेहता ने अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि योग एक




प्राचीन विज्ञान है, जो व्यक्ति को आत्मशक्ति, संतुलन और स्वस्थ जीवन का मार्ग दिखाता है। यदि युवा इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं, तो इससे समाज में सकारात्मक बदलाव आएगा और एक स्वस्थ तथा सक्षम समाज का निर्माण संभव होगा। उन्होंने योग को एक जीवनशैली के रूप में अपनाने की सलाह दी। कुलपति प्रो० पवन कुमार पोद्दार ने मुख्य अतिथि साध्वी योगिता को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में डॉ० उमेंद्र सिंह, नोडल अधिकारी, फिट इंडिया वीक ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए और कहा कि इस तरह के आयोजनों से छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ता है, और वे बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित होते हैं। उन्होंने बताया कि योग और खेल दोनों ही अनुशासन और सकारात्मकता को बढ़ावा देते हैं, जो जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक हैं। कार्यक्रम में डॉ० मिथिलेश कुमार सिंह छात्र कल्याण संकाय अध्यक्ष, डॉ० अविनाश कुमार वनस्पति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष, डॉ० सरोज सिंह भूगोल विभाग के अध्यक्ष, डॉ० सुबोध सिंह, डॉ० राखो हरि, डॉ० राजू राम और डॉ० विजय कुजूर जैसे गणमान्य व्यक्ति मंच पर उपस्थित थे। इन सभी ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपने विचार और मार्गदर्शन दिए। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के खेल मैदान में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। इन प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं की 100 मीटर दौड़, छात्राओं की चम्मच दौड़, महिला शोधार्थियों की 100 मीटर दौड़ और फैकल्टी सदस्यों की 50 मीटर दौड़ शामिल थीं। इन प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय के सभी विभागों के छात्रों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और खेलों के प्रति अपनी प्रेरणा और समर्पण को प्रदर्शित किया। मानव विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. विनोद रंजन ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभी प्रतिभागियों और आयोजनकताओं का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों की अच्छी उपस्थिति रही, जो फिट इंडिया वीक के महत्व को समझते हुए अपनी सक्रिय भागीदारी दिखा रहे थे। यह आयोजन न केवल शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए था, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य और सकारात्मक दृष्टिकोण को भी प्रोत्साहित करने के लिए था।

# पंचायत समिति सदस्यों की बैठक का बहिष्कार

संवाददाता

**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय में गुरुवार को पंचायत समिति सदस्यों की बैठक बुलाई गई, लेकिन सभी पंचायत समिति सदस्यों ने सामूहिक रूप से बैठक का बहिष्कार कर दिया। वे प्रखंड सह अंचल कार्यालय के गेट के समीप धरना पर बैठ गए। पंचायत समिति सदस्यों का कहना था कि आज तक जितनी भी बैठकें हुईं, उनमें पारित किए गए प्रस्तावों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिसके कारण उन्हें अपने क्षेत्र में जनहित में कोई कदम उठाने में कठिनाई हो रही है। उनका यह भी कहना था कि जब तक उन प्रस्तावों पर उचित कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक बैठकों का बहिष्कार जारी रहेगा। इस मामले में प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल ने बताया कि प्रधान लिपिक खुर्शीद आलम की अनुपस्थिति के कारण पिछले मीटिंग का प्रोसिडिंग नहीं मिल सका था, जिस कारण जनप्रतिनिधियों का गुस्सा फूटा और उन्होंने बैठक का बहिष्कार किया।



इसके बाद खुर्शीद आलम, बीपीओ पंकज कुमार और कंप्यूटर ऑपरेटर आशीष कुमार को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है और उनसे 24 घंटे के भीतर जवाब मांगा गया है। पंचायत समिति सदस्यों ने अपनी मुख्य मांगों में बताया कि पंचायत समिति सदस्य, मुखिया और जनप्रतिनिधियों के बीच विभागों का बंटवारा किया गया था, लेकिन इस पर कोई कार्य नहीं हुआ। साथ ही प्रखंड सह अंचल कार्यालय में अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति समय पर नहीं होती है, जिसके कारण सरकारी कामकाज में देरी होती है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि गरीबों के काम की अनदेखी की जाती है, जबकि जिनके पास पैसे होते हैं, उनका काम जल्दी हो जाता है, जिससे कार्यालय में भ्रष्टाचार का माहौल बना हुआ है।

# हजारीबाग सदर विस की समस्याओं के समाधान के लिए संकल्पबद्ध हैं : विधायक

संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रदीप प्रसाद ने विधानसभा के विशेष सत्र के अंतिम दिन क्षेत्र की जनता के प्रति आभार व्यक्त किया और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता सदर क्षेत्र की जनता की आवाज उठाना और उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना है। विधायक ने इस दौरान क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की, जिसमें सड़कों की खराब स्थिति, जल निकासी की समस्याएं, स्वास्थ्य सेवाओं की कमी और रोजगार के अवसरों की कमी शामिल हैं। उन्होंने राज्य सरकार से अपील की कि इन



समस्याओं पर तत्काल ध्यान दिया जाय। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि जनता के आशीर्वाद और विश्वास ने मुझे इस मुकाम तक पहुंचाया है, और मैं सदैव इसके लिए ऋणी रहूंगा। उन्होंने क्षेत्रीय विकास के लिए एक कार्ययोजना तैयार करने की घोषणा की, जिसमें जनता की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। उनका मानना है कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए लोगों का सहयोग अनिवार्य है। उन्होंने यह भी कहा कि वह जनता की समस्याओं को हर मंच पर उठाएंगे और उनके समाधान के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। इसके अलावा, विधायक ने हजारीबाग में हुई तीन लोगों की निर्मम हत्या पर गहरी चिंता व्यक्त की और राज्य सरकार तथा पुलिस प्रशासन से मामले की त्वरित जांच कर दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की। उन्होंने कहा कि ऐसे अपराधों को रोकने के लिए प्रशासन को कड़े कदम उठाने होंगे।

हजारीबाग

### हजारीबाग की शान, कलाकारों की पहचान

# गिटार-हारमोनियम वादन और गायकी से शुरू हुई यात्रा, शॉर्ट फिल्म निर्माताऔर निर्देशक बने दीपक सिन्हा

प्रदीप पाठक

**हजारीबाग।** किसी भी क्षेत्र में कार्य करने के लिए अगर मन में दृढ़ निश्चय हो, तो ऊपरवाला भी राह दिखाता है। यह शब्द हजारीबाग न्यू एरिया चौथी गली निवासी दीपक सिन्हा के जीवन पर पूरी तरह लागू होते हैं। दीपक सिन्हा ने अपनी गायकी और गिटार-हारमोनियम वादन से कला और गायकी में पहचान बनाई। उनकी मेहनत और जुनून ने उन्हें सफलता दिलाई। आज वे सीएमडीडी प्रोडक्शन हाउस के संस्थापक हैं और शॉर्ट फिल्मों के निमार्ता एवं निर्देशक के रूप में भी अपनी पहचान बना चुके हैं। दीपक सिन्हा ने पंडित गुणी शर्मा से



गायकी की शिक्षा ली, वहीं गिटार वादन में उनके गुरु वी पटनायक रहे। 1986 में आदिवासी विकास निगम में लेखापाल के पद पर कार्यरत रहते हुए भी उन्होंने संगीत से अपना संबंध बनाए रखा। जहां भी पदस्थापित रहे, वहां संगीत ग्रुपों की स्थापना की और संगीत से जुड़ाव बनाए रखा। अब वे सेवानिवृत्त हो चुके हैं।

दीपक सिन्हा ने 1970 में रांची के उपकार म्यूजिकल ग्रुप से गायकी की शुरूआत की थी। वे हेमंत कुमार, शैलेंद्र सिंह, येशुदास के गाने और जगजीत सिंह की गजल गायकी में माहिर हैं। 1980 में ब्लू पापा ग्रुप के साथ भी अपनी गायकी का लोहा मनवाया और कई बड़े स्टेज शो में भाग लिया।

1990 में उन्होंने प्रीति सिन्हा से विवाह किया, लेकिन संगीत से उनका संबंध हमेशा बना रहा और धर्मपत्नी का भी उन्हें पूरा सहयोग मिला। हजारीबाग आने के बाद उन्होंने गूंज आर्केस्ट्रा की स्थापना की, जिसमें स्व० सुबोध गुप्ता, स्व० अजय पासवान, इंदर पासवान, सुषमा सिन्हा, अभिमन्यु उर्फ बबलू आकाश, सुबोध एवं पटनायक, सुकल्याण मोइत्रा, शिबू दा जैसे कलाकारों को एक मंच पर लाकर कई बड़े शो आयोजित किए। 1995 में दुमका स्थानांतरण के बाद वहां नाइट स्टार म्यूजिकल ग्रुप की स्थापना की और स्टेज पर गायकी के साथ गिटार वादन भी किया। 2000 में हजारीबाग लौटने के बाद वे गूंज स्टूडियो से जुड़े और विभिन्न टीवी शो में अपनी गायकी एवं गिटार वादन का जलवा बिखेरा। 2013 में उन्होंने हजारीबाग में हिंदी रविंद्र संगीत का आयोजन किया, जिसे बाद में झारखंड के कई अन्य राज्यों में भी प्रस्तुत किया गया। वर्तमान में वे हजारीबाग आर्ट एंड कल्चरल ट्रस्ट के संरक्षक हैं और गिटार सिखाने का कार्य भी करते हैं। अपने रिटायरमेंट के बाद दीपक सिन्हा ने सीएमडीडी प्रोडक्शन हाउस की स्थापना की, जिसके तहत उन्होंने स्थानीय कलाकारों के सहयोग से पहली खोरठा फिल्म ₹इज्जत के बात हऊ₹ बनाई, जिसका गाना जीतन भइया के शादी के बाद हऊ काफी चर्चित हुआ। इसके बाद उन्होंने ₹और भी है प्रॉब्लम कोरोना के सिवा, ₹निर्णय (मेरा अपना), ₹खाखा और डिसूजा पार्ट 1₹, ₹हेड बॉसर₹, ₹खाखा और डिसूजा पार्ट 2₹ और ₹झमेला₹ जैसी शॉर्ट फिल्मों का निर्माण किया, जिनमें उन्होंने कहानी लेखन, निर्देशन और गीत की रचनाएं की।

सभी फिल्मों को दीपक सीएमडीडी चैनल पर यूट्यूब पर रिलीज किया गया, जिनकी लंबाई 20 मिनट से लेकर 47 मिनट तक रही। वे आगे भी शॉर्ट फिल्मों का निर्माण करने की योजना बना रहे हैं, जो सामाजिक संदेश से परिपूर्ण होंगी। इसके अलावा, एक नए गीत की शूटिंग की योजना भी है, और वे कलाकारों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### पीड़ित परिवार की वकील बृंदा ग्रोवर ने केस छोड़ा



**कोलकाता।** वकील बृंदा ग्रोवर आरजी कर मेडिकल-कॉलेज हत्या और बलात्कार मामले में पीड़ित परिवार के लिए लड़ रही थीं। कल यानि बुधवार को उन्होंने यह जिम्मेदारी छोड़ दी। और अब से बृंदा आरजी कर मामले में पीड़ित परिवार की ओर से कोर्ट में सवालों का जवाब देती नजर नहीं आएंगी। वकील बृंदा के ऑफिस ने इस्तीफे की जानकारी देते हुए कहा है, "यह फैसला कुछ कारणों और परिस्थितियों के चलते लिया गया है।" पिछले तीन माह से नियमानुसार सभी कानूनी सहायता उपलब्ध करायी गयी है। जांच एजेंसी सीबीआई से भी सहयोग किया गया है।

### रिषडा में कई फ्लैटों पर ईडी की छापेमारी

**कोलकाता।** ईडी ने गुरुवार सुबह रिषडा में कई जगहों पर छापेमारी की। ईडी के अधिकारी कई फ्लैटों में दिखे गए। एक मैराथन तलासी चल रही है। बाहर केंद्रीय सेना के जवान तैनात हैं। हालांकि, इस सर्च ऑपरेशन का मकसद अभी तक पता नहीं चल पाया है। ईडी ने इस दिन सुबह रिषड़ा में एनएस रोड स्थित एक आवास पर छापा मारा। केंद्रीय जांच एजेंसी की टीम विद्या अपार्टमेंट नामक आवास पर पहुंची। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, दो कारों में सवार केंद्रीय जांच एजेंसी के अधिकारियों ने केंद्रीय बल के छह जवानों के साथ आवास पर हमला किया। ये आवास जुगल माथिया नाम का शख्स का है। इसके अलावा ईडी ने रिषडा के बांगुरपार्क इलाके में एक बिजनेसमैन के घर पर भी छापेमारी की। ईडी के चार अधिकारी दो गाड़ियों में पहुंचे। उन्होंने सेंट्रल आर्मी के छह जवानों के साथ बांगुर पार्क इलाके में रणविजय सिंह नाम के कारोबारी के घर पर छापा मारा। सुबह से जगह-जगह सर्च ऑपरेशन चल रहा है।

### योजनाओं के लाभ से जीवन में हो रहे हैं सकारात्मक बदलाव : डीएम

**नवादा।** डीएम रवि प्रकाश की अध्यक्षता में गुरुवार मुख्यमंत्री उद्यमी योजना एवं बिहार लघु उद्यमी योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में चयनित एवं प्रशिक्षण प्राप्त लाभुकों के बीच प्रथम किस्त की राशि का वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री उद्यमी योजनान्तर्गत कुल पाँच लाभुकों ज्योति कुमारी, कुसुम शर्मा, मोहम्मद अंसारी, सूरज कुमार एवं गोपाल कुमार को 2-2 लाख का चेक प्रदान किया गया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री लघु बिहार उद्यमी योजनान्तर्गत कुल पाँच लाभुकों को सुधांशु शेखर, तुलसी प्रसाद, सुशीला देवी, निर्मला देवी और राकेश कुमार को चेक जिला पदाधिकारी द्वारा वितरण किया गया। साथ हीं मुख्यमंत्री उद्यमी योजनान्तर्गत सफल उद्यमियों को यथा-रितेश कुमार, सन्टु कुमार, सरवर अली एवं गुलशन कुमार को प्रशस्ति पत्र भी दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा लाभुकों से फीडबैक प्राप्त किया, जिसमें उन्होंने योजना का लाभ प्राप्त करने के उपरांत लाभुकों के जीवन में आये बदलाव के बारे में पूछा गया। लाभुकों द्वारा बताया गया कि उनके जीवन में कई सकारात्मक बदलाव आये हैं, जिससे वह एक उद्यमी के रूप में उभरे हैं। सभी लाभुकों द्वारा उक्त योजना को सफल बताते हुए बिहार सरकार की सराहना की एवं बिहार सरकार को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, नवादा श्री अमित विक्रम भारद्वाज एवं अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

### डॉ अनिल पाठक के दसवीं पुण्यतिथि पर अनाथ बच्चों के बीच गर्म कपड़े वितरित

**सहरसा।** शहर के नया बाजार स्थित आशीर्वाद नर्सिंग होम में गुरुवार को स्वर्गीय डॉक्टर अनिल पाठक की दसवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी प्रोफेसर अंजना पाठक सहित अन्य डॉक्टरों के द्वारा उनकी तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। तत्पश्चात गंगजला स्थित विशिष्ट दत्तक संस्थान में जाकर अनाथ बच्चों के बीच गर्म कपड़े बिस्कुट हॉर्लिक्स बेबी ऑयल बेबी मिल्क पाउडर बेबी शॉप शैंपू का वितरण किया गया। वहीं डॉक्टर प्रेम शंकर एवं डॉक्टर गणेश कुमार के द्वारा सभी बच्चों का मुफ्त हेल्थ चेकअप किया गया। मौके पर पाठक ने कहा कि स्वर्गीय अनिल कुमार पाठक सहरसा के सुप्रसिद्ध सजन थे। वे बिहार के दूसरे सर्जन हुए जिन्होंने जनरल एवं लेप्रोस्कॉपी पद्धति से ऑपरेशन करते थे।वे सर्जन के साथ-साथ गरीबों के प्रति विशेष सहानुभूति रखते थे, जिसके कारण उन्होंने जीवन में कभी भी पैसों की अहमियत नहीं दी। उनकी इच्छा रहती थी कि गरीबों की सेवा करते रहें।

### पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में मिली सफलता

**पूर्वी चंपारण।** जिले में फैले ड्रग्स कारोबार के विरूद्ध पुलिस लगातार अभियान चला रही है,जिसमे काफी सफलता भी हासिल हुई है। इसी कड़ी में गुरुवार को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो व मोतिहारी पुलिस की संयुक्त कारवाई में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने ड्रग्स कारोबार में संलिप्त पांच तस्करों को पकड़ा है। इसकी जानकारी देते हुए एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया है कि पुलिस ने मोतिहारी शहर के छतौनी थाना क्षेत्र से टाटा पंच कार पर सवार दो तस्कर पकड़े गए, जिनके पास से दो किलो हेरोईन बरामद किया गया,जिनसे फॉरवर्ड लिंकेज स्थापित कर सख्ती से पूछताछ के बाद रामगढ़वा थाना क्षेत्र से 3 अन्य तस्करो को दबोचा गया। इनके निशानदेही पर रामगढ़वा से ब्राउन शुगर बनाने में प्रयुक्त होने वाले 5 लीटर एसिटायल क्लोराइड बरामद किया गया।

# बांग्लादेश में अशांति, कोलकाता में प्रकाशन व्यवसाय प्रभावित

एजेंसी

**कोलकाता ।** बांग्लादेश में जारी सामाजिक अशांति और आर्थिक मंदी का असर कोलकाता के पुस्तक प्रकाशन उद्योग पर साफ दिखाई दे रहा है। दोनों देशों के बांग्ला लेखकों की किताबों की बिक्री और खरीदारी करने वाले पाठकों की संख्या में गिरावट आई है। कोलकाता इंटरनेशनल बुक फेयर में बांग्लादेशी पुस्तकों का पवेलियन न होने और हाल के दिनों में लगभग 40 प्रतिशत 'फ्लोटिंग' पाठकों की कमी ने इस समस्या को और बढ़ा दिया है।



कोलकाता के कॉलेज स्ट्रीट स्थित पुस्तक विक्रेताओं का कहना है कि निर्यात और आयात पर कोई खास असर नहीं पड़ा है, और नियमित पाठकों की संख्या में भी कमी नहीं आई है। लेकिन, बांग्लादेशी लेखकों की पुस्तकों की बिक्री में गिरावट ने पब्लिशर्स को चिंता में डाल दिया है। देज पब्लिशिंग के निदेशक सुदीप दे ने बताया कि समर्पित पाठक तो अब भी आते हैं, लेकिन 30-40 प्रतिशत नए या अचानक खरीदारी करने वाले पाठक अब नहीं आ रहे।

दे ने कहा कि यह गिरावट पिछले कुछ महीनों से जारी बांग्लादेश में अस्थिरता और हाल की हिंसक घटनाओं से जुड़ी हो सकती है। हालांकि, निर्यात और आयात ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में जारी है। उन्होंने बताया कि भारतीय पाठकों के बीच बांग्लादेशी लेखकों जैसे हसन अजीजुल हक, जसीमुद्दीन, बदरुद्दीन उमर और हुमायूं अहमद की किताबें लोकप्रिय हैं, जबकि बांग्लादेशी पाठक सुनील गंगोपाध्याय, शिरशेंदु मुखोपाध्याय, शक्ति चट्टोपाध्याय जैसे भारतीय लेखकों की किताबों की मांग करते हैं।

पब्लिशर्स एंड बुकसेलर्स गिल्ड के एक अधिकारी ने बताया कि जुलाई से बांग्लादेश से किताबों के आयात और निर्यात में 20 प्रतिशत की कमी आई है। हालांकि, उन्होंने इसे हालिया हिंसक घटनाओं से अधिक मंदी के कारण माना।

## मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के चयनित 16 लाभुकों को दिया गया 32 लाख का चेक

एजेंसी



**अररिया।** समाहरणालय स्थित परमान सभागार में डीएम अनिल कुमार के द्वारा गुरुवार को उद्योग विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री उद्यमी योजना अंतर्गत चयनित एवं प्रशिक्षित लाभुकों के बीच वित्तीय वर्ष 2024-25 के कुल 16 लाभुकों को 32 लाख रुपये, प्रथम किस्त के रूप में वितरण किया गया।इसमें पांच लाभुकों को सांकेतिक चेक एवं शेष को स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया।

बिहार लघु उद्यमी योजना अंतर्गत वैसे लाभुकों, जिसके द्वारा प्रथम किस्त का उपयोग कर लिया गया है, उन्हे द्वितीय किस्त के रूप में एक लाख रुपए प्रति लाभुक कुल पांच लाख रुपए का सांकेतिक चेक का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में विभागीय निदेश के आलोक में वैसे 10 लाभुकों, जो गत वर्षों से इस योजना का लाभ लेकर उत्कृष्ट उद्यम स्थापित किए हैं, उन्हें जिलाधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी उद्यमियों से किये गये परियोजना का विस्तृत जानकारी ली गई एवं एक अच्छे उद्यमी बनने हेतु उन्हें प्रेरित किया।

## पश्चिम बंगाल में तापमान में गिरावट

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में आने वाले दिनों में ठंड का असर और बढ़ने की संभावना है। मौसम विभाग ने गुरुवार को बताया कि अगले दो दिनों में राज्य में न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है। इसके बाद तापमान में किसी खास बदलाव की उम्मीद नहीं है।

राज्य में दार्जिलिंग सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां गुरुवार सुबह न्यूनतम तापमान 3.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सर्दियों के इस मौसम में पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। कालिम्पोंग में भी सर्दी का प्रभाव रहा, जहां न्यूनतम तापमान 9.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



मैदान क्षेत्रों में पुरुलिया सबसे ठंडा रहा, जहां तापमान 8.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि श्रीनिकेतन में यह 9.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

राजधानी कोलकाता में भी ठंड बढ़ी है। यहां गुरुवार को न्यूनतम तापमान 13.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से दो डिग्री कम है। एक दिन पहले यह तापमान 16.2 डिग्री सेल्सियस था।

मौसम विभाग ने यह भी बताया कि राज्य में अगले पांच दिनों तक शुष्क मौसम बना रहेगा। उत्तर बंगाल के पर्वतीय इलाकों में 13 दिसंबर तक कुछ जगहों पर घना कोहरा छाने की संभावना है। ठंड और शुष्क मौसम के बीच दार्जिलिंग और कालिम्पोंग जैसे पर्यटन स्थलों में पर्यटकों की भीड़ बढ़ने की उम्मीद है।

## नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी, जलपाईगुड़ी में पूर्व टीएमसीपी नेता गिरफ्तार

संवाददाता

**कोलकाता।** नौकरी का लालच देकर ठगी। जलपाईगुड़ी में तृणमूल कांग्रेस छात्र परिषद के इंजीनियरिंग सेल के पूर्व मुख्य समन्वयक प्रीतम घोष गिरफ्तार। उन पर 10 लाख रुपये से ज्यादा की धोखाधड़ी का आरोप है।



कोतवाली पुलिस ने बुधवार की रात प्रीतम को जलपाईगुड़ी से गिरफ्तार कर लिया। इस दिन उन्हें जलपाईगुड़ी कोर्ट ले जाया गया। पुलिस पूछताछ के लिए आरोपी को हिरासत में लेना चाहती है। कथित तौर पर प्रीतम घोष ने विभिन्न सरकारी कार्यालयों में नौकरी देने के नाम पर पैसे वसूले हैं। जलपाईगुड़ी, कूचबिहार समेत विभिन्न जिलों के युवाओं से पैसे वसूले जाते हैं। लाखों रुपये निकालने का आरोप सामने आया है। लागोआ 73 चौराहे के निवासी प्रीतम ने कथित तौर पर प्रशासन के अधिकारियों के फर्जी हस्ताक्षर भी किए हैं।

पुलिस और स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, 2021 में प्रीतम को तृणमूल छात्र परिषद के इंजीनियरिंग सेल के मुख्य समन्वयक का पद मिला था। वह अलग-अलग समय पर पार्टी के कई नेताओं के साथ तस्वीरें खिंचवाते थे। वह खुद को दूसरों के सामने प्रभावशाली के रूप में प्रचारित करता था। उसी साल से उन पर पैसे निकालने के आरोप लगने लगे। पैसे के बदले सरकारी दफ्तर में नौकरी मिलेगी। ऐसा कहकर उसने अलग-अलग लोगों से एक लाख, लाख रुपये ले लिए। एक के बाद एक आरोप सामने आने लगे। यह मामला इसी साल लोकसभा चुनाव के दौरान सामने आया था। तृणमूल नेतृत्व ने मांग की कि लोकसभा चुनाव के बाद उन्हें पद से हटा दिया जाए। कल बेरोजगार युवकों ने उसे शहर की सड़कों पर पकड़ लिया। पैसे न मिलने पर लंबे समय तक रोक रखा। बाद में उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इस घटना से स्थानीय नेतृत्व अस्थायी तौर पर असहज है। भाजपा के जलपाईगुड़ी जिला सचिव श्याम प्रसाद ने दावा किया कि गिरफ्तार व्यक्ति केवल एक एजेंट था। इसका पीछे बड़ा सिर हैं।

## सोशल मीडिया पर दोस्ती के बाद किशोरी से दुष्कर्म

**कोलकाता ।** नदिया जिले के तेहट्ट इलाके में एक किशोर द्वारा अपनी नाबालिग मित्र के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर हुई दोस्ती के बाद ये घटना हुई, जिसने न केवल पीड़िता बल्कि पूरे समाज को झकझोड़ कर रख दिया है। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि सोमवार रात को आरोपित किशोर ने पीड़िता के घर में घुसकर इस घिनौनी घटना को अंजाम दिया। परिवार के अनुसार, आरोपित ने पीड़िता का मुंह दबा दिया ताकि वह मदद के लिए आवाज न लगा सके। लेकिन पीड़िता ने साहस दिखाते हुए किसी तरह खुद को छुड़ाया और चिल्लाने लगी। उसकी चीख सुनकर उसके दादा वहां पहुंचे। आरोपित ने उन्हें धक्का देकर भागने की कोशिश की और मौके से फरार हो गया। अगले दिन पीड़िता के परिवार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

### होटल में बुलाकर रेप, हत्या की कोशिश!

## प्रेमी की शिकायत के बाद बेपता मुर्शिदाबाद मेडिकल के चिकित्सक

संवाददाता

**कोलकाता।** डॉक्टर पर रेप का आरोप। आरोप है कि उसने पहले प्रेमी को होटल बुलाया और दुष्कर्म किया। बाद में लड़की ने आरोप लगाया कि उसने उसे मुंह बंद रखने की धमकी देकर जान से मारने की कोशिश की। बेपता मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज के सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। उसकी तलाश जारी है।पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आरोपी मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल का सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर है। हालांकि उनका घर बेलघरिया इलाके में है, लेकिन नौकरी के सिलसिले में वह बहरमपुर शहर में रहते हैं। पता चला है कि 8 अक्टूबर को बहरमपुर के एक नामी होटल में कोलकाता की एक युवती के साथ ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर कथित तौर पर रेप किया गया था। इसके बाद इसी महीने की 2 तारीख को उसने दोबारा होटल में बुलाकर मुंह बंद रखने की धमकी दी, इसकी सूचना पुलिस को दे दी गई है। डॉक्टर पर युवती के न मानने पर उसे जान से मारने की कोशिश करने का भी आरोप है। युवती ने सोमवार रात बहरमपुर थाने में शिकायत दर्ज करायी।

जिला पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, "हमें जो शिकायत मिली है, उसकी जांच की जा रही है। शिकायतकर्ता द्वारा अपनी शिकायत में उल्लिखित होटल के सीसीटीवी फुटेज एकत्र करने का प्रयास किया जा रहा है। हमने उस डॉक्टर के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 64, 123, 115 (2), 109 (1), 303 (2) और 351 (2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पता चला कि वह मेडिकल कॉलेज में ड्यूटी पर नहीं आ रहा है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विभिन्न स्थानों पर तलाशी ली जा रही है।

## सर्दियों में पर्यटकों की भीड़! स्वस्थ भोजन उपलब्ध कराने के लिए झाड़ग्राम में होटल व्यवसायियों के लिए विशेष प्रशिक्षण

संवाददाता

**कोलकाता।** जंगल प्रेमी कम खर्च में एकांत जगह पर सप्ताहांत बिताने के लिए झारग्राम आते हैं। जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा होमस्टे, होटल लॉज, फास्ट फूड स्वामियों को खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि पर्यटक भ्रमण के दौरान स्वास्थ्यवर्धक भोजन खा सकें। भोजन की गुणवत्ता जांचने के लिए यह प्रशिक्षण बुधवार से चल रहा है। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग भोजन की गुणवत्ता जांचने के लिए अत्याधुनिक तकनीक वाली गाड़ी लेकर आये। इस वाहन में विशेष प्रयोगशालाएं शामिल हैं।



लैब से सुसज्जित यह वाहन विभिन्न होमस्टे, होटल, लॉज, भोजनालयों में जाकर भोजन की गुणवत्ता की जांच करेगा। औचक निरीक्षण की तरह, वाहन शिकायत के आधार पर भी परीक्षण के लिए खाद्य नमूने एकत्र करने के लिए जाएगा। अगले कुछ दिनों में इसी लैब वाहन से खाद्य पदार्थों की जांच की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। गौरतलब है कि झारग्राम में पर्यटन के विकास और पर्यटकों को गुणवत्तापूर्ण भोजन मिले इसे सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन की पहल पर छह दिसंबर को जिला स्वास्थ्य विभाग के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक हुई थी।

बैठक में जिलाधिकारी, अध्यक्ष और स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख उपस्थित थे। खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए होटल, लॉज, होमस्टे, मिठाई की दुकानें, कोई भोजनालय, मेडिकल कॉलेज, सुपर स्पेशलिटी अस्पताल और आवासीय विद्यालय हैं। साथ ही होटल, लॉज, मालिकों को खाद्य सुरक्षा पर प्रशिक्षण दिया जाएगा कि भोजन की गुणवत्ता कैसे बरकरार रखी जाए। उस बैठक के बाद बुधवार को जिला स्वास्थ्य विभाग की ओर से 50 होटल, लॉज, होमस्टे मालिकों को प्रशिक्षण दिया गया।

जिला स्वास्थ्य विभाग की ओर से बताया गया है कि 14 दिसंबर को गोपीवल्लभपुर में दोबारा प्रशिक्षण आयोजित किया जायेगा।

वर्तमान में झारग्राम जिले में 102 होमस्टे, 170 से 172 होटल, लॉज और रिसॉर्ट हैं। इनमें झारग्राम ब्लॉक और सिटी सेंटर में 65 से 70 होटल और लॉज हैं। इस संबंध में झारग्राम जिला स्वास्थ्य विभाग के मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी भुवनचंद्र हांसदा ने कहा, "पहले चरण में होटल, लॉज, होमस्टे मालिकों के साथ खाद्य सुरक्षा पर प्रशिक्षण किया गया है।

फिर से भी होगा। हमारा अत्याधुनिक लैब वाहन कुछ ही दिनों में ऑन-स्पॉट भोजन परीक्षण शुरू कर देगा। कुछ शिकायत रहेगी तो समाधान की जाएगी।

## इनोवेटिव फॉर्मूले बालों को दे सकते हैं नया जीवनः डॉ. श्रेया रॉय

संवाददाता

**कोलकाता।** सफेद बालों को सिर्फ छिपाने तक सीमित क्यों रहना, जब आप उन्हें लंबे समय तक टिकने वाला कलर और चमक भी दे सकते हैं? अब हायलूरॉनिक, सिलिकॉन एक्टिव्स और कीवी फ्रूट एक्सट्रैक्ट जैसे नए और उन्नत फॉर्मूलों के साथ अपने हेयर कलर रूटीन को एक नया आयाम दें। ये खास तत्व आपके बालों को सिर्फ कलर नहीं देते, बल्कि उन्हें पोषण, मजबूती और चमक भी प्रदान करते हैं। स्किनकेयर विशेषज्ञ और एमबीबीएस डॉ. श्रेया रॉय चौधरी ने बताया कि ये इनोवेटिव फॉर्मूलें बालों को कैसे नया जीवन दे सकते हैं।



**बालों को नुकसान से बचाएं और उन्हें मजबूत बनाएंः** विटामिन सी, ई और के से भरपूर फलों के एक्सट्रैक्ट बालों को अंदर से मजबूत बनाते हैं और कोलेजन को तेजी से बनाने में मदद करता है, जिससे बालों का टूटना कम होता है। हायलूरॉनिक एक्टिव्स की हाइड्रेटिंग शक्ति बालों को नमी प्रदान करती है, जिससे वे रूखेपन से बचते हैं और लचीले बने रहते हैं। साथ ही, सिलिकॉन बालों पर एक सुरक्षात्मक परत बनाता है, जो उन्हें स्मूथ बनाता है, नमी को अंदर लॉक करता है और स्टाइलिंग को आसान बनाता है। इन तत्वों का संयोजन कलर-ट्रीटेड बालों की सेहत बनाए रखने और उनकी लंबाई बढ़ाने में मदद करता है। अब अपने बालों को केवल कलर नहीं, बल्कि पूरी तरह से नया जीवन देने के लिए तैयार हो जाइए।

**बालों को सफेद होने से रोकता हैः** बालों को सफेद होने से बचाने और उनकी चमक बनाए रखने में सही देखभाल और पोषण का बड़ा योगदान है। विटामिन सी और ई जैसे एंटीऑक्सीडेंट्स ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को कम करके समय से पहले सफेद बालों की प्रक्रिया को धीमा करते हैं। इन फॉर्मूलों में मौजूद कॉपर मेलेनिन उत्पादन को बढ़ावा देता है, जो बालों का प्राकृतिक रंग बरकरार रखता है और उनकी चमक लंबे समय तक बनाए रखता है।

**स्कैल्प को स्वस्थ बनाना भी उतना ही जरूरी हैः** ओमेगा-3 फैटी एसिड स्कैल्प को पोषण देकर सूजन को कम करता है और रक्त संचार को बेहतर बनाता है, जो बालों की जड़ों को मजबूत बनाता है। हायलूरोनिक एक्टिव्स ड्राइनेस को दूर कर स्कैल्प को हाइड्रेट रखते हैं, जिससे बालों की स्वस्थ वृद्धि सुनिश्चित होती है।

**पर्यावरणीय तनाव से बालों की सुरक्षा भी महत्वपूर्ण हैः** हायलूरोनिक एक्टिव्स और सिलिकॉन बालों के चारों ओर एक सुरक्षा परत बनाते हैं, जो उन्हें यूवी किरणों, प्रदूषण और रोजमर्रा की क्षति से बचाती है। यह सुरक्षा बालों की लचक और मजबूती को बनाए रखती है, खासकर कलर-ट्रीटेड बालों के लिए। सही देखभाल से आपके बाल स्वस्थ, चमकदार और मजबूत बने रहते हैं।

**बालों की मैनेजिबिलिटी और चमक को बढ़ानाः** बालों की देखभाल में सही तत्वों का उपयोग आपके बालों को खूबसूरत और मैनेज करने में आसान बना सकता है। हायलूरोनिक एक्टिव्स बालों में नमी बनाए रखते हैं, जिससे बाल कम उलझते हैं और मुलायम हो जाते हैं। इससे स्टाइल करना आसान हो जाता है। सिलिकॉन बालों को वॉल्यूम देता है, फ्रिज को नियंत्रित करता है और एक ग्लॉसी फिनिश प्रदान करता है। कीवी में मौजूद पोषक तत्व इन सामग्रियों के साथ मिलकर आपके बालों को चमकदार, स्वस्थ और घना बनाते हैं।


सभी निष्कर्ष यह बताते हैं कि बालों की सुंदरता के लिए एक स्वस्थ स्कैल्प का होना बहुत जरूरी है और ओमेगा-3 फैटी एसिड, विटामिन सी, ई और के से भरपूर होते हैं, स्कैल्प को पोषण देते हैं और रक्त संचार को बढ़ावा देते हैं। इसके साथ ही हायलूरोनिक एक्टिव्स बालों और स्कैल्प को हाइड्रेटेड रखते हैं और ड्राईनेस से बचाते हैं।

## आचार्य श्रील भक्तिवल्लभ तीर्थ गोस्वामी महाराजा का जन्म शताब्दी महोत्सव मना

संवाददाता

**कोलकाता।** निखिल भारत श्री चैतन्य गौड़ीय मठ के संस्थापक आचार्य त्रिदंडीस्वामी श्रीमद्भक्ति दयित माधव गोस्वामी महाराज के प्रियतम शिष्य तथा संस्था के प्राक्तन आचार्यदेव एवं विश्व वैष्णव राज सभा के पूर्व प्राचार्य नित्यलीला प्रविष्ट ॐ विष्णुपद 108 त्रिदंडीस्वामी श्रीमद्भक्तिवल्लभ तीर्थ गोस्वामी महाराज जी का जन्म शताब्दी समारोह बड़ी धूमधाम से होने जा रहा है।

इस अवसर पर मठ के वर्तमान आचार्य परम पूज्यपाद त्रिदंडीस्वामी श्रीमद्भक्तिविचार विष्णु गोस्वामी महाराज के मार्गदर्शन और उपस्थिति में और श्रीधाम मायापुर श्री चैतन्य गौड़ीय मठ के मठाधीश त्रिदंडीस्वामी श्रीमद्भक्तिवैभव नारायण महाराज के संचालन में हावड़ा जिले के उलूबेरिया उपमंडल अंतर्गत कराटबेरिया गांव के यूनाइटेड भतार मैदान में 14 व 15 दिसंबर को विशाल नगर संकीर्तन व धर्म सभा का आयोजन किया जायेगा।



शनिवार 14 दिसंबर को श्रीधाम वृन्दावन, पुरी एवं मायापुर के पांच सौ से अधिक आचार्य, संन्यासी, ब्रह्मचारी एवं हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में सामूहिक आरती एवं मांगलिक मंत्र के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ होगा। दोपहर 3 बजे श्रील भक्तिवल्लभ तीर्थ गोस्वामी गुरु महाराज के विग्रह दिव्य सुरम्य रथ पर विराजमान होकर भुवनमंगल श्री हरिराम संकीर्तन के साथ नगर भ्रमण करेंगे।

रविवार 15 दिसंबर को सुबह-शाम श्रील गुरुदेव की महिमा कथामृत की प्रस्तुति होगी। सुबह 10:00 बजे महा आरती, विविध सुगंधों से श्रील गुरुदेव का महाअभिषेक, अनेक मधुर स्वरों के साथ पूजा, भोग इत्यादि मंगलमय कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी भक्तों के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### कड़कती ठंड में हो अलाव व कंबल की व्यवस्था : प्रेम प्रकाश ठाकुर



**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के सामाजिक कार्यकर्ता सह 20 सूत्री सदस्य प्रेम प्रकाश ठाकुर ने जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि ठंड के साथ साथ कनकनी जोरो पर है। इसे देखते हुए अविलंब ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में जगह जगह पर अलाव की व्यवस्था तथा गरीब असहायों के बीच कंबल वितरण करने की मांग जिला प्रशासन से किया है। चुकी पलामू में अधिकांश परिवार खेती बारी तथा मजदूरी कर अपने परिवार का जीवन यापन करते हैं। हालांकि पलामू उपायुक्त महोदय के द्वारा पलामू की छोटी से छोटी समस्या से लेकर बड़ी से बड़ी समस्या का समाधान इनके द्वारा गंभीरता पूर्वक किया जाता है। इनकी जितनी भी तारीफ की जाय कम होगा इनकी सोच हमेशा यही रहती है कि हमारे जिला अंतर्गत किसी पदाधिकारियों के द्वारा पलामू वासियों को परेशान न किया जाए। इसीलिए इन्होंने छोटी से छोटी समस्या का भी ध्यान बारीकी से रखते हैं। मैं एक सामाजिक कार्यकर्ता होने के नाते जिला प्रशासन से पुनः आग्रह करते हैं कि अविलंब जगह जगह पर अलाव तथा गरीब, असहाय,मजदूर के बीच कंबल का वितरण करने की मांग जिला प्रशासन से किया है।

### जमीन विवाद में महिला के साथ मारपीट

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के बेरिया निवासी सुनील मांझी की पत्नी सुमित्रा देवी उम्र 25 वर्ष को जमीन विवाद में गुरुवार की दोपहर फूफा ससुर पुरन सिंह और उनके परिजनों ने लाठी डंडे से पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद परिजनों के द्वारा घायल महिला सुमित्रा देवी को इलाज के लिए मेदनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया।जहां इलाज के बाद भी महिला की स्थिति गंभीर बनी हुई है।वही इलाज के बाद महिला के परिजन शहर थाना पहुंचकर घटना से संबंधित मामले की जानकारी पुलिस को दी। जानकारी मिलने पर पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

### युवक ने किया जहरीला पदार्थ का सेवन, गंभीर

**मेदिनीनगर।** पड़वा थाना क्षेत्र के लोहड़ा गांव निवासी गनौरी महतो के पुत्र मिथिलेश कुमार उम्र 25 वर्ष गुरुवार की सुबह जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। जिसके कारण उसकी स्थिति गंभीर हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए पड़वा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सको ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेदनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### अधूरे कब्रिस्तान को गेट लगाकर पूर्ण करने के प्रयास मामले में बीडीओ ने की जांच

**लातेहार।** बरवाडीह कल्याण विभाग के माध्यम से प्रखंड मुख्यालय की पहड़तल्ली कब्रिस्तान की चारदीवारी निर्माण योजना को लेकर जिला परिषद की बैठक मे जीप सदस्य संतोषी शेखर के द्वारा उठाये गए अनियमिता और फर्जी ग्राम सभा के मामले मे जिला कल्याण विभाग के द्वारा दिए गए जबाब के बाद कल्याण विभाग सवालों के घेरे मे आ गई है। जिला परिषद सदस्य नें फरवरी माह की बैठक मे उक्त योजना के अधूरे होने के बाद भी गेट लगा कर पूर्ण दिखाने के साथ साथ दूसरे पंचायत की फर्जी ग्राम सभा के माध्यम से योजना कराने का आरोप लगाया था जिस पर विभाग के द्वारा बताया गया कि उक्त योजना कल्याण विभाग से स्वकृति नहीं है।

### पंडवा जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष चंदेश्वर मेहता ने मुख्यमंत्री को दिया ज्ञापन



**मेदिनीनगर।** पड़वा जेएमएम केन्द्रीय समिति के विस्तार बैठक सह अभार सभा रांची मुख्यमंत्री आवास कांके रांची में बुधवार को पड़वा जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष चंदेश्वर मेहता शामिल हुए। मौके पर चंदेश्वर मेहता ने हेमंत सोरेन से मिलकर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं को ले ज्ञापन सौंपा। सौंपे ज्ञापन में चंदेश्वर मेहता ने प्रखंड बने 16 बर्ष बित जाने के बाद भी प्रखंड का अपेक्षित विकास नहीं हो पाने संबोधित बात रखी। ज्ञापन में चंदेश्वर मेहता ने पड़वा में वर्षों से बंद पड़े एशिया फेम राजहरा कोलियरी में उत्पादन शुरू करने,महिला बाल विकास परियोजना कार्यालय स्थापना, प्रखंड में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र निर्माण, डिग्री कॉलेज निर्माण, पशु अस्पताल, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय निर्माण तथा प्रखंड में स्थाई प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचलाधिकारी की पदस्थापना करने की मांग की है। इस मौके जेएमएम प्रखंड पंडवा सचिव गोविंद रजक, संयुक्त सचिव राणा सिंह चौहान उपस्थित थे।

## डीडीसी ने समाज कल्याण विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की

# केंद्रों का निरीक्षण संतोषजनक नहीं पाये जाने पर होगी कार्रवाई : डीडीसी

● आंगनबाड़ी केंद्रों का नियमित पर्यवेक्षण सुनिश्चित करें

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त के निर्देश पर उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि जिले में पदस्थापित 29 महिला र्पयवेक्षिकाओं के द्वारा नवम्बर माह में मात्र 5 आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया गया जो अत्यंत चिंताजनक है। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं को निर्देशित किया गया कि आंगनबाड़ी केंद्रों का नियमित पर्यवेक्षण सुनिश्चित करें। जिन परियोजनाओं में केंद्रों का निरीक्षण संतोषजनक नहीं पाया जायेगा उनके विरुद्ध आवश्यक दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी।

**पूरक पोषाहार कार्यक्रम की समीक्षा**

पूरक पोषाहार कार्यक्रम की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि पांकी परियोजना को छोड़कर किसी भी परियोजना द्वारा माह नवंबर तक का पोषाहार अभिश्रव उपलब्ध नहीं कराया गया है। संबंधित परियोजना पदाधिकारी को सख्त निर्देश दिया गया कि एक सप्ताह के अंदर नवंबर तक का पोषाहार अभिश्रव उपलब्ध कराना सूचित करें।



टीएचआर वितरण की भी समीक्षा समीक्षा के दौरान पाया गया कि माह नवंबर में लगभग 28% ही टीएचआर वितरण की इंट्री पोषण ट्रैकर में किया गया है साथ ही टीएचआर सामग्री वितरण का गहन अनुश्रवण करने का निर्देश सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी,महिला पर्यवेक्षिकाओं एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को दिया गया।

**पोषण ट्रैकर की समीक्षा**

सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं को निर्देशित किया गया कि योजना के सभी मानकों का शत प्रतिशत इंट्री पोषण ट्रैकर में करना सुनिश्चित करेंगे। प्रतिदिन केन्द्र पर उपस्थित बच्चों का तथा केन्द्र पर्यवेक्षण का फोटो अपलोड करने का निर्देश दिया गया।

**आंगनबाड़ी सेविका सहायिका का चयन**

समीक्षा के क्रम में पाया गया की 82 पद सेविका का तथा 469 पद सहायिका का रिक्त है।रिक्त पदों पर नियमानुसार चयन हेतु संबंधित पोषक क्षेत्र के सीमांकन एवं सर्वेक्षण से संबंधित प्रतिवेदन दो दिनों के अंदर जिला कार्यालय को उपलब्ध कराने हेतु सभी बल विकास परियोजना पदाधिकारी को निर्देशित किया गया।चयन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने एवं एक सप्ताह के अन्दर समाचार पत्रों में इसका कार्यक्रम निर्धारित करने का आदेश जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को दिया गया।उपायुक्त के द्वारा भी समीक्षा के क्रम में पायी गयी कमियों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी है।

## समाजसेवी ने कंबल व अलाव व्यवस्था करने की मांग की



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** हरिहरगंज बढ़ते ठंड में कंबल वितरण में देरी को लेकर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सह युवा समाजसेवी राजीव रंजन ने प्रेस वार्ता कर झारखंड सरकार व जिला प्रशासन से जरूरतमंदों के बीच शीघ्र कंबल वितरण की मांग की है। साथ हीं सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यस्था की भी मांग की है। उन्होंने कहा कि ठंड से बचने के लिए ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के गरीब व असहायों के बीच बांटे जाने वाले कंबल वितरण में देर होने से बढ़ते ठंड में जरूरतमंदों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। बढ़ती ठंड को देखते हुए सरकार व जिला प्रशासन जल्द से जल्द इस पर ध्यान दें।

मौके पर संजय जायसवाल, शंभू यादव, गोपाल प्रसाद गुप्ता, शंभू सिंह, विजय पासवान, रामचंद्र चौधरी, सत्येंद्र पासवान, राजकुमार चौधरी, केदारनाथ ठाकुर आदि शामिल थे।

## 17 सालों से नौकरी के लिए तरस रहा आदिवासी युवक

● पिता की मौत के बाद मिलनी थी नौकरी



संवाददाता

**लातेहार।** सरकार भले ही आदिम जनजातियों के नाम पर तमाम तरह की योजनाएं चलाती हो, लेकिन सच्चाई यह है कि सरकारी व्यवस्था की मनमानी के कारण आदिम जनजातियां अपने संवैधानिक हक और अधिकार से वंचित हैं। इसकी बानगी लातेहार के गारू प्रखंड में देखने मिली है। जहां के हेनार गांव का रहने वाला आदिम जनजाति युवक सुनील बृजिया सरकारी व्यवस्था की मनमानी का दंश झेल रहा है। सुनील ब्रिजिया ने बताया कि उनके पिता रामदास बृजिया सरकारी शिक्षक थे। वर्ष 2007 में उनकी मृत्यु हो गई थी। सरकारी प्रावधान के तहत अनुकंपा के आधार पर उन्हें सरकारी नौकरी दी जानी थी। क्योंकि वे अपने माता-पिता के इकलौते संतान हैं। उन्होंने बताया कि वे आठवीं पास थे। इसके कारण जिला स्तर पर आयोजित स्थापना समिति की बैठक में उनका चयन चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी के रूप में हुआ।

जिला स्तर पर नियुक्ति का आदेश भी पारित हो गया, लेकिन सरकारी अधिकारियों की मनमानी के कारण अलग-अलग कारण बताकर उनकी नियुक्ति एक साल तक लंबित रखी गई। उसके बाद वर्ष 2011 में सरकार का एक नया प्रावधान आया, जिसके अनुसार सरकारी नौकरी के लिए मैट्रिक पास होना जरूरी था।

इस प्रावधान को मुद्दा बनाकर सरकारी क्लर्क ने फिर से अपनी मनमानी शुरू कर दी और उनकी नियुक्ति पर रोक लगा दी। सुनील बृजिया ने बताया कि सरकारी सिस्टम की मनमानी से परेशान होकर उन्होंने अपनी पढ़ाई आगे बढ़ाई और मैट्रिक पास किया। वहीं सुनील की पत्नी हीरामणि देवी ने बताया कि मैट्रिक पास करने के बाद सुनील को नौकरी नहीं मिली, बिना रिश्वत लिए कोई उसकी फाइल आगे बढ़ाने को तैयार नहीं था। उनसे नौकरी के नाम पर पैसे भी लिए गए, लेकिन नौकरी नहीं दी गई।सुनील ने बताया कि सरकारी अधिकारियों ने न सिर्फ सुनील बृजिया की नौकरी में बाधा डाली, बल्कि प्रावधानों के अनुसार उनकी मां को मिलने वाली पेंशन में भी कई तरह की अड़चनें पैदा कीं। हालांकि किसी तरह उनकी मां की पेंशन स्वीकृत तो हो गई, लेकिन वर्ष 2009 में उन्हें जो पेंशन मिलनी शुरू हुई, वही आज भी मिल रही है। उनकी पेंशन में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई। सुनील का कहना है कि उनकी मां को मिलने वाली 6000 रुपये की पेंशन से ही बूढ़ी मां, सुनील की पत्नी और उनके नौ बच्चों का भरण-पोषण होता है। सुनील की मां सुभानी देवी ने कहा कि उनके पति की मौत वर्ष 2007 में हो गई, लेकिन आज तक उनके बेटे को नौकरी नहीं मिली। सुनील की पत्नी हीरामनी देवी ने कहा कि घर की स्थिति काफी खराब है, पूरा परिवार आर्थिक तंगी से परेशान है। इस बीच, इस संबंध में लातेहार डीसी उत्कर्ष गुप्ता ने कहा कि उन्हें भी इस मामले की जानकारी मिली है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। मामले में जल्द ही उचित कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस ने दो गांजा तस्कर को किया गिरफ्तार

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर थाना की पुलिस ने दो गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया है। इस संबंध में शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया की 11 दिसंबर को शाम चार बजे पुलिस अधीक्षक महोदया से सूचना मिली कि रेलवे स्टेशन के सामने दो संदिग्ध व्यक्ति अवैध रूप से गांजा की खरीद बिक्री करने आ रहे हैं। पुलिस अधीक्षक महोदया के निदेर्शानुसार श्री राजीव रंजन, पुलिस उपाधीक्षक (प्रशिक्षु) पलामू के नेतृत्व में टीम का गठन करते हुए रेलवे स्टेशन डालटनगंज के पास पहुंचा तो पुलिस को पहुंचता देख टेम्पू से उतर कर रेलवे स्टेशन के तरफ आ रहे दो संदिग्ध व्यक्ति भागने का प्रवास करने लगे।



यह वेख साथ मौजुद पुलिस पदाधिकारी एवं सशख बल के सहयोग से घेराबंदी करते हुए दोनों संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा राधा नाम पता गुछते हुए उससे भागने का बवरण पूछा तो दोनों के द्वारा अपना अपना नाम आशिष कुमार शर्मा पिता बिरबल शर्मा, सा+थाना कुन्दा एवं टिकेश्वर महतो पिता ललकु महतो, साइ) पोकला, थाना टंडवा, दोनों जिला चतरा बताये हुए भागने के संबंध में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिये। दोनों के पास मावक पदार्थ पाये जाने की सम्भावना देखते हुए श्री राजीव रंजन, पुलिस उपाधीक्षक (प्रशिसु) पलामू के द्वारा विधिवत तलाशी ली गयी।

तलाशी लेने के क्रम में पकड़ाये व्यक्ति आशिष कुमार शर्मा के पहने हुए जिन्स के दांये पॉकेट से एक ब्लू रंग का रियलमी कम्पनी का मोबाईल तथा पहने हुए, नेकेट के अन्दर से एक काला रंग का प्लास्टिक में पैक किया हुआ मादक पदार्थ (गांना जैसा) बरामद हुआ तथा टिकेश्वर महतो के पहने हुए जैकेट के अन्दर से काला रंग का प्लास्टिक में पैक मादक पदार्थ (गांजा जैसा) बरामद हुआ। दोनों पैकेट का कुल बजन करीब 1.966 किलो पाया गया।जिसको विधिवत जाम किया गया तथा उपरोक्त दोनों व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्तियों के द्वारा बताया गया कि मादक पदार्थ (गांजा जैसा) नौडीहा बेहरा, थाना पिपराटांड़ जिला पलामू के मन्टू शर्मा के द्वारा इनदोनों की दो पैकेट गांजा देकर डालटनगंज रेलवे स्टेशन के पास सुशील नाम के व्यक्ति को देने को बोला गया था। इस काम के लिये इन दोनों को 1000/- (एक हजार रूपया) दिया जाता है। अन्य अभियुक्तों की तलास जारी रही है। पुलिस ने पकड़े गए तस्करों के पास से मादक पदार्थ (गांजा) 1.966 किलो, रियलमी कम्पनी का मोबाईल 01 पीस।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम आशिष कुमार शर्मा पिता बिरबल शर्मा, सा+थाना कुन्दा, जिला चतरा,टिकेश्वर महतो पिता ललकु महतो, सा० पोकला थाना टंडवा, जिला चतरा का नाम शामिल है। छापामारी में प्रशिक्षु डीएसपी राजीव रंजन, शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार,एसआई सोनु कुमार चौधरी टिओपी वन प्रभारी रुद्रानन्द सरस, एएसआई राजेश कुमार साहु, टाइगर मोबाइल के जवान राकेश कुमार सिंह,सूर्वनाथ सिंह,अमित कुमार, संतन कुमार मेहता,रोहित कुमार,मुकेश कुमार सिंह,शहर थाना के जवान नंदलाल पटेल, सहायक पुलिस के जवान जयंत कुमार दूबे,प्रफुल्ल कुमार सिंह शामिल थे।

## नाबालिग लड़की को भगाने का आरोप, मां ने दर्ज कराई प्राथमिकी



संवाददाता

**गढ़वा।** माझिआव थाना क्षेत्र के एक गांव की 17 वर्षीय नाबालिग लड़की के लापता होने पर उसकी मां ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। मां ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि उनकी बेटी 9 दिसंबर की रात लगभग 1:00 बजे घर से लापता हो गई। काफी खोजबीन के बावजूद कोई सुराग नहीं मिलने पर उन्होंने पुलिस से मदद मांगी।

लड़की की मां ने शक जाहिर किया है कि नगर ऊंटारी थाना क्षेत्र के पतीहारी गांव निवासी महमूद आलम उनकी बेटी को भगाकर ले गया होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि महमूद और उनकी बेटी मोबाइल पर चोरी-छिपे बातचीत करते थे। मां ने पुलिस से अपनी बेटी को जल्द से जल्द सुरक्षित बरामद करने की गुहार लगाई है।

इस मामले पर थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और पुलिस संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि लड़की को जल्द ही खोज लिया जाएगा।

**आस्था** श्रीमदभगवद कथा के 17 वां अधिवेशन का आयोजन

## प्रवचन के दौरान बाकी बिहारी के बोल पर झूमे भक्तजन

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू के डालटनगंज रेड़मा स्थित ठाकुरबाड़ी में चल रहे श्रीमदभगवद कथा के 17 वां अधिवेशन चौथे दिन श्रीधाम वृंदावन से पधारी कथा व्यास स्तुति दीदी जी ने मंगलाचरण और भजन संकीर्तन के साथ कथा आरम्भ किया। प्रवचनकर्ता स्तुति दीदी जी ने भक्तों को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का अद्भुत वर्णन सुनाया। श्रीकृष्ण के माखन चोरी और गोपियों के साथ उनकी लीलाओं ने सभी को भाव-विभोर कर दिया। गवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं हमें यह सिखाती



हैं कि सच्चा आनंद न केवल भौतिक चीजों में है, बल्कि परमात्मा की भक्ति में है। आज कथा में गजेंद्र मोक्ष का प्रसंग भी

> **भगवान स्वयं हमारे जीवन में आकर मार्गदर्शन कर रहे हैं, हर दिन एक नई सीख मिल रही है, कथा स्थल पर बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ी**

सुनाया गया। प्रवचनकर्ता ने बताया कि यह प्रसंग मानव जीवन की कठिन परिस्थितियों में भगवान की शरण में जाने का महत्व सिखाता है। यह कथा सुनकर ऐसा लगता है कि भगवान स्वयं हमारे जीवन में आकर मार्गदर्शन कर रहे हैं। हर दिन एक नई सीख मिल रही है। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में भक्तो की भीड़ उमड़ी थी। भजन-कीर्तन और प्रवचन के बीच भक्त झूम उठे। श्रद्धालुओं ने भक्ति और आध्यात्म का गहरा अनुभव किया। कथा व्यास स्तुति दीदी जी भजन पर झलक दिखलाये वो, दीवाना बनाये वो, एक झलक दिखलाते हुए बाकी बिहारी के बोल पर भक्तजन काफी झूमे। मौके पर समिति के अध्यक्ष अजय तिवारी, संगरक्ष विजय तिवारी, मीडिया प्रभारी नितेश तिवारी, रूपेश तिवारी सहित कई गण्यमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मेदिनीनगर : संस्कार से परिपूर्ण है सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर के हमीदगंज बीएन कॉलेज के पास स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह संस्था बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी दे रहा है जिसकी समाज को नितांत जरूरत है। इस स्कूल के शिक्षकों द्वारा स्कूल में पढ़ने वाले प्रत्येक बच्चों को यह ज्ञान दिया जाता है कि स्कूल आते समय अपने माता-पिता और बड़ों का पैर छूकर प्रणाम करें। और उनसे आशीर्वाद लेकर स्कूल में प्रवेश करें। यहां के बच्चे जब स्कूल पहुंच जाते हैं तो सरस्वती



शिशु विद्या मंदिर स्कूल के आचार्य अंजनी जी के द्वारा बच्चों को तबला हरमुनियम बजाने का प्रेक्टिस कराया जाता है। सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर की हर बात निराली है। यह एक विद्या का मन्दिर है। पलामू की इस पुण्य धरती पर स्थित विशाल मन्दिर है यह। यहां सर्वस्व ज्ञान का भण्डार है। संस्कार भी अपार है। अनुशासन से परिपूर्ण है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सरस्वती शिशु विद्या मंदिर अच्छा विकल्प है।यहां बच्चों के लिए कईं प्रकार कि प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है जैसे : बौद्धिक, शारीरिक, वैदिक मंच आदि शामिल है।

## संक्षिप्त खबरें

### बर्फ पर फिसलने से महिला की मौत

**शिमला।** घर के आंगन में गिरी बर्फ एक महिला के लिए जानलेवा बन गई। महिला सुबह के वक्त अपने कमरे से बाहर निकलीं। जैसे ही वह आंगन में पहुंची, वहां बर्फ जमी हुई थी, जिससे अचानक उनका पैर फिसल गया और वह खेत में गिर गईं। गिरने के बाद उन्हें गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद परिजन उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले आए। लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। ये घटना शिमला जिला के चौपाल उपमण्डल के सरैन गांव में पेश आई। मृतक महिला की पहचान बिमला देवी पत्नी श्याम दत्त निवासी सरैन के रूप में हुई है। चौपाल पुलिस द्वारा इस मामले में धारा 194 बीएनएस के तहत कार्रवाई की जा रही है।

### मुफ्ती के घर एएनआई व एटीएस का छापा

**झांसी।** ऑनलाइन दीनी तालीम और विदेशी फंडिंग मामले में कोतवाली थाना क्षेत्र में एनआईए और एटीएस टीम ने गुरुवार तड़के छापेमारी की। छापेमारी की कार्यवाही फिलहाल चल रही है जिसे लेकर तरह-तरह की चचाएं हैं। फिलहाल छापेमारी कर रही टीमों की ओर से मीडिया को कोई जानकारी नहीं दी गई है। छापेमारी स्थल पर स्थानीय पुलिस बल भी मौजूद है। झांसी के शहर कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित गुलाम गौस खां पार्क स्थित मकान में तड़के करीब 4 बजे एनआईए और एटीएस टीम ने छापेमारी कार्यवाही की। यह कार्यवाही अभी भी जारी है।

### अनियंत्रित ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत

**औरैया।** जनपद के अजीतमल कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अमावता निवासी पंकज कुमार उर्फ लल्ली पुत्र रामशरन गुरुवार की सुबह शौच क्रिया के लिए जा रहा था तभी पीछे से अनियंत्रित ट्रैक्टर ने पीछे से टक्कर मार दी। टैक्टर ट्रॉली के नीचे दबकर उसकी मौत हो गई। टैक्टर सामने बने नहर किनारे खंदी में जा गिरा। युवक ट्राली के नीचे दब गया। उसकी मौत हो गई। टैक्टर कृष्णा भट्टा काजीपुर पर कच्ची ईट ढुलाई का कार्य करता था। टैक्टर चालक टैक्टर छोड़कर भाग गया। जबकि चालक का नाम पता अज्ञात है।

### नोडल अधिकारी धान उर्पाजन केन्द्रों का नियमित करें निरीक्षण : कलेक्टर

**रायगढ़।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने गुरुवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने खाद्य विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि धान खरीद एवं चावल जमा करने के कार्य में विशेष रूप से फोकस करें। उन्होंने नए एवं मिलर्स द्वारा प्राप्त बारदानों की स्थिति जानकारी ली साथ ही बारदानों की उपलब्धता प्रतिदिन अपडेट करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी नोडल, राजस्व से जुड़े अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपार्जन केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान धान की स्टॉकिंग नहीं पाए जाने पर तत्काल सूचित करें।

### 16 ग्राम हेरोइन के साथ 01 नशा तस्कर गिरफ्तार

**कठुआ।** कठुआ पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ जारी युद्ध स्तर अभियान के तहत पुलिस चैकी मढ़हीन के कोटपुन्नु क्षेत्र में लगभग 16 ग्राम हेरोइन के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। इस सिलसिले में एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई। जानकारी के अनुसार एसडीपीओ बॉर्डर और एसएचओ पुलिस स्टेशन राजबाग की देखरेख में प्रभारी पुलिस चैकी मढ़हीन के नेतृत्व में एक पुलिस टीम ने कोटपुन्नु क्षेत्र में एक नियमित नाका चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को मोटरसाइकिल पर घूमते देखा और उसे जांच के लिए रोका गया।

### आयुष्मान योजना का लाभः दूरबीन पद्धति से हुआ सफल ऑपरेशन

**बांदा।** आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना के तहत जरूरतमंदों को मुफ्त इलाज की सुविधा मिल रही है, जिससे लोग सरकार का आभार व्यक्त कर रहे हैं। इसी क्रम में रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज, बांदा में एक मरीज का हर्निया का सफल ऑपरेशन हुआ। चिल्ला मदनपुर के निवासी कलुआ (60 वर्ष), पुत्र दबीवा को लंबे समय से हर्निया की समस्या थी। इलाज के लिए उन्होंने रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज के सर्जरी विभाग में सर्जन डॉ. अनूप सिंह से संपर्क किया। डॉक्टर ने उन्हें ऑपरेशन की सलाह दी।

### इलाज में हुई लापरवाही से बच्ची की मौतः विक्रम

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर बीजापुर के धनोरा में स्थित माता रुक्मणी कन्या आवासीय आश्रम में हुई फूड पॉइजनिंग से एक बच्ची की मौत और 34 बच्चों के बीमार होने को गंभीरता से लेते हुए बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी के नेतृत्व में 7 सदस्यीय जांच दल का गठन किया था। जांच में यह सामने आया कि छात्रा की मौत पनीर की सब्जी खाने के बाद हुए फूड पॉइजनिंग से छात्राओं की तबीयत बिगड़ने व ईलाज में लापरवाही से हुई है।

### सेना ने पकड़ा पाकिस्तानी घुसपैठिया को

**पुंछ।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास सेना ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को पकड़ा है। सुरक्षा अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार देर शाम मोहम्मद सादिक सीमा पार से भारतीय क्षेत्र में घुसने की कोशिश कर रहा था। सीमा बाड़ के पास नूरकोट गांव में सतर्क सैनिकों ने उसे रोक लिया। उसके पास कोई आपत्तिजनक सामग्री नहीं थी और उसके मकसद का पता लगाने के लिए उससे पूछताछ की जा रही है।

# विवाद रहित ग्राम पंचायतों को दिए जाएंगे पांच-पांच लाख रुपये : डॉ. मोहन

## सीएम ने वीसी से उज्जैन दक्षिण विधानसभा की ग्राम पंचायतों के सरपंचों से की चर्चा

**उज्जैन। एजेंसी**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को उज्जैन के एनआईसी कक्ष से वीसी द्वारा उज्जैन दक्षिण विधानसभा की ग्राम पंचायतों के सरपंचों से चर्चा की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जिन ग्राम पंचायत में कोई विवाद नहीं होगा, जिन ग्राम पंचायत में कोई झगड़ा नहीं होगा, एक ग्राम पंचायतों को पांच-पांच लाख रुपये दिए जाएंगे। इन ग्राम पंचायतों को वृंदावन ग्राम योजना से भी लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान आगामी 26 जनवरी 2025 तक चलेगा। इसमें शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से ग्रामीण जनों को अवगत कराया जाएगा तथा हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें सभी पंचायतों को क्रियाशील बनाना है। वीसी में उज्जैन कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने बताया कि




मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप जिले की 589 ग्राम पंचायतों में निरंतर कैंप लगाए जा रहे हैं। दक्षिण विधान सभा की सभी पंचायतों में वीडियो कॉन्फ्रेंस की सुविधा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लैकोड़ा ग्राम पंचायत, तालोद ग्राम पंचायत के सरपंच से चर्चा की। बताया गया कि तालोद में फतेहाबाद तक की सड़क का निर्माण हो चुका है। मुख्यमंत्री ने वीसी में कहा कि सरपंच ग्राम पंचायतों में निरंतर भ्रमण करें। हितग्राहियों से चर्चा करें और उनकी समस्याओं को सुनकर समय सीमा में उनका समाधान करें। वीसी में जानकारी दी गई की ग्राम पंचायतों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने का कार्य भी प्रारंभ हो चुका है। मुख्यमंत्री ने ग्राम टंकारियापंथ के सरपंच और पटवारी से चर्चा की। ग्राम पंचायत उमरिया खालसा में जैन मुनियों के लिए अतिथि कक्ष भी बनवा दिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी ग्राम पंचायतों में अतिथि कक्ष बनवाया जाए। वर्तमान में जो वेब सीरीज बनाई जा रही है उनमें उज्जैन की ग्राम पंचायतों में भी शूटिंग के लिए की जाए। ग्राम पंचायत करोहन के सरपंच से चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचकोशी यात्रा मार्ग में आने वाली सभी ग्राम पंचायतों को पंचकोशी राशि दिलवाई जाए। मुख्यमंत्री ने वीसी में कहा की सभी पटवारियों को याद रहना चाहिए कि उनके पटवारी हल्के की ग्राम पंचायतों में बंजर भूमि, रकबे की जमीन, आबादी की जमीन कितनी है? उन्होंने निर्देशित किया कि ग्राम पंचायत में स्थित शासकीय जमीन का रिकॉर्ड निकाला जाए तथा वहां भविष्य को ध्यान में रखते हुए क्या विकास के कार्य किया जा सकते हैं, इस पर परियोजनाएं बनाई जाएं। सभी ग्राम पंचायतों में बेरोजगार पुरुष और महिलाओं की सूची बनाई जाए। कितने लोग पढ़े लिखे हैं, कितने अनपढ़ हैं, वहां पर थानों की क्या स्थिति है।

# 3050 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड फिंगरप्रिंट स्कैनर पर नहीं आने के कारण अधर में लटके

**मुरादाबाद। एजेंसी**

मुरादाबाद जनपद में 3050 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड फिंगरप्रिंट स्कैनर पर नहीं आने के कारण बन नहीं पाए हैं। जिले में 70 वर्ष से अधिक के 50,000 बुजुर्ग हैं जिनकी आयुष्मान कार्ड बनने की प्रक्रिया 24 नवंबर से प्रारंभ हो गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि फिंगरप्रिंट स्कैनर पर नहीं आने की जैसी तकनीकी समस्याओं का हल निकालने के लिए शासन को पत्र लिखेंगे, जिससे सभी को लाभ मिल सके। 70 से अधिक उम्र वाले बुजुर्गों को आयुष्मान कार्ड पांच लाख रुपये तक की निःशुल्क चिकित्सा सुविधा मिलेगी। जिले में लगभग 47000 बुजुर्गों के एप्लाई हो गए है और करीब तीन हजार बुजुर्गों का आयुष्मान कार्ड सिर्फ इसलिए नहीं बन पा रहा है, क्योंकि उनके फिंगर प्रिंट स्कैनर पर नहीं आ रहे हैं। उम्र अधिक होने के कारण यह समस्या आ रही है, जिसका स्वास्थ्य विभाग या जन सेवा केंद्र संचालकों के पास कोई समाधान नहीं है। ऐसे में निशुल्क चिकित्सा की आस में कार्ड बनवाने पहुंच रहे बुजुर्गों को निराश होकर लौटना पड़ रहा है। आंखों को



स्कैन कर आधार से मिलान करने के बाद कार्ड बनाने की चर्चा विभाग में है, लेकिन ऐसी कोई पहल अब तक नहीं हुई है। अधिकारियों का कहना है कि सरकार की ओर से पोर्टल पर कोई अधिकृत सूची नहीं आई है। आधार कार्ड व अन्य पहचान पत्रों के मुताबिक जिनकी आयु 70 वर्ष से अधिक है, उनका आवेदन किया जा रहा है।

वहीं वोटर लिस्ट के आधार पर 50 हजार बुजुर्ग इस दायरे में आते हैं। कई बुजुर्ग ऐसे भी हैं जिनकी आयु आधार कार्ड के मुताबिक 70 वर्ष से अधिक है, लेकिन उनका आवेदन नहीं हो पा रहा है। इसमें भी स्वास्थ्य विभाग कुछ नहीं कर पा रहा है। जिन बजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बन जाएंगे, उन्हें अन्य कार्डधारकों की तरह ही जिले के 87 निजी व 29 सरकारी अस्पतालों में निशुल्क चिकित्सा का लाभ मिलेगा।

# एफबीआई निदेशक क्रिस्टोफर रे ने की पद छोड़ने की घोषणा

**वॉशिंगटन। एजेंसी**

एफबीआई निदेशक क्रिस्टोफर रे ने पद छोड़ने की घोषणा करते हुए कहा है कि वे बाइडन का कार्यकाल खत्म होने के बाद जनवरी में अपना पद छोड़ देंगे। क्रिस्टोफर रे की यह घोषणा नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की उस घोषणा के एक सप्ताह के बाद आया है, जिसमें ट्रम्प ने काश पटेल को एफबीआई का नया निदेशक बनाने का एलान किया था।

बुधवार को एफबीआई मुख्यालय में आयोजित बैठक में क्रिस्टोफर ने पद छोड़ने की घोषणा करते हुए कहा कि 'पद छोड़ने का निर्णय उनके लिए आसान नहीं था। मुझे इस जगह से प्यार है और मुझे अपने काम से भी प्यार है लेकिन मेरा फोकस हमेशा इस बात पर रहा है कि एफबीआई के लिए क्या सही है।' रे के इस्तीफे की घोषणा



के तुरंत बाद ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर पोस्ट साझा करते हुए इसे अमेरिका के लिए एक अच्छा दिन बताया और कहा कि इससे अमेरिका के 'अन्याय विभाग' का शस्त्रीकरण बंद होगा। उन्होंने कहा कि अब हम सभी अमेरिकियों के लिए कानून का शासन बहाल करेंगे। ट्रम्प ने कहा कि रे के नेतृत्व में एफबीआई ने ₹बिना किसी कारण के मेरे घर पर अवैध रूप से छापा मारा और मुझ पर अवैध रूप से महाभियोग चलाने व मुझे दोषी ठहराने का काम किया।

# नेपाल ने विवादित चीनी धर्मगुरू पंचेन लामा की यात्रा की अनुमति रद्द की

**काठमांडू। एजेंसी**

चीन की तरफ से दलाई लामा के उत्तराधिकारी के रूप में घोषित पंचेन लामा की शुक्रवार को होने वाली नेपाल यात्रा की अनुमति रद्द कर दी गई है। चीन समर्थित पंचेन लामा के नेपाल आने की जानकारी लीक होने के बाद काठमांडू के कई राजनयिक ने इसका विरोध किया था। बीजिंग, पंचेन लामा को दलाई लामा का उत्तराधिकारी घोषित करना चाहता है लेकिन अमेरिका, यूरोप सहित अन्य पश्चिमी देशों के साथ-साथ निर्वासन में रहे तिब्बती शरणार्थी चीन की कोशिशों का कड़ा विरोध कर रहे हैं।

लुंबिनी में आयोजित बुद्धिज्म कांफ्रेंस में शामिल होने के लिए शुक्रवार को पंचेन लामा के चार्टर्ड विमान से चीन के छंगदू होते हुए काठमांडू आने की योजना थी।



बताया जा रहा था कि छंगदू से सीधे भैरहवा अंतरराष्ट्रीय विमानस्थल पर आने के लिए चीनी दूतावास द्वारा नेपाल के विदेश मंत्रालय और नागरिक उड्डयन मंत्रालय में अर्जी दी गयी थी। पंचेन लामा के नेपाल आने को लेकर दबाव के बीच सरकार ने उनकी यात्रा की अनुमति को रद्द करने का निर्णय लिया है।

बुधवार को पंचेन लामा के नेपाल आने की खबर विभिन्न मीडिया में आने के बाद से ही नेपाल के विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय पर यह दबाव बनाया जा रहा था कि लामा के नेपाल भ्रमण से कई देशों के साथ संबंध पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। विदेश मंत्रालय के सचिव अमृत राई ने बताया कि पंचेन लामा के नेपाल भ्रमण को लेकर उनके पास कोई जानकारी नहीं थी इसलिए उन्होंने पत्र लिख कर इस मामले में गृह मंत्रालय और पर्यटन तथा संस्कृति मंत्रालय से जवाब तलब किया है। हालांकि गृह मंत्री रमेश लेखक ने इस बारे में अनभिज्ञता जाहिर की। उन्होंने कहा कि वो पिछले कई दिनों से काठमांडू से बाहर हैं और उनकी जानकारी में पंचेन लामा के नेपाल भ्रमण की अनुमति देने को लेकर कोई जानकारी नहीं है। लेकिन जानकारों का कहना है कि बिना गृह मंत्रालय के अनुमति के उनकी यात्रा का तय होना असंभव है।

### यमुना एक्सप्रेस-वे पर दुर्घटना से एक महिला दरोगा की मौत

**मथुरा।** थाना मांट क्षेत्र अंतर्गत बीती रात यमुना एक्सप्रेस-वे पर स्लीपर बस ने आगे चल रही कार को रौंद दिया। कार में सवार महिला दरोगा की मौत हो गई। वहीं पति सहित तीन अन्य घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल पति अन्य घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। बीती रात यमुना एक्सप्रेस-वे पर थाना मांट क्षेत्र में माइल स्टोन-100 पर नोएडा से प्रयागराज जा रही स्लीपर बस ने आगे चल रही स्विफ्ट कार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार रोविन पुत्र वशिष्ठ नारायण निवासी 6/71 नेहरू नगर दिल्ली घायल हो गए। उनकी पत्नी नेहा शुक्ला की मौके पर मौत हो गई। नेहा शुक्ला उत्तर प्रदेश पुलिस में उप निरीक्षक के पद पर थाना नैनी प्रयागराज में तैनात थीं। इस हादसे में बस परिचालक अंकुश शुक्ला और राहुल पुत्र संजय निवासी ग्राम जसापुर थाना सिउली कानपुर देहात घायल हुए हैं। उन दोनों को भी उचपार के लिए सीएचसी मांट में भर्ती कराया गया है।

### एक किलो 200 ग्राम चरस के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**कुल्लू।** थाना भुंतर के अंतर्गत पुलिस ने चरस तस्करी के आरोप में नेपाली मूल के युवक को गिरफ्तार किया है। चरस तस्करी का यह मामला वीरवार सुबह सवेरे उस दौरान सामने आया जब पुलिस फोरलेन के समीप गश्त पर थी। इस दौरान भुइन रेन शेल्टर के समीप एक व्यक्ति पुलिस को देखकर छुपने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर उस व्यक्ति को दबोच लिया तो उसके कब्जे से एक किलो 200 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने चरस की खेप को कब्जे में लेकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कार्तिकेयन ने बताया कि पुलिस ने आरोपी तिलक (21 ) पुत्र रामू मगर निवासी गांव गोमूखी तहसील खलगां जिला प्यूथान (नेपाल) जोकि अस्थाई तौर पर गांव चोज डाकघर कसोल तहसील जरी जिला कुल्लू में रहता है।

## संत परंपरा से हटकर धनार्जन करने वालों के खिलाफ पाबंदी आवश्यक : रविन्द्र पुरी

**प्रयागराज। एजेंसी**

फर्जी संतों के खिलाफ पाबंदी लगनी चाहिए। दान में मिलने वाले धन का उपयोग सार्वजनिक एवं जनकल्याण के कार्यों में खर्च होने चाहिए। यह बात गुरुवार को अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी महाराज ने कही। उन्होंने कहा कि संतों की परम्परा अलग होती है। किसी भी संत का परिवार से कोई संबंध नहीं होता है।

सभी अखाड़ों में यही परम्परा चली आ रही है। चाहे वह शैव सम्प्रदाय, वैष्णव सम्प्रदाय और उदासी सम्प्रदाय हो, अखाड़ों में इसी परम्परा के आधार पर यदि पद रहते हुए परिवार से सम्पर्क बनाया तो उसे पदमुक्त कर दिया जाता है। उन्होंने बताया कि दान में मिलने वाले धन का उपयोग जनकल्याण और सार्वजनिक



कार्यों में किया जाना चाहिए। दान के पैसे का प्रयोग अपने पत्नी एवं बच्चों को पालने के लिए नहीं करना चाहिए। संत बनने से पूर्व उज्यहवन संस्कार होता है। इसका अर्थ है कि जीते जी अपना और अपने परिवार का पिंड दान करना। यह संस्कार करने के बाद उस संत का संबंध परिवार से पूरी तरह से समाप्त हो जाता है। इसके बाद से वह जनकल्याण एवं सनातन धर्म के लिए कार्य करता है। वर्तमान में ऐसी स्थिति हो गई है कि लोग परिवार के भरण-पोषण के लिए छोटे छोटे बच्चों को प्रवचन करा रहे हैं।

# हरियाणा पहला प्रदेश जहां 24 फसलों पर मिलती है एमएसपी : देवेंद्र अत्री

**जींद। एजेंसी**

भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने गुरूवार को पीडबल्यूडी रेस्ट हाउस में जनसमस्या समाधान शिविर का आयोजन किया। आने वाले लोगों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने कहा कि हार के कारण कांग्रेस बौखला गई है। हमने पहले भी कहा है कि पीने का स्वच्छ जल सबको मिले हमारा लक्ष्य है और कुछ समय पहले 17 करोड़ 17 लाख रुपये से अमृत 2.0 योजना का शुभारंभ किया था। जिससे शहर के लोगों को स्वच्छ जल मिलेगा। भारतीय जनता पार्टी जो भी वादे करती है, वह वादे पूरे भी करती है। इसी प्रकार से मुख्यमंत्री



ने जो शपथ ग्रहण से पहले 25 हजार नौकरियां देने का वादा किया था, वह वादा शपथ लेने से पहले पूरा किया।

भारतीय जनता पार्टी के जो भी घोषणा पत्र होता है, वह एक प्रकार से भगवान का रूप होता है और हम उसको पूरा करने की हर संभव कोशिश करते हैं। इसी प्रकार से हमने पीने के पानी व खेतों में पानी के लिए वादे किए थे उन वादों को 100 प्रतिशत पूरा किया जाएगा और हर घर तक स्वच्छ जल पहुंचेगा। प्रधानमंत्रीनरेंद्र मोदी से पानीपत रैली में मुलाकात पर बोलते हुए विधायक ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री ऐसे हैं कि उनका लोहा पूरे देश में ही नही बल्कि पूरे विश्व माना जाता है और जब प्रधानमंत्री के सामने खड़ा था तब बड़ा फकर हुआ। फकर इस बात का भी है कि मैं एक साधारण परिवार से हूं।

# लखनवाला की लक्ष्मी महिलाओं के लिए बनीं नई उम्मीद की किरण

● गांव की अन्य महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनने का रास्ता दिखाया है

**देहरादून। एजेंसी**

उत्तराखंड की राजधानी देहरादून के विकासनगर ब्लॉक की ग्राम पंचायत लखनवाला की लक्ष्मी देवी ने अपने दृढ़ संकल्प और मेहनत से खुद को आर्थिक सशक्तिकरण का प्रतीक बना लिया है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत गठित राधा स्वयं सहायता समूह की यह सदस्य आज गांव की लक्ष्मी₹ के नाम से जानी जाती हैं। उनकी पहल ने न केवल उनकी जिंदगी बदली है, बल्कि गांव की



अन्य महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनने का रास्ता दिखाया है।

**लक्ष्मी की शुरूआत :** जब सपनों को मिला आधारलक्ष्मी देवी का सफर आसान नहीं था। घरेलू जिम्मेदारियों और सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपने परिवार और समाज के लिए कुछ बेहतर करने की ठानी। एनआरएलएम के तहत बीसी (बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट) सखी का प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद उन्होंने बैंक से क्रेडिट कार्ड लिमिट (सीसीएल) के तहत धनराशि ली और अपने गांव में एक कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) की स्थापना की। लक्ष्मी कहती हैं कि गांव में रहते हुए मैंने कभी सोचा नहीं था कि मैं कुछ ऐसा कर पाऊंगी। लेकिन राधा स्वयं सहायता समूह से जुड़ने के बाद मुझे अपनी क्षमताओं पर विश्वास हुआ।

सीएससी केंद्र से ग्रामीणों को राहतलक्ष्मी देवी के सीएससी केंद्र ने गांव में एक नई सुविधा प्रदान की है। अब ग्रामीण बैंकिंग सेवाओं, पेंशन योजनाओं, बिजली बिल भुगतान, पैन कार्ड आवेदन और सरकारी योजनाओं के लाभ के लिए शहर जाने की परेशानी से बच गए हैं। गांव के बुजुर्ग रामप्रसाद ने बताया कि पहले हमें बैंकिंग सेवाओं के लिए 15-20 किलोमीटर दूर जाना पड़ता था। लक्ष्मी देवी ने हमारे जीवन को आसान बना दिया है। अब हमें जरूरी काम के लिए अपने गांव से बाहर नहीं जाना पड़ता। महिलाओं के लिए प्रेरणा बनीं लक्ष्मीलक्ष्मी देवी की इस सफलता ने गांव की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रेरित किया है।

आज कई महिलाएं लक्ष्मी के साथ जुड़कर प्रशिक्षण ले रही हैं। वे भी सीएससी केंद्र के माध्यम से अपनी खुद की पहचान बनाने के सपने देख रही हैं। राधा स्वयं सहायता समूह की एक अन्य सदस्य निर्मला ने कहा कि लक्ष्मी दीदी ने हमें दिखा दिया कि अगर हम ठान लें, तो कुछ भी असंभव नहीं है। अब हम भी अपने परिवार को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में काम कर रही हैं।

समारोह में लक्ष्मी को सम्मानलक्ष्मी देवी की इस प्रेरणादायक पहल को विकासनगर के अधिकारियों ने भी सराहा। उनके सीएससी केंद्र के उद्घाटन के मौके पर योगेंद्र (राज्य समन्वयक, इन्टीग्रा माइक्रो सिस्टम), ब्लॉक मिशन प्रबंधक मंदीप सिंह, क्षेत्र समन्वयक रमन और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। योगेंद्र ने कहा कि लक्ष्मी देवी ने न केवल अपने परिवार को आर्थिक मजबूती दी है, बल्कि पूरे गांव के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। उनकी यह पहल अन्य ग्रामीण क्षेत्रों के लिए भी प्रेरणादायक है।

**लक्ष्मी का सपना :** हर महिला बने आत्मनिर्भरलक्ष्मी देवी का सपना है कि हर महिला आत्मनिर्भर बने। उनका कहना है कि मेरे गांव की महिलाएं बहुत मेहनती हैं। मैं चाहती हूं कि वे भी अपने पैरों पर खड़ी हों और अपने परिवार को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करें।

## सत्ता-वियोग में तड़पते लोग अनर्गल प्रलाप व नकारात्मक राजनीति कर रहे : केशव

**लखनऊ। एजेंसी**

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन की तीखी आलोचना की है। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठजोड़ की देश विरोधी राजनीति अब इतिहास के पन्नों में दर्ज होगी। अब सत्ता-वियोग में तड़पते ये लोग अनर्गल प्रलाप और नकारात्मक राजनीति कर रहे हैं। उप मुख्यमंत्री ने एक्स पर लिखा कि 2024 लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशवासियों ने भाजपा पर तीसरी बार भरोसा जताया। कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने सत्ता की लालसा में देश के दुश्मनों से हाथ मिलाकर झूठ और अफवाहों का



जाल बिछाया लेकिन भारत के जागरूक नागरिकों ने उनके मंसूबों को धराशायी कर दिया।

केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि लोकसभा और राज्यसभा में कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन की पोल खुलने लगी तो अब संसद को ठप करने का खेल खेल रहे हैं। ध्यान भटकाने के लिए राज्यसभा के सभापति के खिलाफ विश्वास प्रस्ताव लाया गया।

